* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

30 सितंबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 340

युद्ध के बीच भारत आना चाहते हैं यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की, एनएसए स्तर पर चल रही बात






बड़ा प्लान ला रहे हैं राज्यपाल और मुख्यमंत्री

## राज्य में नक्सलवाद जड़ से होगा खत्म

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य से नक्सल को जड़ से खत्म करने की बात कही है। राज्यपाल ने ट्वीट कर कहा है कि सीएम हेमंत सोरेन और मैं लगातार एक-दूसरे से इस बारे में सलाह-मशविरा कर रहे हैं। राज्य से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए जल्द ही एक बड़ा प्लान लाया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि हमें यकीन है जल्द ही झारखंड से नक्सलवाद को जड़ से खत्म कर दिया जायेगा। दरअसल, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम हेमंत सोरेन और अन्य अधिकारी शुक्रवार को धुर्वा स्थित सीआरपीएफ कैंप परिसर में सीआरपीएफ कोबरा बटालियन-209 के शहीद जवान को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। इसी दौरान महामहिम ने ये बातें कहीं। शहीद जवान राजेश कुमार के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के बाद राज्यपाल राधाकृष्णन भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल भी पहुंचे। वहां उन्होंने चाइबासा के टोंटा क्षेत्र में हुए आइइडी ब्लास्ट में 209 कोबरा बटालियन के घायल इंस्पेक्टर भूपेंद्र कुमार से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम बना कानून

# महिला आरक्षण बिल राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

**सरकार ने गजट अधिसूचना जारी की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) अब कानून बन गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को इस पर दस्तखत कर दिये। इसके साथ ही सरकार ने गजट अधिसूचना भी जारी कर दी है। अब इस बिल के कानून बन जाने से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जायेंगी। हालांकि, आरक्षण नयी जनगणना और परिसीमन के बाद लागू किया जायेगा। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया था। 20 सितंबर को लोकसभा में बिल पर चर्चा के बाद पर्ची से हुई वोटिंग में बिल पास हो गया। समर्थन में 454 और विरोध में दो वोट पड़े। इसके बाद बिल पर राज्यसभा में 21 सितंबर को चर्चा हुई। यहां बिल सर्वसम्मति से पास हो गया। इसके बाद बिल को राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा गया था। अब ये बिल विधानसभाओं में भेजा जायेगा। इसे लागू होने के लिए देश की 50 फीसदी विधानसभाओं में पास होना जरूरी है।

सीएम ने की उच्च स्तरीय बैठक

# मानव तस्करी गंभीर समस्या : हेमंत सोरेन

**एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, साइबर, एसटी-एसी और महिला थानों के लिए एक कॉमन भवन बनाने का निर्देश**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) राज्य में एक गंभीर समस्या बन रही है। इसकी रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभाग, एनजीओ तथा सामाजिक संस्थाओं को बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्य योजना बनाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) पर रोक लगाने के संबंध में पुलिस विभाग तथा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में बोल रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह समेत संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद थे।

**लंबित मामलों की निरंतर समीक्षा करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के 24 जिलों में एक कंबाइंड बिल्डिंग बनायी जाये, जहां एसटी/एससी थाना, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना, साइबर थाना एवं महिला थाना 24*7 कार्यरत हो सके। संबंधित विभाग कंबाइंड भवन का डीपीआर तैयार कर अग्रतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। हेमंत सोरेन ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग से संबंधित पुराने और लंबित मामलो की निरंतर समीक्षा करते हुए निष्पादित करें। मानव तस्करी में शामिल लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। बच्चों को बाल श्रम की ओर धकेलने वाले दलालों के खिलाफ कड़ी तथा प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे श्रमिक, जो घरेलू कार्यों के लिए दूसरे राज्यों में जाते हैं, उनका डाटा और पुलिस वेरीफिकेशन सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें शारीरिक, आर्थिक तथा मानसिक शोषण से बचाया जा सके। हेल्प डेस्क तथा कॉल सेंटर बनाये गये हैं, उन्हें पूर्ण रूप से सक्रिय करें और निरंतर समीक्षा की जाये।

**श्रमिकों के हित के लिए बेहतर कार्य योजना बनायें:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के वैसे प्रवासी श्रमिक अथवा मजदूर, जो रोजगार के लिए दूसरे राज्य में पलायन करते हैं, उनके हित के लिए एक बेहतर कार्य योजना बनायें। एक ऐसा मेकैनिज्म तैयार करें, जिसमें राज्य सरकार की ओर से उन श्रमिकों को इंसेंटिव मिले तथा उनका सारा डाटा राज्य सरकार के पास सुरक्षित रह सके।




आजसू पार्टी का तीन दिवसीय राष्ट्रीय महाधिवेशन शुरू

## झारखंड का सपना अभी पूरा नहीं हुआ है: सुदेश

सुनील कुमार सिंह



**रांची (आजाद सिपाही)।** आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का सपना जिस बुनियाद पर रखा गया था, वह कहीं न कहीं पूरा नहीं हुआ है। लंबे संघर्ष और रक्त रंजित आंदोलनों से गुजर कर हम सबने अपना एक अलग झारखंड राज्य पाया। सन 2000 में झारखंड के जन्मोत्सव पर खूब जश्न मना। ढोल और नगाड़ों की आवाज से गांव से लेकर जंगल-पहाड़ तक झूम उठे। उस समय लोगों का उत्साह चरम पर था। वे अपनी आंखों में विश्वास और सपनों का उदय होते हुए देख रहे थे। उस समय उन सपनों को राजनीतिक प्लेटफार्म पर कार्य रूप देना था। प्रदेश आगे बढ़ता गया। जनमत के आधार पर कई सरकारें आयीं, सरकारें बनीं, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया लोगों का अरमान-आकांक्षा और आंदोलन के औचित्य का विचार कमजोर पड़ता गया। सुदेश पार्टी के तीन दिवसीय राष्ट्रीय महाधिवेशन के शुभारंभ पर बोल रहे थे।

### सेना हॉवित्जर तोप खरीदेगी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। आर्मी ने रक्षा मंत्रालय को 400 हॉवित्जर तोप खरीदने का प्रस्ताव भेजा है। इस पर 6 हजार 500 करोड़ रुपये का खर्च आयेगा। पूरी तरह से स्वदेशी इन तोपों का निर्माण डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) ने किया है।**

### पाक में फिदायीन हमले

**इस्लामाबाद। पाकिस्तान में शुक्रवार को दो जगहों पर दो धमाके हुए। पहला धमाका बलूचिस्तान के मस्तुंग शहर में एक मस्जिद के पास हुआ। ये आत्मघाती हमला था। इसमें एक डीएसपी समेत 55 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 50 लोग घायल हुए हैं। हमले के वक्त लोग ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के जुलूस के लिए इकट्ठा हो रहे थे।**



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 54,500 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड में अपराधी मस्त जनता भयभीत: बाबूलाल

## सभी परिवारवादी, भ्रष्टाचारी एक हो रहे, देश और राज्य को बचाने के लिए जनता को एकजुट होना होगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को बोकारो की संकल्प सभा में हेमंत सरकार पर जम कर हमला बोला। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य में अपराध, भ्रष्टाचार का बोलबाला है। विधि व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। कहा कि राज्य में प्रतिदिन चोरी, डकैती, अपहरण, फिरौती की घटनाएं हो रहीं। प्रतिदिन पांच हत्या और बलात्कार का रिकॉर्ड हेमंत सरकार के नाम दर्ज है। बहन बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं। बलात्कार की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। बहन बेटियों को टुकड़ों में काट कर अपराधी फेंक दे रहे, घर में भी बेटियों को पेट्रोल छिड़क कर जला दिया जा रहा। राज्य में बीते छह महीनों में 23 व्यवसायियों की हत्या हुई है, जिसमे नौ लोगों ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार की थी। कहा कि झारखंड में अपराधी मस्त हैं और जनता भयभीत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व्यवसायी की हत्या के जिम्मेवार पुलिस पदाधिकारियों पर एसआइटी गठित कर जांच करें या सीबीआइ जांच की अनुशंसा करें। कहा कि हेमंत सरकार ऐसा नहीं करती है तो 2024 में भाजपा सरकार जांच करा कर दोषियों को सजा दिलायेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस का काम है अपराधियों को पकड़ना, जेल में डालना, लेकिन आज पुलिस नदी किनारे बालू के ट्रैक्टर को पकड़ कर वसूली में लगी है। कहा कि राज्य में ब्लॉक, थाना, जिला प्रशासन में भ्रष्टाचार व्याप्त है। राशनकार्ड, आवासीय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाण पत्र और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए पैसे लिये जा रहे। पदाधिकारी बोलते हैं देकर आये हैं तो लेंगे ही। कहा कि राज्य में गरीब अनाज के लिए तरस रहे हैं और हेमंत सोरेन गरीबों का अनाज लूट कर अपनी तिजोरी भरने में लगी है। उन्होंने कहा कि बालू, पत्थर, कोयला, लोहा सभी की लूट मची है। मुख्यमंत्री और उनका परिवार गरीबों और आदिवासियों की जमीन ले रहा। कहा कि हेमंत सोरेन ने किसी और की जमीन नहीं ली, बल्कि हो, उरांव, मुंडा, संथाल सभी आदिवासियों की ही जमीन ली। कहा कि महाजनों का विरोध करते करते शिबू सोरेन परिवार राज्य का सबसे बड़ा महाजन बन बैठा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के चार वर्ष पूरे होनेवाले हैं लेकिन अभी तक नियुक्ति वर्ष नहीं आया। विधानसभा में भी हेमंत सोरेन ने झूठ बोला। आज विद्यालय में शिक्षक नहीं, अस्पताल में डॉक्टर्स नहीं, नर्स नहीं, दवाई नहीं। राज्य में हजारों पद खाली हैं, लेकिन हेमंत सरकार युवाओं को रोजगार के नाम पर बरगला रही। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को राज्य के विकास की चिंता नहीं। ये परिवार और पैसे की राजनीति करते हैं। इन्हे गरीबों को भूख से बचाने की चिंता नहीं है। इन्हें दलालों, बिचौलियों को बचाने की चिंता है। करोड़ों रुपये खर्च कर हाइकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट दौड़ लगा रहे। इडी पूछताछ नहीं करे, इसकी पैरवी कर रहे। उन्होंने कहा कि कहते थे शिबू सोरेन का बेटा हूं डरता नहीं, फिर क्यों इडी से भाग रहे। कोई गलती नहीं की तो पूछताछ से क्यों भाग रहे। उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य भाजपा नीत सरकार की देन है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विकास ही विकास है, जबकि कांग्रेस झामुमो राजद की सरकारों में केवल लूट, भ्रष्टाचार, अपराध है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जैसे जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कारवाई तेज हो रही, वैसे वैसे परिवारवादी और भ्रष्टाचारी मोदी जी के खिलाफ एकजुट हो रहे। संकल्प सभा में सांसद पीएन सिंह, विधायक बिरंची नारायण, भारत यादव, गणेश मिश्र, रोहित लाल सिंह, कुमार अमित सिंह आदि उपस्थित थे।

### हाइकोर्ट ने रांची और जमशेदपुर में 45 दिनों में रिक्त पदों को भरने का दिया निर्देश

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी) और राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव कृपानंद झा कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि रांची और जमशेदपुर में एक-एक अतिरिक्त जेजे बोर्ड के गठन को कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। राज्यपाल से भी इसकी अनुमति मिल गयी है। राज्य सरकार ने रांची और जमशेदपुर में अतिरिक्त जेजे बोर्ड अधिसूचना जारी कर दी है। इस पर कोर्ट ने सरकार को 45 दिनों के भीतर इन दोनों जगह में गठित किये जाने वाले अतिरिक्त जेजे बोर्ड के रिक्त पदों पर नियुक्ति करने का निर्देश दिया है। इसके साथ कोर्ट ने राज्य के छह जिलों में चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) के चेयरमैन और मेंबर के रिक्त पदों को भी भरने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अपनी मौखिक टिप्पणी में कहा कि अभी दुर्गा पूजा आ रहा है, तो ऐसे में रामगढ़ के रजरप्पा में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ आयेगी। मेले में कई बच्चे गुम हो जाते हैं, ऐसे में चाइल्ड वेलफेयर कमिटी बच्चों की गुमशुदगी के मामलों पर निगरानी रखे। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। मामले में एमिकस क्यूरी अधिवक्ता अनूप कुमार अग्रवाल ने पक्ष रखा। बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की।

# पूर्व मंत्री एनोस एक्का पर हमले की कोशिश

पूर्व विधायक ने एसपी से की शिकायत कहा, राजनीतिक साजिश के तहत हुआ हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने पाकरटांड थाना क्षेत्र के कोबांग बेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में जानलेवा हमले की कोशिश का आरोप लगाया गया है। पूर्व मंत्री एनोस एक्का गुरुवार को अपने गृह प्रखंड पाकरटांड के कोबांग बेड़ा में आयोजित खेल कार्यक्रम में शामिल होने गये थे।

**किन लोगों पर लगा आरोप :** जब ये भाषण दे रहे थे, उस वक्त इनके ऊपर लव साहू, कुश साहू, बिहारी साहू और बहादूर साहू नामक लोगों ने गाली गलौज करते हुए लोगों के साथ धक्का मुक्की करते हुए एनोस एक्का पर जानलेवा हमला किया और इन्हें भद्दी-भद्दी गालियां भी दीं। उनके बॉडी गार्ड उन्हें बचाते हुए वाहन तक लाये और उन्हें वहां से लेकर तुरंत निकल गये।

**पूर्व विधायक बोले राजनीतिक साजिश :** अपने ऊपर हुए हमले की कोशिश से एनोस ने नाराजगी जतायी है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने उन पर हमले की कोशिश की है वे कांग्रेस पार्टी के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि उन पर हमला पीछे किसी बड़े नेता की शह पर हुआ है। उन्होंने कहा कि उनकी लोकप्रियता से डर कर अब लोग इस तरह की घिनौनी हरकत करने पर उतारू हो गये हैं। अपने ऊपर हमले के प्रयास के बारे से एसपी से बात कर कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने इनकी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी को कई निर्देश दिये। इसके बाद थाना प्रभारी ने वहां कुछ लोगों को उठा कर पूछताछ शुरू कर दी है। पूरे मामले में एनोस एक्का पुलिस को लिखित आवेदन दे रहे हैं।



### क्या बोले एसपी

एसपी कुमार सौरभ ने कहा कि पूर्व मंत्री एनोस एक्का खेल कार्यक्रम में भाग लेने गये थे। एसपी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह बात सामने आयी है कि जब वह कार्यक्रम में शामिल हो रहे थे, इसी दौरान कुछ लोग एनोस एक्का के खिलाफ में नारेबाजी करने लगे थे। एसपी ने कहा कि मामले की जांच का जिम्मा सिमडेगा सर्किल के इंस्पेक्टर को दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद पुलिस अग्रेतर कार्रवाई करेगी।

# कांग्रेस आजकल विदेशी ताकतों के इशारे पर चलती दिख रही है : भाजपा

हजारों वर्षों से अपनी पारंपरिक रीति रिवाज को कायम रखनेवाले आदिवासियों के प्रति कांग्रेस उदासीन क्यों?: प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व से जानना चाहा कि क्या उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड के कद्दावर आदिवासी नेता बाबा कार्तिक उरांव के आदर्शों और विचारों को विदेशी ताकतों के इशारे पर दफन कर दिया है। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि वह बाबा कार्तिक और उनके विचारों से इतर क्यों अपने मत व्यक्त कर रही है? 1967 में बाबा कार्तिक उरांव ने लोकसभा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आदेश संशोधन विधेयक,1967 पेश कर-के धर्मांतरित आदिवासियों को आरक्षण की सुविधा से बाहर करने का प्रस्ताव पेश किया था। खूब बहस के बाद इस पर एक संयुक्त संसदीय कमेटी बनी थी, जिसने 1969 में बाबा कार्तिक उरांव के बिल का समर्थन करते हुए अपना प्रस्ताव पेश किया।

वर्ष 1970 में इंदिरा गांधी के द्वारा इस बिल को दबाने की कोशिश के विरोध में 348 से ज्यादा सांसदों ने इंदिरा गांधी को पत्र लिख कर इस बिल को पेश करने को कहा। तब लोकसभा में फिर से यह पेश हुआ। वोटिंग के दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अपने सांसदों को निर्देश जारी करके संयुक्त संसदीय समिति के प्रस्ताव के खिलाफ वोट करने का निर्देश दिया था। उसके बाद यह बिल ठंडे बस्ती में डाल दिया गया। प्रतुल ने कहा बाबा कार्तिक ने विस्तार से सारी बातों का उल्लेख अपनी पुस्तक ' 20 साल की काली रात' में किया है। आधुनिक युग के कांग्रेसियों को इस पुस्तक को पढ़कर देखना चाहिए। बाबा कार्तिक उरांव के विचारों को इन आधुनिक कांग्रेसियों ने विदेशी ताकतों के इशारे पर हजारों वर्षों से अपने पारंपरिक रीति रिवाज जिंदा रखने वाले आदिवासियों के हित के प्रति मौन साध लिया है।

# आयकर का बकाया जमा नहीं करने पर बिल्डर की जमीन कुर्क



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी में आयकर का बकाया जमा नहीं करने पर जमीन की कुर्की हुई है। आयकर विभाग ने रांची के नामकुम स्थित ओबरिया गांव में जमीन को कुर्क किया है। प्रेम नगर रोड नंबर- 4 निवासी सूरज लाल के खिलाफ विभाग ने यह कार्रवाई की है। उसने वर्ष 2015-16 और अन्य वर्षों के 2 करोड़ 18 लाख 14 हजार 810 रुपये के कर का भुगतान नहीं किया था, जिस वजह से आयकर विभाग ने उसकी जमीन कुर्क करने की कार्रवाई की। सूरज लाल ने आयकर में अपनी आय का स्रोत बिल्डर दिखाया था।

### जानबूझ कर नोटिसों की अनदेखी का आरोप

विभाग के अनुसार, बकाये कर के भुगतान के लिए डिफॉल्टर सूरज लाल को कई बार नोटिस भेजा गया, लेकिन जानबूझ कर उसने इन नोटिसों की अनदेखी की। अंततः विभाग ने चूककर्ता की भूमि के रूप में अचल संपत्ति प्लॉट संख्या 24, खाता संख्या 35 को कुर्क कर लिया। प्रधान आयकर आयुक्त डॉ प्रभा कांत के निर्देश पर कर वसूली अधिकारी प्रवीण कुमार चौहान, निरीक्षक असबिंद प्रसाद और सहयोगी कर्मचारी राजू शर्मा ने पूरी टीम के साथ कुर्की की प्रक्रिया को उद्घोषणा के साथ पंचों की उपस्थिति में पूरा किया। विभाग के अनुसार सूरज लाल की अन्य संपत्तियों की जांच भी चल रही है।

# छिपादोहर में जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का एरिया कमांडर हथियार के साथ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** जिले के बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहार थाना क्षेत्र से पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर रितेश सिंह को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। इस संबंध में शुक्रवार को छिपादोहार थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहार के नेतृत्व में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी गयी। एसडीपीओ दिलु लोहार ने प्रेस वार्ता में बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक को जानकारी मिली कि क्षेत्र के प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर रितेश सिंह, उम्र 33 वर्ष, पिता स्व सीता राम सिंह अपने घर छिपादोहर आया हुआ है। पुलिस कप्तान की गुप्त सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया।

छापामारी दल द्वारा रितेश सिंह एरिया कमांडर को उसके छिपादोहर स्थित भट्टी मोहल्ला से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से मैगजीन भरा हुआ कारबाइन और 9 एमएम के दो जिंदा कारतूस बरामद किये गये। एसडीपीओ दिलु लोहार ने बताया कि गिरफ्तार एरिया कमांडर पर छिपादोहर में आर्म्स एक्ट 17 सीएल, बरवाडीह थाना समेत अन्य थानों में पांच मामले दर्ज हैं। इस छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, रंजीत कुमार राम, बीरबल हांसदा समेत छिपादोहर के कई जवान शामिल थे।

# चितरंजन को पटना से रांची लाया गया, पेशी के बाद भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र में जमीन कारोबारी अवधेश यादव पर दिनदहाड़े गोली चलवाने के आरोपी चितरंजन कुमार को पटना स्थित बेऊर जेल से रांची लाया गया। पटना पुलिस और रांची पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच चितरंजन को रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की कोर्ट में पेश किया गया, जिसके बाद कोर्ट ने चितरंजन को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया है। चितरंजन एक्साइज एक्ट के मामले में बेऊर जेल में बंद था। उस पर पटना के गांधी मैदान थाना में 30 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। बता दें कि पिछले दिनों कांके थाना क्षेत्र स्थित ब्लॉक चौक के पास जमीन कारोबारी अवधेश यादव को दो अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली मारी थी, जिसके बाद घायल अवधेश के भाई के बयान पर चितरंजन और कृष्णा नायक समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# अवैध खनन केस: इडी के गवाह का बयान दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अवैध खनन से जुड़े मनी लॉड्रिंग के केस में रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। शुक्रवार की सुनवाई के दौरान इडी के गवाह का बयान दर्ज करवाया गया। इडी ने रेलवे के अधिकारी पवन कुमार की गवाही दर्ज करवायी। उन्होंने अपने बयान में कहा कि वह पंकज मिश्रा को नहीं पहचानते। शुरूआत में साहिबगंज से रेल से पत्थर की ढुलाई होती थी, लेकिन उसके लिए कोई चालान नहीं लिया जाता था, लेकिन बाद में रेलवे से ट्रांसपोर्ट होनेवाले पत्थर के लिए चालाना लिया जाने लगा। पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश, दाहू यादव और उसके पिता पशुपति नाथ इस केस में आरोपी हैं। पंकज मिश्रा के अधिवक्ता ने इडी के गवाह का क्रॉस एग्जामिनेशन (प्रतिप्रेक्षण) किया।


### अवैध खनन मामला: पंकज के करीबी टिंकल भगत ने इडी कोर्ट में दायर की जमानत याचिका

रांची (आजाद सिपाही)। साहिबगंज जिले में हुए करोड़ों रुपये के अवैध खनन के जरिये अवैध कमाई करने के आरोपी पत्थर खदान संचालक टिंकल भगत ने इडी कोर्ट में जमानत की गुहार लगायी है। टिंकल ने अपने अधिवक्ता सुधीर कुमार के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है। 7 जुलाई 2023 को इडी ने टिंकल भगत को गिरफ्तार किया था: टिंकल भगत सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का सहयोगी है। अवैध खनन मामले में पिछले वर्ष 29 जुलाई 2022 को टिंकल भगत समेत छह लोगों की खदान की जांच भी की गयी थी, जिसके बाद इडी ने 3 अगस्त 2022 को टिंकल भगत समेत अन्य लोगों से इडी ऑफिस में पूछताछ की थी। बाद में 7 जुलाई 2023 को इडी ने टिंकल भगत को गिरफ्तार किया था।

## राजनीतिक हलचल

# मध्यप्रदेश में मंत्रियों के टिकट कटने से राजनीति गरमायी

## डैमेज कंट्रोल के लिए अमित शाह 1 अक्तूबर को आ रहे हैं



मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपनी दूसरी सूची में सबको चौंका दिया। तीन मंत्रियों समेत सात सांसदों और राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को चुनाव लड़वाने की तैयारी हो चुकी है। अब खबरें आ रही हैं कि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने खराब स्वास्थ्य की वजह से चुनाव न लड़ने का फैसला किया है। हालांकि, अंदरखाने खबर यह भी है कि यशोधरा ही नहीं शिवराज सिंह चौहान की टीम के कुछ और मंत्रियों के टिकट भी अधर में हैं। कुछ मंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतें हैं और कुछ के खिलाफ उनके ही क्षेत्र में नाराजगी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 1 अक्टूबर को भोपाल आ रहे हैं। चुनावी तैयारियों का जायजा लेंगे। साथ ही वरिष्ठ नेताओं के साथ मुलाकात में उनका फोकस डैमेज कंट्रोल पर रहनेवाला है। अब तक पार्टी ने तीन विधायकों के टिकट काटे हैं। सीधी में केदारनाथ शुक्ला, नरसिंहपुर में जालम सिंह और मैहर से नारायण त्रिपाठी को टिकट नहीं दिया गया है। इनमें से शुक्ला और त्रिपाठी ने खुल कर पार्टी के फैसले का विरोध किया है। भाजपा ने जालम सिंह के भाई केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल को उम्मीदवार बनाया है, इस वजह से उनकी प्रतिक्रिया जरूर संयत आयी है। इसी तरह कैलाश विजयवर्गीय को इंदौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 से उम्मीदवार बनाया तो पहले उन्होंने हैरानी जतायी। फिर उनके समर्थक उनके बेटे आकाश विजयवर्गीय का टिकट कटने की आशंका में भोपाल पहुंच गये। इन परिस्थितियों में भाजपा की अगली सूची में जब 40% विधायकों के टिकट कटेंगे तो स्थिति और खराब हो सकती है। अमित शाह के दौरे का फोकस भी डैमेज कंट्रोल का ही रहेगा। वह स्पष्ट शब्दों में कहने वाले हैं कि विरोध को किसी भी हालत में उठने नहीं देना है। जानकारों की माने तो कई मंत्रियों के टिकट कट सकते हैं। कुछ के खिलाफ क्षेत्र की जनता नाराज है। वहीं, कुछ ऐसे मंत्री भी हैं, जिन पर भ्रष्टाचार समेत अन्य आरोप हैं। कुछ मंत्रियों के रिश्तेदार भी टिकट की दौड़ में हैं। एक परिवार एक टिकट के फॉर्मूले के आधार पर मंत्रियों के टिकट काट कर उनके किसी रिश्तेदार को चुनावी मैदान में उतारा जा सकता है। पार्टी को डर सता रहा है कि यदि टिकट कटने के बाद ऐसे मंत्रियों या विधायकों को संतुष्ट नहीं किया गया, तो बागी खेल बिगाड़ सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए शाह का 1अक्टूबर का दौरा अहम माना जा रहा है।

# ठाकुर का कुआं विवाद और राजपूत वोटरों की बिहार में पकड़

राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा ने संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा में प्रसिद्ध कवि ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविता ठाकुर का कुआं क्या पढ़ा, बवाल हो गया। बिहार की राजनीति में एक्टिव ठाकुर यानी राजपूत बिरादरी के नेता चार्ज हो चुके हैं और मनोज झा पर हमलावर भी हैं। बयानों का दौर चालू है। चाहे वे बीजेपी के नेता हों या आरजेडी और जदयू के, सभी मनोज झा पर तीखा हमला बोल रहे हैं। वैसे देखा जाये तो बिहार में 15 फीसदी आबादी सवर्णों की मानी जाती है, जिनमें राजपूत बिरादरी के 5 प्रतिशत वोटर माने जाते हैं। बिहार में सवर्णों की दूसरी बड़ी जाति भूमिहार है, जिनके 6 फीसदी वोटर हैं। ब्राह्मण चार फीसदी और कायस्थ एक फीसदी वोट पर दखल रखते हैं। कायस्थ वोटरों का प्रभाव बिहार की राजधानी पटना और इसके आसपास सीमित है। राजपूत वोटर 8 लोकसभा सीटों पर प्रभावी माने जाते हैं। श्रीकृष्ण सिंह के दौर से ही अनुग्रह नारायण सिंह और सत्येंद्र नारायण सिंह ने औरंगाबाद को राजपूत का सियासी गढ़ बनाया। आरा, वैशाली, छपरा, शिवहर और सहरसा लोकसभा सीटों पर भी राजपूत नेताओं का वर्चस्व रहा। इसके अलावा 40-42 विधानसभा सीटें भी राजपूत बाहुल्य मानी जाती है। 1998 लोकसभा चुनाव के बाद से बिहार में लोकसभा और विधानसभा के कुल आठ चुनाव हुए। इन चुनावों में सवर्णों का वोट एकमुश्त बीजेपी और जेडीयू को मिलता रहा। 2020 के चुनाव के दौरान आरजेडी के खाते में सवर्णों का चार फीसदी वोट ही गया। 2020 में भी 28 राजपूत चुन कर विधानसभा पहुंचे, जिनमें बीजेपी 15, जेडीयू के दो, कांग्रेस के एक और आरजेडी के सात विधायक शामिल हैं। 2024 में राजपूत वोट किधर जायेगा, इसे ठाकुर के कुएं से तय करने की कोशिश जारी है। इस विवाद से मिथिलांचल के पांच ब्राह्मण बाहुल्य जिले सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर में भी जाति के आधार पर सवर्ण वोटों का ध्रुवीकरण हो सकता है। फायदा किसे होगा, यह चुनाव में ही पता चलेगा। फिलहाल आनंद मोहन भी बगावत का झंडा बुलंद कर चुके हैं। उन्होंने मनोज झा को चेतावनी दे डाली है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel Subscribe NOW

**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.8 °c | 23.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.40 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.40 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 30 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# पितृपक्ष शुरू, जानें किस तारीख को कौन सी तिथि का श्राद्ध

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पितृ पक्ष यानी 29 सितंबर से शुरू हो चुका है। पंडित कौशल कुमार मिश्र बताते हैं कि भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन कृष्णपक्ष अमावस्या चलनेवाले पितृपक्ष के दौरान हम अपने पूर्वजों को याद करते हुए तिथि अनुसार उन्हें तर्पण करते हैं।

जिन लोगों को अपने पूर्वजों की तिथि ज्ञात नहीं होती है अथवा किसी कारणवश निश्चित तिथि पर पितरों को तर्पण नहीं कर पाते, वे अमावस्या तिथि को तर्पण कर सकते हैं। उधर, पितृपक्ष पर तर्पण करने के लिए राजधानी रांची से लोगों का गया प्रवास शुरू हो गया है। पौराणिक कथा के अनुसार, गया धाम में पिंडदान करने से 108 कुल और सात पीढ़ियों तक का उद्धार होता है।



## किस तारीख को कौन सी तिथि का श्राद्ध

**30** सितंबर : इस दिन लोग प्रतिपदा का श्राद्ध कर सकेंगे।

**01** अक्टूबर : दोपहर 12:10 बजे तक द्वितीया का श्राद्ध। इसके बाद तृतीया का श्राद्ध होगा।

**02** अक्टूबर: सुबह 10:42 दिन तक तृतीया का श्राद्ध. इसके बाद चतुर्थी का श्राद्ध होगा।

**03** अक्टूबर : सुबह 9:39 बजे तक चतुर्थी का श्राद्ध. इसके बाद पंचमी का श्राद्ध होगा।

**04** अक्टूबर : सुबह 9:04 बजे तक पंचमी का श्राद्ध. इसके बाद षष्ठी का श्राद्ध होगा।

**05** अक्टूबर : सुबह 8:58 तक षष्ठी का श्राद्ध होगा. इसके बाद सप्तमी का श्राद्ध होगा।

**06** अक्टूबर : सुबह 9:25 बजे तक सप्तमी का श्राद्ध. इसके बाद अष्टमी का श्राद्ध होगा।

**07** अक्टूबर : सुबह 10:21 बजे तक अष्टमी का श्राद्ध. इसके बाद नवमी का श्राद्ध होगा।

**08** अक्टूबर : दिन के 11:46 बजे तक नवमी का श्राद्ध. इसके बाद दशमी का श्राद्ध होगा।

**09** अक्टूबर : दोपहर 1:32 बजे तक दशमी का श्राद्ध. इसके बाद एकादशी का श्राद्ध होगा।

**10** अक्टूबर : दोपहर 3:34 बजे तक एकादशी का श्राद्ध।

**11** 11 अक्टूबर : शाम 5.41 बजे तक द्वादशी तिथि का श्राद्ध।

**12** 12 अक्टूबर : त्रयोदशी का श्राद्ध।

**13** 13 अक्टूबर : चतुर्दशी का श्राद्ध।

**14** 14 अक्टूबर : सुबह से लेकर रात 10:54 बजे तक अमावस्या तिथि का श्राद्ध कर सकते हैं।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

- **मेष** – कठिन परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी।
- **वृष** – नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी, किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।
- **मिथुन** – आजीविका की स्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी।
- **कर्क** – धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।
- **सिंह** – क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें चोट-चपेट लगने की आंशका।
- **कन्या** – नौकरी में स्थानांतरण-पदोन्नति होने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।
- **तुला** – परिवार में संतान के विवाहादि मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा। स्वजन-मित्रों का सहयोग।
- **वृश्चिक** – संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी, व्यवसाय की स्थिति में सुधार।
- **धनु** – इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी,मन प्रसन्न रहेगा।
- **मकर** – आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।
- **कुंभ** – स्वास्थ्य बाधा, दिमागी तनाव, इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।
- **मीन** – आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

### राज्यपाल और सीएम ने आइइडी ब्लास्ट में शहीद जवान को दी श्रद्धांजलि

# राजेश कुमार का बलिदान राज्य सदैव याद रखेगा : हेमंत सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शहीद जवान राजेश कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य को नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए हमारे बहादुर जवान राजेश कुमार ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। इनका बलिदान पूरा राज्य सदैव याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलमुक्त झारखंड की मुहिम और मिशन में हमारे कई जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी है।

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि नक्सलमुक्त अभियान का मिशन जरूर कामयाब होगा। हम सभी को अपने पुलिस जवानों पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरगति को प्राप्त हुए शहीद जवान राजेश कुमार के परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि शोकाकुल परिजनों को इस दुःख और विकट परिस्थिति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

सीएम हेमंत सोरेन के श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल सहित पुलिस विभाग के अन्य वरीय अधिकारियों ने भी शहीद कांस्टेबल राजेश कुमार को श्रद्धांजलि दी।

आपको बता दें कि झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के सरजामबुरू क्षेत्र में सर्च अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा किये गये आइइडी ब्लास्ट की चपेट में आने से सीआरपीएफ कोबरा बटालियन-209 के कांस्टेबल राजेश कुमार वीरगति को प्राप्त हुए। शहीद जवान राजेश कुमार छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के रेवाली गांव के निवासी थे।







### राज्यपाल ने घायल जवान का हालचाल जाना

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने चाईबासा के टोंटा क्षेत्र में हुए आईइडी ब्लास्ट में 209 कोबरा बटालियन के घायल इंस्पेक्टर भूपेंद्र कुमार का कुशलक्षेम जाना एवं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# हजारी हत्याकांड में अमित और बृज किशोर दोषी करार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने हजारी उर्फ प्रशांत राज श्रीवास्तव हत्याकांड में फैसला सुना दिया है। अदालत ने इस हत्याकांड के दोनों अभियुक्तों अमित पांडेय और बृज किशोर पांडेय को दोषी करार दिया है। दोषियों को सजा के बिंदु पर कोर्ट 5 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से आठ गवाह प्रस्तुत किये गये, वहीं बचाव पक्ष यानी आरोपियों की ओर से एक भी गवाह पेश नहीं किया गया। हजारी उर्फ प्रशांत राज श्रीवास्तव की हत्या 4 मार्च 2019 को हुई थी। मृतक के बड़े भाई रंजीत कुमार ने सुखदेव नगर थाना में अमित पांडेय और बृजकिशोर पांडेय समेत 20 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। इस मामले की सुनवाई रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव के कोर्ट में हुई।

### हाइकोर्ट ने उच्च शिक्षा निदेशक पर जतायी कड़ी नाराजगी, कहा

# पे फिक्सेशन को निरस्त करने के आदेश पर करें पुनर्विचार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** यूनिवर्सिटी के तहत अंगीकृत किये गये विभिन्न कॉलेज के चतुर्थ वर्गीय कर्मियों द्वारा पंचम और छठा वेतनमान देने के मामले में तेतरा उरांव औरअन्य की अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान उच्च शिक्षा निदेशक कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उन पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि एक बार जब यूनिवर्सिटी ने अंगीकृत किये गये कॉलेज के कर्मियों को समायोजित कर लिया, तो राज्य सरकार को कोई पावर नहीं है, उनके पे फिक्सेशन को निरस्त करने का।

कोर्ट ने उच्च शिक्षा निदेशक को चार सप्ताह में इनके पे फिक्सेशन को निरस्त करने के आदेश पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने उच्च शिक्षा निदेशक से कहा कि एक बार जब यूनिवर्सिटी ने कर्मियों को समायोजित कर लिया तो उनका पे फिक्सेशन करना होगा। उनका समायोजन सही है या गलत इसके बारे में निर्णय लेने का पावर सरकार के पास नहीं है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। प्रार्थियों ने राज्य सरकार द्वारा उनके पंचम और छठा वेतनमान निर्धारित नहीं किये जाने पर वर्ष 2017 में हाई कोर्ट में रिट याचिका दाखिल की थी, जिस पर हाइकोर्ट की एकल पीठ ने राज्य सरकार को इनके समायोजन होने के आलोक में उनके मामले को कंसीडर करने का आदेश दिया था।

कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर वर्ष 2018 में प्रार्थियों की ओर से हाइकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गयी। केस लंबित करने के दौरान प्रार्थी सेवानिवृत्ति भी हो गये। वर्ष 2023 में उच्च शिक्षा निदेशक ने प्रार्थियों के पे फिक्सेशन को यह कहते हुए निरस्त कर दिया कि इनका समायोजन गलत है।

### तारा शाहदेव धर्म परिवर्तन केस

# आज फैसला, सीबीआइ ने पेश किये 26 गवाह और सबूत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची सीबीआइ कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में नेशनल शूटर तारा शाहदेव से जुड़े केस की सुनवाई पूरी हो चुकी है। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुनाने के लिए शनिवार की तारीख मुकर्रर की है। इस केस में रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाइकोर्ट के बर्खास्त पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) मुश्ताक अहमद और रकीबुल की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं। आरोपियों के खिलाफ कोर्ट ने 2 जुलाई 2018 को आरोप गठित किया था। सीबीआइ ने इस केस को वर्ष 2015 में टेक ओवर किया था। सीबीआइ की ओर से केस साबित करने के लिए कुल 26 गवाह पेश किये गये, वहीं बचाव पक्ष ने अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए चार गवाह प्रस्तुत किये हैं। इन्हीं गवाहों के बयान और सीबीआइ द्वारा कोर्ट में दिये गये साक्ष्यों के आधार पर अदालत अपना फैसला सुनायेगा। रांची के हिंदपीढ़ी थाना में दर्ज प्राथमिकी को सीबीआइ ने टेकओवर किया था। सीबीआइ की दिल्ली ब्रांच ने इस मामले में केस रजिस्टर्ड किया था। ट्रायल फेस कर रहे अभियुक्तों पर सोची समझी साजिश के तहत तारा शाहदेव के साथ मारपीट करने, धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रताड़ित करने और उसके साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया है। सीबीआइ ने जो अहम गवाह कोर्ट में पेश किये हैं, उसमें दिवंगत पूर्व मंत्री हाजी हुसैन अंसारी, काजी जान मोहम्मद, ब्लेयर अपार्टमेंट के निवासी, झारखंड पुलिस की तत्कालीन सब इंस्पेक्टर दीपिका कुमारी (जिन्होंने तारा को रेस्क्यू किया था), केस आईओ (जांच पदाधिकारी) हरीशचंद्र सिंह और सीबीआइ की केस आइओ सीमा पहूजा शामिल हैं। सीबीआइ की ओर से वरीय लोक अभियोजक प्रियांशु सिंह इस मामले में पक्ष रख रहे हैं।



# चेक बाउंस: 16 को अगली सुनवाई अमीषा पटेल की गवाही होगी दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस के केस में रांची सिविल कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इस केस के सूचक अजय कुमार की ओर से गवाही पूरी कर ली गयी है, जिसके बाद अब अमीषा पटेल की गवाही दर्ज होनी है। उसके लिए कोर्ट ने 16 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। रांची सिविल कोर्ट के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट डीएन शुक्ला के कोर्ट में अमीषा पटेल के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई हुई। अजय सिंह की ओर से अधिवक्ता स्मिता पाठक ने बहस की। उम्मीद जतायी जा रही है कि अगली सुनवाई के दौरान अमीषा पटेल कोर्ट में सशरीर उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज करवा सकती हैं।

### ढाई करोड़ रुपये अमीषा पटेल के खाते में ट्रांसफर किये थे

बता दें कि अमीषा पटेल पर चेक बाउंस का केस चल रहा है। यह मामला वर्ष 2017 का है। आरोपों के मुताबिक फिल्म देसी मैजिक बनाने के नाम पर अजय सिंह ने ढाई करोड़ रुपये अमीषा पटेल के खाते में ट्रांसफर किये थे। अजय कुमार सिंह लवली वर्ल्ड इंटरटेनमेंट के प्रोपराइटर हैं। फिल्म नहीं बनाने और पैसे वापस नहीं होने के बाद अजय कुमार सिंह ने निचली अदालत में शिकायतवाद दर्ज कराया है, जिसमें कहा गया है कि अमीषा पटेल ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। पिछले दिनों अमीषा पटेल इस केस में कोर्ट में हाजिरी भी लगा चुकी हैं।

# भुइंहर मुंडा के लोग एसटी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर सीएम आवास पहुंचे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भुइंहर मुंडा को झारखंड की अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर शुक्रवार को राज्यभर से आये सैकड़ों लोग मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। उनका कहना है कि संयुक्त बिहार में उनका जाति और आवास प्रमाण पत्र बनता था, लेकिन झारखंड अलग राज्य बनने के बाद से हम लोगों को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर कर दिया गया है। राज्य सरकार हम लोगों को न एसटी, न ओबीसी और न ही जेनरल मानती है। हम लोगों का जाति और आवास प्रमाण पत्र भी नहीं बन रहा है। इसके चलते बच्चों को स्कूल-कॉलेज में पढ़ाने में मुश्किल हो रहा है। छात्रवृत्ति फार्म भी नहीं भर पा रहे हैं। ऐसे में हम लोगों के सामने विस्थापन के अलावा कुछ भी नहीं दिख रहा है।



### लाखों की संख्या में भुइंहर मुंडा निवास करते हैं

भुइंहर मुंडा समाज की मेरी ग्रेस बेंग ने बताया कि हम लोग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने के लिए सुबह से बैठे हैं। शोभा कुसर ने बताया कि हम लोग आदिवासी परंपरा को निभाते आ रहे हैं। पूजा -पाठ, वेशभूषा सब कुछ आदिवासी परंपरा जैसी ही है। राज्य के मुख्य खूंटकट्टीदार हैं, लेकिन सरकार हम लोगों की बात नहीं सुन रहा है। हम सभी राज्य के पहले आदिवासी हैं, जिन्हें झारखंड में अनुसूचित जनजाति का दर्जा नहीं मिला है। गढ़वा, पलामू, लातेहार, गुमला और सिमडेगा में लाखों की संख्या में भुइंहर मुंडा निवास करते हैं। पहले खतियान धारी हैं। खतियान में भी भुइंहर मुंडा लिखा है। मौके पर सत्यप्रकाश हुरहुरिया, पीटर बेंग, उर्मिला ठिठयो, लक्ष्मी ठिठयो, शांति देवी, सावित्री सारस, मनोज मुंडा, सतीश मुंडा समेत सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।

# अब रेल से झारखंड के सरकारी स्कूलों में कमजोर बच्चे होंगे तेज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में सरकारी स्कूलों के बच्चों को क्वॉलिटी एजुकेशन देने के लिए सरकार ने रेगुलर एसेसमेंट फॉर इंप्रूवमेंट लर्निंग (रेल) प्रोजेक्ट शुरू किया है। बच्चों में प्रतियोगिता की भावना को बढ़ाने के लिए क्लास 1 से लेकर 8 तक के लिए यह योजना शुरू की गयी है।

कोडरमा जिला में सबसे पहले योजना का ट्रायल किया गया था। तत्कालीन डीसी आदित्य रंजन की पहल पर वहां के सभी स्कूलों में दो साल तक यह योजना चली। योजना सफल होने के बाद शिक्षा विभाग ने पूरे झारखंड में इसे लागू कर दिया है। योजना के तहत स्कूलों में क्लास 1 से 8 तक के बच्चों से हर सप्ताह परीक्षा ली जा रही है।



### झारखंड शिक्षा परियोजना से हो रही सीधी मॉनिटरिंग

महीने के अंतिम शनिवार और छुट्टी के दिन को छोड़ कर हर शनिवार टेस्ट परीक्षा स्कूलों में ली जा रही है। झारखंड शिक्षा परियोजना से इस योजना की सीधी मॉनिटरिंग हो रही है। हर सप्ताह किसी दो विषय की परीक्षा ली जाती है। परीक्षा के लिए शिक्षा परियोजना से सभी स्कूलों को प्रश्नपत्र भेजा जाता है। उन प्रश्नों को स्कूल के शिक्षक ब्लैक बोर्ड में लिखते हैं। इसके बाद बच्चे उन प्रश्नों के जवाब लिख कर उत्तर पुस्तिका शिक्षक के पास जमा करते हैं। शिक्षक कॉपी की जांच करते हैं और उस टेस्ट कॉपी को बच्चों के घर भेजते हैं। अभिभावकों के हस्ताक्षर के बाद कॉपी स्कूल में जमा होती है। हर सप्ताह होने वाली परीक्षा से छात्रों के अंदर प्रतियोगिता की भावना बढ़ रही है। परीक्षा को लेकर उनके मन में जो डर बैठा रहता है, वह भी दूर हो रहा है।

### रेल से बच्चों का शैक्षणिक विकास हो रहा- शिक्षा सचिव

शिक्षा सचिव के रविकुमार ने कहा है कि रेल प्रोजेक्ट से सरकारी स्कूलों के बच्चों शैक्षणिक विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले कोडरमा में इस योजना का ट्रायल किया गया था। दो साल तक वहां योजना चली। इस योजना से वहां के छात्रों के रिजल्ट में काफी सुधार हुआ। योजना की सफलता के बाद इसे राज्य के सभी स्कूलों में लागू कर दिया गया है।

# टी-शर्ट, टॉफी घोटाला: हाइकोर्ट ने सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में स्थापना दिवस के नाम पर वर्ष 2017 में करोड़ों रुपये की टॉफी और टी-शर्ट बांटे जाने की जांच की मांग वाली दाखिल जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सरकार को तीन महीने में अब तक हुई कार्रवाई की पूरी स्टेट्स रिपोर्ट हाइकोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि झारखंड के 17वें स्थापना दिवस पर तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में एक दिन में लगभग साढ़े तीन करोड़ के टीशर्ट और 35 लाख की टॉफी बांटी गयी थी, जिसके बाद आरटीआइ एक्टिविस्ट पंकज कुमार ने रघुवर सरकार द्वारा स्थापना दिवस के नाम पर टी-शर्ट और टॉफी बांटे जाने के मामले को संदेहास्पद बताते हुए कहा था कि यह एक सुनियोजित घोटाला है और इसकी जांच की मांग को लेकर जनहित याचिका दायर की थी।

### खोया-पाया

मनोज कुमार केसरी, पिता- स्व. राजेंद्र प्रसाद केसरी, निवासी- इंदिरा गांधी रोड, सुतरी पट्टी, गढ़वा, झारखंड मोबइल नं. - 9234577235 APCOTEX INDUSTRIES LTD. का शेयर सर्टिफिकेट जिसका Folio No.-00038028 CERTIFICATE No.-5136 DISTINCTIVE No. - 1452981-1454980 Total-2000 शेयर का सर्टिफिकेट गुम हो गुया है। रास्ते में कहीं गिर गया है। जिसकी प्राथमिकी कम्पलेन संख्या 335302 दिनांक 23.09.2023 गढ़वा थाने में दर्ज करवाई गयी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## उत्साह और उल्लासपूर्ण माहौल में आजसू का महाधिवेशन शुरू, झारखंड आंदोलनकारियों को किया गया सम्मानित

# झारखंडी सपनों को साकार करने का है संकल्प : सुदेश

**राज्य के जरूरी सवालों और मुद्दों पर हो रही परिचर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलन के कोख से जन्मा है। झारखंड के सपूतों के शहादत एवं बलिदान से सिंचित आजसू पार्टी शहीदों के सपनों, झारखंड के युवाओं, किसानों, मजदूरों, वंचितो और अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं के आकांक्षाओं एवं अरमानों के लिए संघर्ष करने वाला एक राजनीतिक संगठन है। वर्ष 2000 से आजसू पार्टी एक राजनीतिक दल के रूप में झारखंड के लोगों के बुनियादी जरूरतो, सामाजिक सरोकारों आर्थिक उन्नति, राजनैतिक चेतना, सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन तथा उनके हक अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही है। सुदेश शुक्रवार को रांची के मोराबादी मैदान स्थित बिरसा मुंडा परिसर में आजसू की तीन दिवसीय महाधिवेशन के शुभारंभ मौके पर बोल रहे थे।

आजसू प्रमुख ने कहा है कि लंबे संघर्ष एवं रक्त रंजित आंदोलनो से गुजर कर हम सब ने अपने एक अलग झारखंड राज्य पाया। सन 2000 में झारखंड के जन्मोत्सव पर खूब जश्न मना ढोल और नगाड़ों की आवाज से जंगल-पहाड़ तक झूम उठे। साबों ने शहीदों को नमन किया। सब के सहयोग से झारखंड को समृद्धि के फूलों से संवारने की हम सबों ने कसम खायी। महिलाओं को अधिकार, बेरोजगारों को रोजगार, किसानों को एवं मजदूरों को घरों में खुशहाली का सपना देखा। अपने समिति भागीदारी लेकिन असीमित ऊर्जा एवं उत्साह तथा झारखंड अस्मिता एवं पहचान के प्रति अपनी ठोस प्रतिबद्धता तथा दृढ़ संकल्प के साथ आजू सरकार में शामिल भी रहा। आदिवासी, ओबीसी एवं पिछड़ों के अधिकार एवं विकास के लिए हम सतत संघर्षशील रहे। आजसू झारखंड के राजनीतिक धरातल पर युवाओं, महिलाओं एवं वंचितों के संघर्षशील धारा का प्रतिनिधित्व करती है।

सुदेश ने कहा कि आज झारखंड नवनिर्माण संकल्प समागम इस बात का आकलन करने का अवसर है कि अधिकार, स्वाभिमान एवं पहचान के लिए संघर्ष करते-करते हम खुद को कहां खड़े पाते हैं। यहां से आगे का रास्ता क्या है। झारखंड का जल, जमीन, जंगल एवं खनिज की लूट ने झारखंड निर्माण आंदोलन को जन्म दिया था। राज्य निर्माण के बाद बनी सरकारों की झारखंड आंदोलन के उद्देश्यों को पूरा करने में विफलता ने राज्य को फिर से एक क्रांति की चौखट पर लाख खड़ा किया है। आगे का रास्ता बनाने के लिए अपने शहीदों को याद कर सर पर कफन बांध फिर से सड़क पर उतरने की नौबत बनती दिखती है।



### महाधिवेशन के उद्घाटन सत्र में इन आंदोलनकारियों को किया गया सम्मानित



महाधिवेशन के उदघाटन सत्र में केंद्रीय अध्यक्ष और पार्टी के अन्य नेताओं ने झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित किया। जिन्हें सम्मानित किया गया, उनमें बादल महतो, राजूमहतो, डॉ आफताब जमील, प्रो खालिक अहमद, उमेश उरांव, फजल अब्बास, प्रो अलाउद्दीन अंसारी, सुप्रीति मुर्मू, अमीन अहमद, शिवजी मल्लिक, टाइगर सुशील, सुशील हांसदा, राजेंद्र मेहता, हसन अंसारी, डॉ देवशरण भगत, संजय बसु मल्लिक, हरिमोहन महतो, अंशमान सुंडी शामिल हैं। साथ ही पार्टी के विधायक रहे आंदोलनकारी दिवंगत कमलकिशोर भगत के नाम उनकी पत्नी नीरूशांति भगत और दामोदर महतो की पत्नी यशोदा देवी, विरेंद्र भगत की पत्नी निर्मला भगत को भी सम्मानित किया गया गया। इनके अलावा वरिष्ठ पत्रकार और एक्टिविस्ट प्रो दिलीप मंडल को भी सम्मानित किया गया।

वर्तमान राजनीतिक आर्थिक सामाजिक एवं अन्य ज्वलंत विषयों पर परिचर्चा कर झारखंड नवनिर्माण के लिए आगे का रास्ता तय करने हेतु गंभीर मंथन इस झारखंड नवनिर्माण संकल्प समागम में किया गया है। विषय विशेषज्ञ, बुद्धिजीवों, सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता हैं एवं स्वयंसेवी संगठनों का प्रतिनिधित्व के ग्रहण मंथन से निकले वैचारिक एवं राजनीतिक रूढ़ों पर चलकर आंसू अगले 5 वर्षों में झारखंड आंदोलन के मूल उद्देश्यों को हासिल करने तथा झारखंड के सपनों को साकार करने का आजसू पार्टी का आज संकल्प लेती है।

### पार्टी का प्रतिवेदन और संविधान संशोधन पेश

महाधिवेशन के पहले दिन पार्टी के प्रधान महासचिव पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसमें वर्ष 2017 में हुए छठे महाधिवेशन के बाद से अब तक की पार्टी के कार्यक्रमों, गतिविधियां, आंदोलन की तिथिवार जानकारी दी गयी। इसके साथ ही केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने संविधान संशोधन पेश किया। महाधिवेशन में 29 और 30 सितंबर को प्रदेश, जिला और प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ सभी अनुषंगी इकाइंयों को पदधारी भाग ले रहे हैं। जबकि जिला, नगर और छात्र कमेटी व्यवस्था संभालने में जुटी हैं।

### उल्लासपूर्ण माहौल में उद्घाटन

केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने उत्साह और उल्लासपूर्ण माहौल में दीप जलाकर और नगाड़ा बजाकर महाधिवेशन का उद्घाटन हुआ। इस मौके पर पारंपरिक नृत्य के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। महाधिवेशन में विधायक डॉ लंबोदर महतो, सुनिता चौधरी, पूर्व विधायक उमाकांज रजक, अकील अख्तर के अलावा पार्टी नेता डोमन सिंह मुंडा, रोशनलाल चौधरी, वीणा देवी, सुनील सिंह, जयपाल सिंह आदि मौजूद रहे। मंच संचालन हरीश कुमार और प्रो रविशंकर मौर्या ने किया।

### झारखंड आंदोलन का औचित्य पर बोले जानकार

महाधिवेश के दूसरे सत्र में झारखंड आंदोलन का औचित्य विषय पर परिचर्चा में बोलते हुए संजय बसु मल्लिक ने कहा कि सिर्फ बिहार से अलग होने के लिए झारखंड आंदोलन खड़ा नहीं किया गया था। इसका मकसद अलग राज्य के सपने साकार करने थे। लेकिन सपने पूरे नहीं हुए हैं, इसलिए आंदोलन आज भी जारी है। झारखंड आंदोलन बंगाल और ओड़िशा के कई हिस्से को शामिल करने के लिए भी था। इली विषय पर आंदोलनकारी राजू महतो, हरिमोहन महतो, सुप्रीति मुर्मू, खालिक अहमद ने भी अपने विचार रखे। इससे पहले देवशरण भगत ने विषय प्रवेश कराया।

### सामाजिक न्याय एवं राजनीतिक भागीदारी

भोजन अवकाश के बाद तीसरे सत्र में झारखंडी युवाओं की चुनौतियां स्थानीयता और नियोजन नीति पर परिचय की गयी। डॉक्टर लंबोदर महतो ने विषय प्रवेश कराया। जबकि सुरेश कुमार महतो के अलावा प्रसिद्ध वकील रश्मि कात्यायन और राजीव गुप्ता ने विस्तार से अपने विचार रखे। चौथे सत्र में झारखंड में सामाजिक न्याय और राजनीतिक भागीदारी विषय पर विचार मंथन किया गया पूर्व मंत्री रामचंद्र सहित ने विषय प्रवेश कराया जबकि विशेषज्ञ के तौर पर प्रोफेसर दिलीप मंडल ने विस्तार से अपनी बातें रखी।

### गांव की आवाज में ऑनलाइन जुड़े

महाधिवेशन में गांव की आवाज को लेकर ऑनलाइन माध्यम से कई हिस्से के लोग जुड़े। जामताड़ा के चीरूडीह, हजारीबाग के चरही और रांची के तमाड़ से लोगों ने जुड़कर अपने क्षेत्र की समस्याओं जरूरतों के विषय पर अपने विचार प्रकट किये।

# सरना सदान मूलवासी मंच का करम मिलन समारोह एक को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरना सदान मूलवासी मंच एक अक्टूबर को करम मिलन समारोह का आयोजन करेगी। इस संबंध में शुक्रवार को रांची के करमटोली स्थित केंद्रीय धुमकुड़िया में एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। सरना सदान मूलवासी मंच के अध्यक्ष सूरज टोप्पो ने कहा कि एक अक्टूबर को अल्बर्ट एक्का चौक के पास सरना सदान करम मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सरना सदान मूलवासी एसटी, एससी और ओबीसी को करम मिलन समारोह के नाम पर एक मंच पर लाना है। यह तीनों झारखंड के संस्कृति का मूल हिस्सा है। साथ ही साथ झारखंड में रहने वाले सभी लोगों को यह जानकारी भी होनी चाहिए कि झारखंड का संस्कृति परंपरा रीति रिवाज क्या है। हिप हॉप इंडिया के विजेता राहुल भगत भी करम मिलन समारोह में उपस्थिति दर्ज करेंगे साथ ही साथ समिति द्वारा उसे सम्मानित किया जायेगा। साथ ही झारखंडी लेखक गीतकार संगीतकार स्वर्गीय डब्बू मोहाली को भी श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस मौके पर सरना सदन मूलवासी मंच के मुख्य संरक्षक रंजीत टोप्पो, संरक्षक मोहन सिंह, हेमंत बरला, संस्थापक कुमोद कुमार वर्मा, महिला अध्यक्ष अर्चना मिर्धा, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा, सरदार मूलवासी मंच के महासचिव अजीत लाकड़ा, पवन कुमार, संगठन सचिव मोहन तिर्की, अनिल उरांव, विक्की करमाली सहित अन्य मौजूद थे।

## हाइकोर्ट ने चंदन डैम मामले में केंद्र सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का दिया निर्देश

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट में बिहार के बांका के चंदन डैम से सिंचाई के लिए झारखंड के गोड्डा को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने केंद्र सरकार को चार सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा है कि चंदन डैम में जो सिल्ट (गाद) जमा हो गये हैं, उसे हटाने के लिए बिहार सरकार के साथ संयुक्त अभियान चलाने के संबंध में लिखे गये पत्र पर क्या निर्णय लिया है। इससे पहले बिहार सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि चंदन डैम से गाद हटाने के संबंध में भारत सरकार के साथ ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया जाना है और इसे लेकर भारत सरकार को वर्ष 2022 में ही बिहार सरकार द्वारा एक पत्र लिखा गया है, लेकिन अब तक केंद्र सरकार द्वारा इस पत्र पर कोई जवाब नहीं आया है।

# पारा टीचर आकलन परीक्षा 2022 का परिणाम जारी

**अब उनका मानदेय बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हो जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद ने पारा टीचर आकलन परीक्षा 2022 के परिणाम जारी कर दिये हैं। इस परीक्षा में जितने पारा टीचर सफल हुए हैं, अब उनका मानदेय बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हो जायेगा। पारा टीचर आकलन परीक्षा एल-1 में 25,614 परीक्षार्थी सफल घोषित किये गये हैं। वहीं एल-2 में 5,339 परीक्षार्थियों को सफल घोषित किया गया है। झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) के मुताबिक, एल-1 में कुल 35,418 पारा टीचर्स ने आकलन परीक्षा दी थी। इनमें से 25,614 ने 35 फीसदी या उससे अधिक अंक हासिल किये हैं। वहीं, एल-2 की परीक्षा में बैठे 6,035 परीक्षार्थियों में से 5,339 ने 35 फीसदी या उससे अधिक अंक प्राप्त किये हैं। पारा टीचर आकलन परीक्षा 2022 के एल-1 में सामान्य वर्ग के 5,470 पारा टीचर शामिल हुए थे। इनमें से 3,289 ने 40 फीसदी या उससे अधिक अंक हासिल किए है। आर्थिक रूप से पिछड़े (इडब्ल्यूएस) 133 परीक्षार्थियों में से 97 तो. 40 फीसदी से अधिक अंक मिले हैं। बैकवर्ड क्लास-1 (बीसी-1) श्रेणी के 11,100 में से 8,158 पारा टीचर्स ने 35 फीसदी से अधिक मार्क्स प्राप्त किये हैं। बैकवर्ड क्लास-2 (बीसी-2) के 5,617 परीक्षार्थियों में से 4,086 ने 35 फीसदी से अधिक अंक लाये हैं। अनुसूचित जाति के 3,035 पारा टीचर्स ने आकलन परीक्षा दी थी। इनमें से 2,231 को 35 फीसदी से अधिक मार्क्स मिले हैं, अनुसूचित जनजाति के 10,063 पारा टीचर इस परीक्षा में बैठे थे, इनमें से 7,753 को 35 फीसदी से अधिक अंक मिले हैं। इस तरह एल-1 में 25,614 पारा टीचर्स पास घोषित किये गये हैं।

# सीसीए घोषित अपराधी ने थाने को भी दिखाया ठेंगा

**अब 35 लाख के लूटकांड में कुख्यात धीरज जालान समेत आधा दर्जन गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के डेली मार्केट थाना क्षेत्र से बीते 11 सितंबर को 35 लाख लूटकांड का खुलासा करते हुए रांची पुलिस कुख्यात अपराधी धीरज जालान समेत आधा दर्जन आरोपी को गिरफ्तार किया है। धीरज जालान राजधानी रांची का कुख्यात अपराधी में एक है। उसके उपर सीसीए के तहत थाना में हाजरी लगाना था। धीरज जालान को डीसी द्वारा प्रत्येक रविवार को सुखदेवनगर थाना में उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश दिया गया था। परंतु धीरज जालान ने छह अगस्त से अपनी उपस्थिति देना बंद कर गायब हो गया। गिरफ्तार आरोपी में धीरज जालान उसके पिता श्याम सुंदर जालान, हर्ष गुप्ता उर्फ निशु गुप्ता, सचित साहु, अरुण भुइयां और सुनील कुमार महतो का नाम शामिल हैं। पुलिस अपराधियों के निशानदेही पर लूट के बीस लाख दस हजार रुपये, एक स्विफ्ट डिजायर कार, 15 मोटरसाइकिल और दो स्कूटी बरामद किया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस बताया कि डेली मार्केट मेन रोड एसबीआइ बैंक में पैसा जमा करने जा रहे एक कारोबारी से बड़ा तालाब रोड में शौचालय के पास की गली में पैसों से भरा बैग अज्ञात अपराधियों ने लूट लिया था। कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एसआइटी टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर इस घटना में शामिल छह अपराधियों को गिरफ्तार किया। आरोपी धीरज जालान पर राजधानी रांची के विभिन्न थाना में दो दर्जन मामला दर्ज है। बाइक चोरी के लिए कुख्यात धीरज जालान अपराधी घटना को अंजाम देने के लिये वाकीटॉकी का इस्तेमाल करता था. ताकि पुलिस को पता नही चल सके। धीरज जालान गिरोह के लोग रांची के अलावे गुमला, लोहदगा, खुंटी, रामगढ़ और हजारीबाग में बाइक चोरी की घटना को अंजाम देता था।

## मनरेगा में गड़बड़ी करनेवालों पर कार्रवाई का दिया निर्देश

**रांची।** साहिबगंज जिले में मनरेगा योजना में गड़बड़ी और फर्जीवाड़ा की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण विकास विभाग ने शुक्रवार को जिले के उपविकास आयुक्त को पत्र लिख कर गबन और फर्जीवाड़ा इत्यादि की जांच कर अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया है। विभाग ने कृत कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट भी 48 घंटे में उपलब्ध कराने को कहा है। पहले भी इस संबंध में विभाग ने कार्रवाई को कहा था। विभागीय जांच और दोषी पदाधिकारियों और कर्मियों के स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं होने के बाद सरकार ने सभी पर कार्रवाई कर रिपोर्ट देने को कहा था, लेकिन कार्रवाई कर रिपोर्ट नहीं भेजी गयी थी। पूरे मामले को उप प्रमुख बोरियो कैलाश प्रसाद ने सरकार के समक्ष संज्ञान में लाया था। मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं में सरकारी राशि के गबन, दुर्विनियोग या अपव्यय पाये जाने पर सबसे पहले जिम्मेदारी तय करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों से गबन की राशि 12 प्रतिशत ब्याज के साथ वसूलने का आदेश दिया गया है। साथ ही दोषी पदाधिकारियों और कर्मियों को निलंबित कर उनके ऊपर विभागीय कार्यवाही चलाने की अनुशंसा देने को कहा गया है। साथ ही संलिप्त संविदाकर्मियों की संविदा रद्द करने की भी कार्रवाई की जाये।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय आज महिला मैत्री सम्मेलन में होंगे शामिल



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की ओर से आयोजित महिला मैत्री सम्मेलन में भाग लेने कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य और झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय शनिवार को रांची पहुंचेंगे। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि रांची आगमन के बाद प्रदेश प्रभारी महिला कांग्रेस मैत्री सम्मेलन में भाग लेने सीधे हवाई अड्डे से जेके सेलिब्रेशन जायेंगे। प्रभारी के साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता सम्मेलन में शिरकत करेंगे। सम्मेलन के बाद तीन बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में नवगठित लोकसभा संयोजक और प्रभारी की बैठक में हिस्सा लेंगे।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)।ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय परिसर में पौधारोपण और विद्यार्थियों के द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मां भारती की बलिवेदी पर न्यौछावर होनेवाले वीर सपूतों के महत्व को याद दिलाने औरउनके सपनों को साकार करने हेतु किया गया। प्रभात फेरी के उपरांत विद्यालय के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति का जोश भर देने वाले गाने प्रस्तुत किये। विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने विद्यार्थियों से अपने संबोधन में कहा कि भारत देश के निवासियों के लिए इस देश में जन्म लेना बड़े ही गर्व की बात है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपनी मातृभूमि की बलिवेदी पर शहीद होने वाले वीर सपूतों की याद दिलाते हुए कहा कि अपने देश के शहीदों से हमें प्रेरणा लेते हुए इस देश की खातिर हमेशा दुश्मनों से लोहा लेने के लिए तत्पर रहना चाहिए। वर्तमान में भारतीय सीमा पर तैनात फौजियों का तहे दिल से धन्यवाद करते हुए उन्होंने कहा कि आज हम सभी देश के अंदर सुरक्षित हैं। इसका श्रेय फौजियों और देश के सुरक्षा प्रहरियों को जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के परीक्षा नियंत्रक श्री एके श्रीवास्तव, जूनियर विंग इंचार्ज राज किशोर शर्मा, विद्यालय के एकेडमिक कोऑर्डिनेटर रवि शेखर, सीसीए इंचार्ज नवारुन सेनगुप्ता के साथ-साथ विद्यार्थी और शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### हाइकोर्ट में परिवहन सचिव हुए हाजिर, कर्मियों को पेंशन भुगतान कर कोर्ट को सूचित करने का निर्देश

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट ने तीन नवंबर तक परिवहन विभाग के कर्मियों को पेंशन भुगतान करने का निर्देश दिया है। न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक की अदालत ने राज्य सरकार को यह निर्देश दिया है कि कर्मचारियों के पेंशन का भुगतान कर अदालत को सूचित किया जाये। इस मामले की सुनवाई के दौरान परिवहन सचिव अदालत में हाजिर थे। उन्होंने आदेश का पालन करने के लिए अदालत से समय देने का आग्रह किया। जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए तीन नवंबर की तिथि निर्धारित की है। इस संबंध में शंकर प्रसाद केसरी एवं अन्य ने अवमाननावाद दायर की है। याचिका में कहा गया है कि राज्य गठन के बाद हुए कैडर विभाजन में झारखंड आये परिवहनकर्मियों का राज्य परिवहन कॉरपोरेशन में समायोजन किया गया था, लेकिन जब वह सेवानिवृत्त हुए तो पेंशन के लिए परिवहन विभाग ने झारखंड आने के पहले की अवधि की गणना नहीं की।

## कार्यक्रम : मैरी हैलो किड्ज स्कूल में गांधी जयंती धूमधाम से मनायी गयी

# महात्मा गांधी को याद कर छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मैरी हेलो किड्ज स्कूल ने गांधी जयंती के अवसर पर बच्चों के साथ एक दिलचस्प और गर्व भरा उत्सव मनाया। स्कूल के सभी छात्रों ने महात्मा गांधी को याद करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया। गांधी जयंती के मौके पर, मैरी हेलो किड्ज स्कूल के सभी छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों ने दिलों को छूने वाले भाषण, भावपूर्ण कविताएं, और जादूमंथन नृत्यों के माध्यम से महात्मा गांधी के जीवन और उनके उपदेशों को सलाम किया। मैरी हेलो किड्ज स्कूल की प्रिंसिपल बिमला सिन्हा और सभी शिक्षक इस आयोजन को सफल बनाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। छात्रों के उत्साह और उनके इस समारोह में उनके समर्पण की सराहना की गयी। इस उत्सव ने छात्रों को भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में मनोरंजनपूर्ण और आकर्षक तरीके से सिखने का अवसर प्रदान किया। इसके साथ ही, इसने उन्हें सत्य, विनम्रता, और एकता के मूल्यों की महत्वपूर्णता को समझने का अवसर दिया। इस उत्सव ने छात्रों को महात्मा गांधी के संदेशों के प्रति समर्पित रहने और एक बेहतर और शांतिपूर्ण दुनिया के निर्माण में योगदान करने की प्रतिज्ञा लेने का मौका दिया। मैरी हेलो किड्ज स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता के साथ न केवल अकादमिक विकास को प्रोत्साहित किया है, बल्कि अपने छात्रों के नैतिक और नैतिक विकास को भी मजबूत किया है।

# राजस्थान में जीत के लिए उम्रदराजों पर भी दांव आजमायेगी भाजपा

## ■ प्रत्याशी चयन में उम्र नहीं, केवल जीत की संभावना पर दिया जायेगा ध्यान

## ■ मध्यप्रदेश की तरह केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को मैदान में उतारने की तैयारी

## ■ मुख्यमंत्री के रूप में किसी को प्रोजेक्ट नहीं करेगी भाजपा, मोदी होंगे चेहरा

**आजाद सिपाही विशेष**

**अगले तीन महीने के दौरान तीन राज्यों, मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होने हैं। इस बाबत तैयारियां तो चल ही रही हैं, राजनीतिक दलों के भीतर प्रत्याशी चयन की कवायद चल रही है। भाजपा ने मध्यप्रदेश के लिए 79 प्रत्याशियों की दो सूची जारी कर दी है। दूसरी सूची में तीन केंद्रीय मंत्रियों और चार सांसदों के नाम शामिल होने के बाद से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि पार्टी राजस्थान में भी ऐसी ही रणनीति अपनाने वाली है। चर्चा तो यह भी है कि भाजपा में अब केवल जीत की संभावनाओं के आधार पर ही टिकट दिया जायेगा, उम्र वगैरह की कोई सीमा नहीं रहेगी। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि चुनाव जीतने में अनुभव का सबसे बड़ा रोल होता है और जहां तक जोश की बात है, तो युवा चेहरों को संगठन की जिम्मेवारी देकर संतुष्ट किया जा सकता है। इसलिए राजस्थान के मैदान में भी कई केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को उतारने पर गंभीरता से चर्चा हो रही है। भाजपा के लिए राजस्थान कितना महत्वपूर्ण है, इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पार्टी का कोई न कोई केंद्रीय नेता इन दिनों हर दिन राज्य का दौरा कर रहा है। राज्य के सभी दो सौ विधानसभा क्षेत्रों की फीडबैक रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को मिल गयी है और इस पर विचार चल रहा है। भाजपा नेतृत्व इस बात का खास ध्यान रख रहा है कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है और तमाम बड़े नेताओं को मैदान में उतारने से 2024 के लिए गलत संदेश जायेगा। राजस्थान में भाजपा की चुनावी रणनीति के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

इस साल के अंत में जिन तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव होना है, उनमें भाजपा के लिए राजस्थान सबसे अहम है, क्योंकि यहां वह सत्ता से बाहर है। इसलिए राजस्थान के लिए भाजपा ऐसी ठोस रणनीति बना रही है, जिससे उसकी जीत की संभावना बढ़ सके। कर्नाटक में मिली हार के बाद भाजपा ने इन चुनावी राज्यों की रणनीति में बड़े बदलाव किये हैं। अब भाजपा जातिगत समीकरण और चुनाव प्रचार में स्थानीय नेतृत्व को अहम जगह दे रही है। इसके अलावा टिकट वितरण में भी सबसे अधिक ध्यान जीत की संभावनाओं पर दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश के लिए घोषित 79 प्रत्याशियों की दो सूची में जिस तरह केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के नाम शामिल हैं, उससे भाजपा की राजस्थान में अपनायी जानेवाली रणनीति का साफ संकेत मिलता है।

पार्टी नेतृत्व का मानना है कि पहले हिमाचल और फिर कर्नाटक में हार के लिए काफी हद तक स्थानीय अनुभवी नेताओं की उपेक्षा और टिकट वितरण में अनुभव की अनदेखी जैसे कारण जिम्मेदार रहे। इसलिए मध्यप्रदेश के बाद अब राजस्थान में इसको ध्यान में रखा जायेगा। जहां तक प्रचार अभियान की बात है, तो यकीनन इसकी कमान केंद्रीय नेतृत्व के हाथों में होगी, लेकिन राज्य के एक बड़े चेहरे को भी समानांतर रूप से सामने रखा जायेगा। दूसरे दलों से भाजपा में आनेवाले नेताओं का भी खास ध्यान रखने का फैसला किया गया है।



भाजपा की सबसे बड़ी समस्या टिकट वितरण है। पार्टी के भीतर की खेमेबंदी के कारण अक्सर यह असंतोष का कारण बनता है। ऐसे में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने फैसला किया है कि टिकट वितरण में पार्टी के हर खेमे का ध्यान रखा जायेगा। किसी एक खेमे पर ही दांव नहीं खेला जायेगा। टिकट वितरण के समय जातिगत समीकरण और वरिष्ठ नेताओं की पसंद-नापसंद को भी बारीकी से समझा जायेगा।

भाजपा के लिए राजस्थान में सतर्कता बरतना बेहद जरूरी है, क्योंकि यहां वसुंधरा राजे को साधना बेहद जरूरी है। राजस्थान वैसे भी भाजपा का गढ़ रहा है, लेकिन 2018 में हुए चुनाव में वह कांग्रेस से हार गयी थी। इसलिए पार्टी वहां दोबारा सत्ता हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही। रणनीति के तहत वह हारी हुई सीटों पर ज्यादा मेहनत कर रही है। मध्यप्रदेश में भाजपा ने हाल में अपने अधिकांश बड़े नेताओं को विधानसभा के चुनाव मैदान में उतार दिया है, जिनमें तीन केंद्रीय मंत्री और चार सांसद और एक राष्ट्रीय महासचिव हैं। राजस्थान में भी पार्टी ऐसा ही कुछ करेगी, लेकिन जरूरी नहीं कि वह पैटर्न मध्यप्रदेश जैसा ही हो।

### सत्ता विरोधी माहौल पर नजर

राजस्थान में भाजपा विपक्ष में है। ऐसे में वहां सत्ता विरोधी माहौल का लाभ पार्टी को मिल सकता है। राजस्थान में तो हर पांच साल में सत्ता बदलती रही है। ऐसे में बड़े नेताओं को कहां कितना दांव पर लगाना है, वहां की परिस्थिति पर निर्भर करेगा, लेकिन पार्टी तय कर चुकी है कि वहां टिकट का सबसे बड़ा आधार जीत की संभावना को ही बनाया जायेगा। उम्र और दूसरे मापदंड इसमें आड़े नहीं आयेंगे। इसके तहत भाजपा केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और अर्जुनराम मेघवाल को चुनाव मैदान में उतार सकती है। लेकिन राज्य में वसुंधरा राजे और शेखावत में जिस तरह के समीकरण हैं, उसे भी देखना होगा। पार्टी शायद ही पहले से नाराज चल रही वसुंधरा राजे को और ज्यादा नाराज करे। सांसद भागीरथ चौधरी को भी चुनाव लड़ा सकती है। बाद में उनकी लोकसभा सीट पर कांग्रेस से आयी ज्योति मिर्धा को उतारा जा सकता है। केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी के साथ सांसद किरोड़ीमल मीणा और सुखबीर सिंह जौनपुरिया का नाम भी चुनाव लड़ने वालों में है। राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ को भी विधानसभा चुनाव लड़ाया जा सकता है।

### राजस्थान के प्रत्याशियों की सूची तैयार

चर्चा है कि राजस्थान के सभी दो सौ विधानसभा क्षेत्रों की फीडबैक रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को मिल गयी है। इसमें करीब 50 विधायकों के टिकट काटने की सिफारिश की गयी है। इनके स्थान पर नये या अनुभवी नेताओं को मैदान में उतारने की तैयारी की जा रही है। पार्टी कांग्रेस की सीटों पर पूर्व विधायकों और हारे हुए उम्मीदवारों पर एक बार फिर भरोसा जतानेवाली है। इससे उन विधायकों की धुकधुकी बढ़ गयी है, जिनका टिकट कटने का अंदेशा है। पार्टी नेतृत्व ने फीडबैक के आधार पर टिकट की गाइडलाइन भी बनायी है। इसमें पहले नंबर पर जीत की संभावना और दूसरे नंबर पर जातीय समीकरण है। इसके अनुसार नेताओं के परिवार के सदस्यों को भी टिकट तभी मिलेंगे, जब उनकी जीत की गारंटी हो। पार्टी परिवारवाद और वंशवाद से दूर रहना चाहती है। इस वजह से जो बुजुर्ग नेता या विधायक अपने परिवार में टिकट मांग रहे हैं, उन्हें निराशा हाथ लग सकती है।

भाजपा ने राजस्थान के लिए जो रणनीति बनायी है, उसके अनुसार राज्य की दो सौ सीटों को चार श्रेणियों में रखा गया है। पहली सूची में वैसी सीटें शामिल हैं, जहां पार्टी लगातार हार रही है। दूसरी श्रेणी में ऐसी सीटें शामिल हैं, जहां पार्टी को कभी जीत मिली, तो कभी हार और वह भी काफी कम अंतर से। तीसरी श्रेणी में काफी कम अंतर से जीत वाली सीटें शामिल हैं, तो चौथी में भाजपा का गढ़ मानी जानेवाली सीटें। इनमें से सबसे अधिक फोकस पहली श्रेणी की सीटों पर है और वहां हारनेवाले प्रत्याशियों को पूरी तरह नजरअंदाज नहीं किया जायेगा। इससे यह स्पष्ट है कि भाजपा सिर्फ उन नेताओं पर भरोसा कर रही है, जिनके पास जीतने की ताकत है और जो सीट निकालने का माद्दा रखते हैं।

## सिटी की खबरें

# सीसीएल में राजभाषा पखवाड़ा का समापन सह पुरस्कार वितरण का हुआ आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल में शुक्रवार को राजभाषा पखवाड़ा समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रख्यात शिक्षाविद, रंगकर्मी और सेंट जेवियर्स के प्रोफेसर कमल कुमार बोस उपस्थित थे। इस अवसर पर निदेशक (तक/सं) राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, मुख्य सतर्कता अधिकारी, पंकज कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ कोल इंडिया कॉरपोरेट गीत और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कमल कुमार बोस को सीसीएल के प्रतिष्ठित पुरस्कार सीसीएल राजभाषा भास्कर सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत बोकारो और करगली क्षेत्र को प्रथम, कुज्जु क्षेत्र को द्वितीय और ढोरी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्यालय के विभागों को दो श्रेणियों-तकनीकी और गैर तकनीकी श्रेणी में राजभाषा सम्मान प्रदान किया गया। इसके अंतर्गत विद्युत और यांत्रिकी विभाग को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। गैर तकनीकी श्रेणी में सुरक्षा विभाग को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को भी पुरस्कार और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, वरीय अधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन निशा कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन दिविक दिवेश ने किया।




# एक अक्टूबर को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के पहल पर 1 अक्टूबर को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, नामकुम, रांची में तमिलनाडु से आये प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. जी लोगनाथन और उनकी टीम, आइएमए, रांची, रानी चिल्ड्रन अस्पताल और जिला प्रशासन के सहयोग से एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच करने के साथ जरूरतमंदों को दवा भी उपलब्ध कराया जायेगा। इस स्वास्थ्य शिविर में जीएल अस्पताल, एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया रांची, ओबीजीवाइएन एसोसिएशन रांची, नेशनल बंर्स एसोसिएशन, मेदांता हॉस्पिटल, रांची द्वारा भी सक्रिय भागीदारी का निर्वहन किया जा रहा है। शिविर में डॉ जी लोगनाथन, गैस्ट्रो और लीवर, डॉ. प्रभात कुमार कुंती, सिविल सर्जन, डॉ नीला मैथ्यू, चिकित्सा अधिकारी के साथ डॉ. राजेश कुमार और टीम, बाल रोग, डॉ. अभिषेक रामाधन, कान, नाक, गला, डॉ. अर्चना और टीम-ओबीजीवाइएन, डॉ अनंत सिन्हा और टीम, प्लास्टिक सर्जन, डॉ. कृष्णा किंकर दास, ईएनटी, डॉ. रवि रौशन, डेंटल, डॉ देबरोती चट्टोराज, डेंटल आदि मौजूद रहेंगे।

# डिलिस्टिंग उलगुलान महारैली में इटकी से हजारों लोग होंगे शामिल: जनजाति सुरक्षा मंच

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार, संस्कृति परंपरा को बचाने के लिए 24 दिसंबर को रांची में होने वाले डिलिस्टिंग उलगुलान महारैली की तैयारी को लेकर जनजाति सुरक्षा मंच ने एक बैठक की। बैठक इटकी प्रखंड प्रमुख सरना स्थल इटकी में जनजाति सुरक्षा मंच के इटकी प्रखंड समिति सदस्य सूरज उरांव के नेतृत्व में आयोजित हुई। जनजाति सुरक्षा मंच के क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी के पथ पर चलकर कार्तिक उरांव ने धर्मांतरण किये लोगों के खिलाफ लंबी लड़ाई सड़क से संसद तक लड़े। अब हमलोगों को लड़ना है। धर्मांतरित लोग हम मूल आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार को छिन रहे हैं। अवैध तरीके से इसाई मिशनरी द्वारा धर्मांतरण कराकर आदिवासियों की संख्या को कम किया जा रहा है। जनजाति सुरक्षा मंच के प्रदेश सदस्य सह राष्ट्रीय आदिवासी मंच के कार्यकारी अध्यक्ष सन्नी उरांव ने कहा कि धर्म बदल लिये लोगों को एसटी की सूची से बाहर करना है इसी मांग को लेकर 24 दिसंबर को डिलिस्टिंग महारैली का आयोजन किया जा रहा है।

इस मौके पर जनजाति सुरक्षा मंच के प्रखंड समिति सदस्य बिहरा उरांव, श्रीनाथ कच्छप, बादल उरांव, सुधीर उरांव, मोहन कच्छप, गणेश केरकेट्टा, राजू खलखो, सतन उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

## आजाद सिपाही में छपी खबर का असर

# अड़की गढ़ा नदी के पुल की होगी मरम्मत


पुल के गिर जाने से चार पंचायत के दर्जनों गांव, प्रखंड मुख्यालय से कट जाएंगे
अड़की से उलिहातू धरती आबा बिरसा मुंडा के गांव को जोड़ने वाला एकमात्र पुल खतरे में
आजाद सिपाही संवाददाता
खूंटी। जिले के अड़की प्रखंड अंतर्गत गुंतुरा गांव के समीप वियर गढ़ा नदी के ऊपर बना पुल कभी भी धंस सकता है। अड़की उलिहातु मुख्य पथ, वियर गढा नदी पर बना पुल जो बडीनिचकेल, तिरला, तिनतिला एवं मदहातु पंचायत के लोगों के लिए के लिए तमाड़ प्रखंड कार्यालय एवं बुंडू बाजार जाने का एक मात्र पुल है। यह पुल अड़की से अमर शहीद बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु जाने का एक मात्र पुल है। इस रास्ते से हजारों लोग अपने रोजमर्रा के काम से प्रखंड कार्यालय आते-जाते है। ग्रामीण अपने रोजमर्रा के जरूरी समानों की ढुलाई वाहनों से इसी पुल से होकर करते है। इस पुल का निर्माण बहुत मुश्किल से हो पाया था। जब वह पुल नहीं था तो बरसात के दिनों में बडीनीचकेल, तिरला, तिनतिला एवं मदहातु पंचायत के दर्जनों गांव के लोग अपने प्रखंड कार्यालय से चार महीनों के लिये कट जाते थे। अगर वह पुलिया गिर जाती है तो लोगों को फिर से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी जिला के अड़की प्रखंड के अंतर्गत गुंतुरा गांव के समीप उलिहातू मुख्य पथ पर वियर गढ़ा नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। आजाद सिपाही में गुरुवार के अंक में खबर छपने के बाद खूंटी के उपायुक्त के निर्देश पर ग्रामीण विकास विभाग के दो अभियंता और एसडीओ ने पुल का निरीक्षण किया और जल्द मरम्मत करने का आश्वासन दिया है। मालूम हो कि अड़की से उलिहातू के गांवों को जोड़ने वाला यह एकमात्र पुल है।







# ग्वाले को प्रताड़ित करने के मामले में इंद्रदेव यादव ने दर्ज करायी प्राथमिकी

**यदुवंशी को बांधकर जान से मारने का किया गया था प्रयास**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** भैंस के द्वारा फसल खाए जाने के बाद एक ग्वाले को अमानवीय तरीके से प्रताड़ित किया जाना पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में शुक्रवार को इंद्रदेव यादव नामक व्यक्ति ने रामगढ़ थाने में प्राथमिक दर्ज कराया है। प्राथमिकी के अनुसार बाजार टांड़ निवासी अरुण महतो और उनके परिवार के तीन अन्य सदस्यों ने मिलकर यदुवंशी को बांधकर जान से मारने का प्रयास किया था। अब इस पूरे मामले की जांच रामगढ़ पुलिस कर रही है। इंद्रदेव यादव ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले जब वह अपने खटाल वैष्णो देवी मंदिर के समीप कुम्हार टोला मे पर मौजूद थे, तभी अरुण महतो कहा कि उनका भैंस उसके खेत में घुसकर फसल बर्बाद कर चुका है। जब इंद्रदेव यादव बाजार टांड़ पहुंचे तो वहां अरुण महतो और उनके परिवार के तीन अन्य सदस्यों ने मिलकर उन्हें खंबे में बांधकर उनका गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की गयी। वे लोग उनसे 10000 जुर्माना भरने की बात कह रहे थे। वहां भी आम नागरिकों में इस बात को लेकर काफी रोष है।



# क्षेत्रीय मनोरंजन के दिग्गजों ने हाथ मिलाया

**रांची (आजाद सिपाही)।** मितवा टीवी देश के पहले ओटीटी न्यूज और भोजपुरी मनोरंजन प्लेटफॉर्म के साथ चर्चित हुई, इसने आगे बढ़कर भोजपुरी मनोरंजन क्षेत्र की चर्चित कंपनियों में महुआ एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड और महुआ ब्राडकास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड को अपने साथ संयुक्त करके भोजपुरी मनोरंजन के क्षेत्र में बड़े स्तर पर कार्यक्रमों को लांच करने की घोषणा कर दी है। मितवा टीवी के सीइओ अविनाश राज ने बताया कि महुआ प्लस ब्रांड भारत का एक स्थापित नाम है, जिसे यूपी, बिहार और झारखंड के लोग बेहद पसंद करते हैं।

# मजबूत लीडरशिप का असर

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के मद्देनजर बीजेपी की ओर से जारी 39 प्रत्याशियों की पहली सूची ने पार्टी के बाहर के लोगों का तो ध्यान खींचा ही, पार्टी के अंदर भी बहुतों को असहज कर दिया। इस सूची में उन लोगों के भी नाम हैं, जो मौजूदा केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य हैं या लंबे समय से राष्ट्रीय राजनीति में रच-बस गए हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और बीजेपी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय जैसे नामों ने खास तौर पर चौंकाया। कैलाश विजयवर्गीय का तो एक विडियो भी वायरल हो गया है, जिसमें वह पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच यह कहते देखे गए कि टिकट पाकर उन्हें कोई खुशी नहीं हो रही और उनका चुनाव लड़ने का एक परसेंट भी मन नहीं है। जाहिर है, टिकट पार्टी नेतृत्व ने उनकी मर्जी पूछकर नहीं दिया है। उन्होंने पार्टी का निर्देश मानकर यह फैसला स्वीकार किया। बीजेपी नेतृत्व की यह विशेषता पिछले कुछ समय से बिलकुल स्पष्ट होकर उभरी है। यह संगठन के अंदर आत्मसंतुष्टि के भाव को जड़ जमाने का मौका नहीं देता। समय-समय पर सबको झकझोरता चलता है। गुजरात विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी ने पूरी स्टेट कैबिनेट बदलकर पहली बार के विधायक भूपेंद्र पटेल को कमान सौंपी और चुनाव में असाधारण जीत दर्ज की। हालांकि, कर्नाटक में पार्टी नेतृत्व की ऐसी ही रणनीति नाकाम साबित हुई, लेकिन फिर भी ताजा संकेत बताते हैं कि पार्टी तेलंगाना और राजस्थान जैसे राज्यों में भी इसी रणनीति पर अमल करने वाली है। राजस्थान के बारे में कहा जा रहा है कि वहां वसुंधरा राजे को परोक्ष रूप से दरकिनार करने की कोशिशें पार्टी की चुनावी संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसमें दो राय नहीं कि राजनीति में कोई ऐसा रामबाण नहीं होता, जो हर मामले में और हर परिस्थिति में अचूक साबित हो। इस नीति के भी अपने अच्छे बुरे पहलू हैं, लेकिन फिर भी ध्यान देने वाली बात यह है कि आज की तारीख में बीजेपी में ही इस तरह के फैसले देखने को मिलते हैं। तात्कालिक तौर पर इन फैसलों से प्रभावित लोगों में असंतोष दिख सकता है, लेकिन यह असंतोष बगावत का रूप नहीं लेता। वजह यह है कि बीजेपी में केंद्रीय नेतृत्व मजबूत है। वहां नरेंद्र मोदी के रूप में एक ऐसा सर्वोच्च नेता मौजूद है जिसकी लोकप्रियता पूरे देश के हर क्षेत्र में है। पार्टी वोट के लिए भी मुख्य रूप से उसी चेहरे पर निर्भर है। ऐसे में विभिन्न राज्यों या क्षेत्रों के कुछ खास इलाकों में प्रभाव रखने वाले या पद की बदौलत प्रभाव हासिल कर लेने वाले नेता पार्टी नेतृत्व के फैसले को चुनौती देने की स्थिति में नहीं होते। हालांकि तमाम फैसलों की तरह इन्हें भी हर बार चुनावी लिटमस टेस्ट से गुजरना ही होता है। और जब तक जनता की मुहर लगती रहती है तब तक इनकी अहमियत भी कायम रहती है।

**इसी साल होने वाले मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में कुछ कैबिनेट मंत्रियों के नाम भी शामिल हैं। इस लिस्ट के आने के बाद जितना हैरान बाहर के लोग हुए उतनी ही चर्चा पार्टी के अंदर भी हो रही है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**विश्व को 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना से काम करने की नसीहत देने वाला भारत आज दुनिया की आर्थिक महाशक्तियों के लिए एक भरोसेमंद रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदार बनकर उभरा है। भारत की प्रौद्योगिकी समर्थित-प्रगति विकासशील देशों के लिए प्रेरक बन गई है। जबकि अत्याधुनिक व उन्नत प्रौद्योगिकी लैस विकसित देश भारत के साथ साझेदारी के अवसर तलाश रहे हैं।**

# गुजरात से सेमीकंडक्टर उद्योग का आगाज

## माइक्रोन का संयंत्र अन्य राज्यों के लिए बनेगा पथप्रदर्शक, खुलेंगे अवसर के नये द्वार

**राजीव चंद्रशेखर**

गुजरात स्थित साणंद में सेमीकंडक्टर संयंत्र का शिलान्यास कर भारत ने इस महीने एक और इतिहास रचा है। अरसे से सेमीकंडक्टर उद्योग लगाने का सपना अब साकार होने जा रहा है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबल एवं निर्णायक नेतृत्व को जाता है। उनकी अगुवाई में केंद्र सरकार ने विगत करीब साढ़े नौ साल के दौरान अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, जिनमें भारत को सेमीकंडक्टर राष्ट्र बनाने का निर्णय एक युगांतकारी कदम है। इससे देश में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अवसर के नये द्वार खुलेंगे और डिजिटल अर्थव्यवस्था रफ्तार पकड़ेगी।

विश्व को 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना से काम करने की नसीहत देने वाला भारत आज दुनिया की आर्थिक महाशक्तियों के लिए एक भरोसेमंद रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदार बनकर उभरा है। भारत की प्रौद्योगिकी समर्थित-प्रगति विकासशील देशों के लिए प्रेरक बन गई है। जबकि अत्याधुनिक व उन्नत प्रौद्योगिकी लैस विकसित देश भारत के साथ साझेदारी के अवसर तलाश रहे हैं। महज एक दशक पहले भारत से विदेशी निवेशक पलायन कर रहे थे आज यह देश उनके लिए निवेश का पसंदीदा ठिकाना बन गया है। कोविड की विषम परिस्थितियों से सक्षमतापूर्वक निपटने और आर्थिक गतिविधियों दोबारा पटरी पर लाने में भारत ने जो तत्परता दिखाई वह पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बन गई है। महामारी के बाद बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत के आर्थिक विकास की तीव्र रफ्तार सबसे बड़ी वजह है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थाई सरकार, जो साहसिक फैसले लेती है।

**प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात में माइक्रोन का यह संयंत्र भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।**

गुजरात में सेमीकंडक्टर उद्योग के संयंत्र की स्थापना मोदी सरकार की इस महीने की एक और बड़ी उपलब्धि है। सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी अमेरिकी कंपनी माइक्रोन द्वारा गुजरात के साणंद में अपना पहला संयंत्र के लिए 23 सितंबर को भूमि-पूजन किये जाने साथ भारत ने सेमीकंडक्टर के अपने सफर का आगाज किया। इसके दो दिन पहले 21 सितंबर को संसद ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण के प्रावधान वाले विधेयक पर मुहर लगाकर देश की आधी आबादी की दशकों से लंबित मांग पूरी की। नये भारत की नवीन परिकल्पना और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नव निर्मित संसद भवन में प्रवेश हमारे लिए एक सुनहरा पल था। इस नये संसद भवन में विशेष सत्र के दौरान पहले विधेयक के रूप में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित करवाकर मोदी सरकार ने वाकई इतिहास रचा है।

इससे पहले 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिल्पकारों के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर देश के कारीगरों व शिल्पकारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया, जिससे 18 पारंपरिक व्यवसायों को नया जीवन मिलेगा। यह संयोग है कि नये भारत के शिल्पकार आदरणीय मोदी जी का भी जन्म-दिन 17 सितंबर ही है। इस महीने के आरंभ में देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से स्वीकृत नई दिल्ली घोषणा-पत्र में अभूतपूर्व फैसले लिए गए। शिखर-सम्मेलन में हिस्सा लेने आए राष्ट्राध्यक्षों ने भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करके शासन-व्यवस्था को सरल व पारदर्शी बनाने और नागरिकों को सशक्त करने की पहलों की खूब सराहना की।

भारत ने 2025-26 तक देश की जीडीपी में डिजिटल अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी 20 फीसदी से अधिक करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम में सेमीकंडक्टर का अहम स्थान है। आज इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले चिप का भारत आयात करता है, लेकिन जब देश में चिप बनने लगेंगे तो आयात पर निर्भरता घटेगी। इस तरह सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास से देश में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को गति मिलेगी। हालांकि माइक्रोन के सेमीकंडक्टर संयंत्र का निर्माण अभी भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग की विकास यात्रा का महज आरंभ है। लेकिन यह शुरुआत भी जिस अंदाज के साथ हुई है उससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि अन्य देशों के मुकाबले भारत बहुत कम समय में सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब 22 महीने पहले दिसंबर 2021 में 10 अरब डॉलर की राशि के साथ भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) को मंजूरी दी थी, जो भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक व्यापक दशकीय रोडमैप है। इस 10 साल में महज 10 अरब डॉलर की राशि से हमने जितना हासिल करने का लक्ष्य रखा है उतना चीन 200 अरब डॉलर खर्च करके 30 साल में भी नहीं कर पाया है।

हमारा मकसद भारत को वैश्विक मानचित्र पर ऐसे सेमीकंडक्टर राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है जो न सिर्फ अपनी घरेलू जरूरतों की पूर्ति करेगा बल्कि दुनिया की आपूर्ति श्रृंखला में अहम योगदान करेगा।

दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर कंपनी माइक्रोन ने भारत में अपनी विनिर्माण इकाई स्थापित करने की घोषणा के महज तीन महीने बाद यहां संयंत्र निर्माण का काम शुरू कर दिया है। साणंद में जीआईडीसी-2 औद्योगिक क्षेत्र स्थित करीब 93 एकड़ के क्षेत्र कंपनी अपनी असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी) केंद्र का निर्माण करेगी जिसे तैयार होने में करीब 18 महीने लग सकता है।

बहरहाल, माइक्रोन पास में 10 एकड़ के परिसर स्थित एक फैक्टरी का अधिग्रहण करके पाइलट के तौर पर उसे अपनी एटीएमपी सुविधा के रूप में तैयार कर रही है।

माइक्रोन ने अपने पूरे प्रोजेक्ट की लागत करीब 2.75 अरब रहने की घोषणा की थी जिसमें केंद्र सरकार की तरफ से 50 फीसदी प्रोत्साहन के साथ-साथ राज्य सरकार की सब्सिडी भी शामिल है। निवेश की इस राशि से करीब 5000 नई प्रत्यक्ष और 15,000 सामुदायिक नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात में माइक्रोन का यह संयंत्र भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इससे अन्य प्रांतों को भी ऐसी क्रिटिकल प्रौद्योगिकी के विकास के लिए अनुकूल इकोसिस्टम तैयार करने की नसीहत मिलेगी। प्रधानमंत्री बनने से पहले मोदी जी करीब 13 साल गुजरात के मुख्यमंत्री रहे। उस दौरान उन्होंने राज्य के औद्योगिकी विकास के लिए अनुकूल पारिस्थितिक तंत्र और जरूरी बुनियादी सुविधाएं तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया। नतीजतन, विदेशी निवेशकों के लिए गुजरात निवेश का एक आकर्षक ठिकाना बन गया है।

दुनिया के देश भारत को ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन में एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रहे हैं। विश्व की दिग्गज कंपनियां भारतीय युवाओं की मेधा शक्ति और कौशल के कायल हैं। सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम के विकास से आने वाले दिनों में देश के युवाओं के लिए अवसर के अनेक दरवाजे खुलने वाले हैं जिससे देश की अर्थव्यवस्था का तेजी से विस्तार होगा और भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को जल्द ही हासिल करेगा।

**(लेखक केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री हैं।)**





**गुजरात में सेमीकंडक्टर उद्योग के संयंत्र की स्थापना मोदी सरकार की इस महीने की एक और बड़ी उपलब्धि है। सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी अमेरिकी कंपनी माइक्रोन द्वारा गुजरात के साणंद में अपना पहला संयंत्र के लिए 23 सितंबर को भूमि-पूजन किये जाने साथ भारत ने सेमीकंडक्टर के अपने सफर का आगाज किया।**

## जमशेदपुर की खबरें

# आदर्श गृहस्थ योगी योगावतार लाहिड़ी महाशय

**195वीं जयंती पर विशेष**





'योगावतार' के रूप में अत्यंत सम्मानित सुप्रसिद्ध संत श्री श्री लाहिड़ी महाशय ने संसार को क्रियायोग की एक स्थायी विरासत प्रदान की, जो एक ईश्वर-प्रदत्त मुक्ति की प्रविधि है। आइए एक आदर्श गृहस्थ योगी के रूप में उनके अनुकरणीय जीवन पर पुनर्विचार करें, जो भौतिकवाद से परे और ईश्वर पर केंद्रित जीवन की भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का साक्ष्य प्रस्तुत करता है।

महान गुरु का जन्म 30 सितंबर 1828 को श्यामाचरण लाहिड़ी (1828-1895) के रूप में घुरणी, बंगाल में एक पवित्र परिवार में हुआ था। उन्होंने वाराणसी के पवित्र नगर में एक अकाउंटेंट के रूप में साधारण जीवन व्यतीत किया। वे दो बच्चों के पिता थे। सन् 1861 में तैंतीस साल की आयु में हिमालय के रानीखेत पर्वतों में अमर गुरु महावतार बाबाजी से पहली बार उनकी भेंट हुई थी। यह भेंट वस्तुतः गुरु और शिष्य के मध्य विद्यमान शाश्वत बंधन का पुनर्जागरण था। बाबाजी ने श्यामाचरण को क्रियायोग की पवित्र दीक्षा प्रदान की। सहस्राब्दियों पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने मुक्ति की यह प्राचीन योग प्रविधि अर्जुन को प्रदान की थी तथा कालांतर में यह पतंजलि और इसा मसीह को ज्ञात थी। तत्पश्चात बाबाजी ने सभी निष्ठावान साधकों को क्रियायोग की दीक्षा प्रदान करने का कार्य सौंप पर उन्हें विदा किया।

तत्पश्चात शीघ्र ही क्रियायोग की दिव्य सरिता वाराणसी के सुदूर कोने से भारत में दूर-दूर तक प्रवाहित होनी प्रारंभ हो गयी। अपने सर्वसमावेशी स्वरूप के कारण लाहिड़ी महाशय का क्रियायोग का संदेश सांप्रदायिक सिद्धांतों, जाति और पंथ की सीमाओं को पार करते हुए दूर-दूर तक मानव जाति के मन तक जा पहुंचा। क्रियायोग एक प्राणायाम का स्वरूप है जिसमें हम श्वास, मन और प्राणशक्ति का प्रयोग करते हैं–मेरुदंड में प्राणशक्ति को ऊपर और नीचे प्रवाहित करने तथा प्रमस्तिष्क मेरुदंडीय केंद्रों और अपने अंतः में ईश्वरीय विद्यमानता को जाग्रत करने के फलस्वरूप आध्यात्मिक विकास की गति तीव्र होती है। महान गुरु ने योग की प्राचीन जटिलताओं को संक्षिप्त व्यावहारिक आध्यात्मिक वास्तविकताओं में परिणत किया, जो गृहस्थों और संन्यासियों, दोनों के लिए समान रूप से ग्राह्य थीं। उनकी पवित्र शिक्षाओं ने अनगिनत भक्तों के जीवन को रूपांतरित किया। उनके कुछ निकट शिष्यों का अवतार-सदृश संतों के रूप में उत्थान हुआ। उन्होंने कहा था, 'ईश्वर-साक्षात्कार आत्म-प्रयास से संभव है, वह किसी धार्मिक विश्वास या किसी ब्रह्मांड नायक की मनमानी इच्छा-अनिच्छा पर निर्भर नहीं है।'

लाहिड़ी महाशय सन 1886 में सेवानिवृत्त होने के पश्चात शायद ही कभी अपने निवास स्थान से बाहर गये होंगे। भक्तगण प्रायः देखते थे कि पूजनीय गुरुदेव पद्मासन में बैठे हुए श्वासरहितता, निद्रारहितता, नाड़ी और हृदय की धड़कन का रुका हुआ होना और उनके चारों ओर आनंद एवं शांति का प्रगाढ़ वलय होना जैसे अतिमानवीय लक्षणों को प्रकट करते थे। उनके शिष्यों में श्री श्री परमहंस योगानंद के गुरु स्वामी श्रीयुक्तेश्वर के साथ-साथ अनेक राजपरिवार, विद्वान और प्रतिष्ठित संत सम्मिलित थे। जैसी स्वयं योगावतार ने भविष्यवाणी की थी, सन 1946 में योगानंदजी की पुस्तक 'योगी कथामृत' में लाहिड़ी महाशय का जीवन चरित्र प्रकाशित किया गया था। सन 1917 में योगानंदजी ने क्रियायोग शिक्षाओं का प्रसार करने के उद्देश्य से रांची में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया की स्थापना की। वर्तमान में पूरे भारत में इसके दो सौ से अधिक ध्यान केंद्र और मंडलियां, चार आश्रम और अनेक रिट्रीट केंद्र हैं।

लाहिड़ी महाशय ने 26 सितंबर, 1895 को वाराणसी में महासमाधि में प्रवेश किया। ईश्वर-साक्षात्कार प्राप्त महात्मा अपनी इच्छानुसार शरीर को त्याग सकते हैं और चेतना के उच्चतर स्तर पर जा सकते हैं। उनके शब्दों में, 'क्रियायोग की गुप्त कुंजी के उपयोग के द्वारा देह-कारागार से मुक्त होकर परमतत्व में भाग निकलना सीखो।' लाहिड़ी महाशय के द्वारा क्रियायोग के पुनरुद्धार ने पूरे संसार में क्रियायोग के प्रसार का मार्ग प्रशस्त किया और साधकों को स्वयं अपने भीतर देवत्व की खोज करने और आत्मा की चेतना के खोये हुए स्वर्ग को पुनः प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## उप विकास आयुक्त ने सड़क सुरक्षा समिति के साथ की बैठक, दिये निर्देश

# ओवर स्पीडिंग और अवैध पार्किंग पर करें कड़ी कार्रवाई: प्रवीण कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले में सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने व आम लोगो की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन ने कार्रवाई का निर्देश दिया। शुक्रवार को जिला समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराइ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में अपर नगर आयुक्त आदित्यपुर, अपर उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला, पुलिस उपाधिक मुख्यालय, जिला परिवहन पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहें। मौके पर उपविकास आयुक्त ने सड़क दुर्घटनाओ के नियंत्रन के लिए दिये गये अनुपालन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निदेश दिये। जिला परिवहन पदाधिकारी शंकर आचर्य शमाद ने बताया बीते अगस्त माह में अलग अलग जगह कुल 17 दुर्घटना हुई। जिसमे 11 लोगों की मृत्यु हो गयी। जिले में कुल 04 ब्लैकस्पॉट चिन्हित किए गए। जिसमे दुगनी, टोल रोड मोड, घोड़ा बाबा मोड़ व बड़ा आमदा खरसावां शामिल है। पुलिस उपाधिक्षक ने बताया सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित व यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर विभाग जिले के कई क्षेत्रों में नियमित जांच अभियान चला रही हैं। बीते माह सड़क सुरक्षा यातायात नियमों का अनुपालन कराने के लिए जांच अभियान में कुल 18 लाख नौ सौ रूपए जुमार्ना वसूला गया। वही उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के बताया मई माह में अवैध शराब बिक्री व उत्पाद पर रोक लगाने के लिए हाइवे समेत जिले के कई क्षेत्र मे छापामारी कर करवाई की जारही है। उप विकास आयुक्त नें कहा जिले मे हो रही सड़क दुर्घटनाओ को नियंत्रण में लाना सबका जिम्मेवारी है। इसके लिए आम जनता को भी प्रशासन का सहयोग करना होगा। उन्होंने ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का निदेश दिए। साथ ही दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में रोड साइनेज की संख्या बढ़ाने, जागरूकता के लिए फ्लेक्स लगाने, यातायात नियमों के उल्लंघन पर रोक, अवैध पार्किंग, ओवर स्पीडिंग व ड्रंक एंड ड्राइव पर नियम संगत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र में यातायात नियमों के उल्लंघन,बड़े वाहनों में ओवर लोडिंग, ओवर स्पीडिंग व भीड़-भाड़ वाली क्षेत्रो में अवैध पार्किंग पर नियमसंगत कानूनी कारवाई के निर्देश दिये।

## पंचायत समितियों की समीक्षा कर राज्य सरकार की योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का दिये निर्देश

# सभी पंचायत समिति का 7 अक्टूबर तक हो पुनर्गठन : बीर सिंह सुरेन


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जिला अध्यक्ष के निर्देश पर झामुमो जिला समिति ने की बैठक**



**जमशेदपुर।** पुर्वी सिंहभूम जिले के झामुमो जिला अध्यक्ष सह घाटशिला विधायक दास सोरेन के निर्देश पर झामुमो जिला समिति की एक बैठक साकची जिला संपर्क कार्यालय में आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अथिति झामुमो जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बीर सिंह सुरेन,विशिष्ट अतिथियों में जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ति व अरुण प्रसाद,जिला कार्यालय सचिव प्रीतम हेंब्रम शामिल हुए। मौके पर मौजुत झामुमो नेता व कार्यकर्ताओ ने सभी अतिथियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बीर शहीद भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बैठक की शुरूआत की गयी। मौके पर बैठक में शामिल प्रखंड अध्यक्ष सहित तमाम प्रखंड के पदाधिकारी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि बीर सिंह सुरेन ने जमशेदपुर प्रखंड कमेटी की बैठक में हेमंत सरकार के महाआकांक्षी योजनाओ को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आग्रह किया। साथ ही झामुमो संघठन को सशक्त व मजबूत बनाने के लिए कई दिशा निर्देश दिये। बैठक के दौरान वीर सिंह सुरेन ने जमशेदपुर प्रखंड के 55 पंचायतों का समीक्षा की। समीक्षा के दौरान प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कू ने क्षेत्र के 39 पंचायतों का पुनर्गठन होने की जानकारी दी। साथ ही अन्य 16 पंचायतों में पुनर्गठन जल्द संपन्न कराने का आश्वासन दिया। वीर सिंह सुरेन ने पंचायत समिति का पुनर्गठन संपन्न करने के लिए दो तैयारी समिति का गठन किया। तैयारी समिति में आठ पंचायत के लिए प्रखंड अध्यक्ष बहादुर, मनोज नाहा, पप्पू, मासुम, कार्तिक गोपाल व अन्य आठ पंचायत के लिए सचिव पाल्टन मुर्मू, मलिन,तपन मांझी, अली अख्तर, प्रकाश को पदभार सौपा गया। मौके पर दोनो तैयारी समिति को 7 अक्टूबर तक पुनर्गठन का कार्य संपन्न कराने व जिला अध्यक्ष सह विधायक रामदास सोरेन को सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सभी प्रखंड के पदाधिकारियों को सदस्यता रसीद सौपा गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ति व अरुण प्रसाद ने बैठक में शामिल सभी पदाधिकारी को ग्रामीण क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाकर झामुमो संघठन को और ज्यादा से ज्यादा मजबूत करने का आग्रह किया। ताकि आने वाले लोकसभा व विधान सभा चुनाव के लिए राज्य सरकार व गठबंधन की सरकार को सशक्त बना सके। साथ ही हेमंत सरकार के द्वारा राज्य में चलाये जा रहे योजनाओं को जरूरतमंद अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का निर्देश दिया।

# राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर स्वावलंबी बने महिलाएं : विधायक



**पटमदा (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के पटमदा प्रखंड के संसद भवन बिड़रा में जेएसएलपीएस का बांगुड़दा संकुल का छह पंचायतों के वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को वार्षिक आम सभा मे बतौर मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, विशिष्ट अतिथि जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू शामिल रहे। उसका लाभ उठाते हुए अपने और परिवार को स्वावलंबी बनाये। महिला समूहों के बीच मुख्य अतिथि के हाथों में परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बजरंग दल के शौर्य जागरण रथ यात्रा के बंशीधर नगर पहुंचने पर धर्म सभा आयोजित



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद की इकाई बजरंग दल के द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी शौर्य जागरण यात्रा कार्यक्रम के तहत गुरुवार को शौर्य जागरण यात्रा रथ श्री बंशीधर नगर पहुंचा। यहां श्री बंशीधर मंदिर के खलिहान प्रांगण में विहिप व बजरंग दल की ओर से विशाल धर्म सभा का आयोजन किया गया। धर्म सभा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष शामिल हुए। इस दौरान शौर्य जागरण रथ के साथ मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्म भूमि अयोध्या से आए विद्वान संत महात्माओं का भव्य स्वागत किया गया। बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी के कार्यकताओं के द्वारा सभी संतों, अंगतुक अतिथियों व अयोध्या मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ संरक्षक शारदा महेश प्रताप देव तथा स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित तारकेश्वर पांडे को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। धर्म सभा के मौके पर केंद्रीय अधिकारी वीरेंद्र कुमार, पलामू विभाग मंत्री विमल कुमार, जिला अध्यक्ष राजेश प्रताप देव, नगर उतरी अध्यक्ष गौरव पांडे, दुर्गा वाहिनी के पलामू व गढ़वा के जिला अध्यक्ष रेणु देवी, निशा कुमारी, नंदनी कुमारी, रानी जयसवाल, काजल जायसवाल, उत्कर्ष जायसवाल, राहुल जायसवाल, अभिषेक तिवारी, अनुज कुमार चंद्रवंशी, बॉबी जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### विशुनपुरा में शौर्य जागरण रथ यात्रा का विहिप-बजरंग दल ने किया भव्य स्वागत



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** शौर्य जागरण रथ यात्रा का भव्य स्वागत विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया। भगवान श्री राम की रथ यात्रा बंशीधर नगर से चल कर विशुनपुरा गांधी चौक पर पहुंचने पर रथ पर रामसेतु में उपयोग की गयी पत्थर की एक झलक पाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं इस दौरान विशुनपुरा गांधी चौक पर धर्म सभा का आयोजन किया गया। सभा में विहिप के क्षेत्रीय मंत्री विमल जी ने कहा कि भारत के शौर्य को पुनः जागृत करने के लिए यह रथ यात्रा पूरे भारत वर्ष में की जारही है। वहीं धर्म रक्षा प्रमुख राधेश्याम पांडेय ने लोगों को धर्म की रक्षा के लिए समर्पित होने का आह्वान किया। मौके अयोध्या से संत चिन्मया कृष्ण भ्रह्मचारी जी, राजेश प्रताप देव, विहिप के जिला अध्यक्ष, कुमार गौरव, जिला धर्म रक्षा प्रमुख राधेश्याम पांडेय, विहिप अनुमंडल अध्यक्ष गौरव पांडेय, विहिप प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, रविंद्र मिश्रा, गौरीशंकर गुप्ता, अवधविहारी गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### शौर्य जागरण रथ यात्रा का रमना पहुंचने पर स्वागत के लिए उमड़ी लोगों की भीड़



**रमना (आजाद सिपाही)।** शौर्य जागरण रथ यात्रा शुक्रवार को बंशीधर नगर से होते हुए रमना बाजार स्थित श्री सीताराम मानस मंदिर पहुंची, जहां विहिप बजरंग दल एवं मातृ शक्ति, एकल परिवार, दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत एवं पूजा अर्चना की गयी। साथ ही राम सेतु में प्रयुक्त शीला का भी लोगों ने दर्शन कर अपने को कृतार्थ किया। श्री राम के जयघोष से पूरा बाजार राममय हो चुका था। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं सहित अनेकों राम भक्तों ने पूजा पाठ कर रथ को विदा किया। इस मौके पर कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए बजरंग दल के त्यागी उमाकांत ने कहा कि राम मंदिर का बनना हम रामभक्तों सहित पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। यह महत्वपूर्ण क्षण हमारे देश के इतिहास में जुड़ा एक नया आयाम स्थापित होगा। इसके माध्यम से पूरे देश के हिंदू समाज के आस्था को सम्मान प्राप्त हुआ है। मौके पर अनुसूचित जनजाति प्रदेश अध्यक्ष शिवधारी राम, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष राजेश प्रताप देव, आरएसएस के जिला प्रचार प्रमुख अर्जुन चौधरी, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, विश्वकर्मा सोनी, प्रमोद यादव, सुनील गुप्ता, नीरज सिंह, पंकज कुमार, उषा देवी, प्रतिमा देवी, ललिता देवी, विमला देवी, अशफीर्लाल चंद्रवंशी, उपेंद्र कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा कर किया दौड़ का शुभारंभ

# विश्व हृदय दिवस पर रन फॉर हर्ट में गढ़वा दौड़ा

**सेमिनार में दिल्ली और रांची से आये चिकित्सकों ने दिल का दौरा पर तत्काल मरीज को सहायता पहुंचाने के लिए डेमोस्टेशन का प्रदर्शन कर लोगों किया जागरूक**






आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय में प्रभात मेडिकल सेंटर के तत्वावधान में विश्व हृदय दिवस पर रन फॉर हर्ट का आयोजन किया गया। रन फॉर हर्ट का शुभारंभ उपायुक्त शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, प्रभात मेडिकल सेंटर के हृदय रोग विशेषज्ञ डीएम कॉर्डियोलॉजिस्ट डा. पंकज प्रभात ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया।

मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि विश्व हर्ट दिवस के अवसर पर रन फॉर हर्ट का आयोजन किया जाना बहुत ही खुशी की बात है। कल्याणपुर स्थित नवनिर्मित समाहरणालय भवन से रन फॉर हर्ट का शुभारंभ किया गया।

रन फॉर हर्ट बाईपास रोड होते हुए टंडवा स्थित शगुन बैंक्वेट हॉल पहुंचने पर बैंक्वेट हॉल में एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार में दिल्ली व रांची से आये चिकित्सकों द्वारा दिल का दौरा पड़ने पर तत्काल मरीज को सहायता पहुंचाने के लिए पीएमसी डेमोस्टेशन का प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया गया।

इस मौके पर सीएस अवधेश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, समाजसेवी सह वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, डॉ जेपी सिंह, डॉ एन के रजक, परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के सर्जन डॉ कुमार निशांत सिंह, सार्जेंट मेजर ओमप्रकाश दास, संजय सोनी, नंदकुमार गुप्ता, मेदनी खान, संतोष केसरी, दौलत सोनी, उमेश कश्यप, डा. पतंजलि, डा. अमित कुमार, विजय केसरी, गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के जिलाध्यक्ष आलोक कुमार मिश्रा, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर, राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गुड्डु सिंह, चंदन जायसवाल, विशाल कुमार सहित शहर के कई प्रबुद्ध नागरिकों एवं आम लोगों ने हृदय स्वस्थ रखने के लिए दौड़ में शमिल होकर लोगों को जागरूक किया।

## भाजपा की सरकार बनने के बाद घाघरा एवं तुलसी डामर माइंस को चालू करवाऊंगा : भानु

**राज्य सरकार गरीबों से उगाही करने के लिए थाना और बीडीओ-सीओ का उपयोग करती है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** झारखंड की हेमंत सरकार जन विरोधी, गरीब विरोधी, आदिवासी विरोधी, युवा विरोधी, किसान-मजदूर विरोधी है। 2013 में जब हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने तो भवनाथपुर के घाघरा में माइंस को बंद कराया, जबकि 2019 में मुख्यमंत्री बनने के बाद तुलसी डामर माइंस को बंद कराया। उक्त बातें भवनाथपुर के विधायक सह भाजपा नेता भानु प्रताप शाही ने अलकर ग्राम में रोड एवं दो पुलिया का शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार झारखंड में बनने के बाद घाघरा एवं तुलसी डामर माइंस को चालू करवाऊंगा। विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि हेमंत सरकार अपने साथ आकाल लेकर आई है इस क्षेत्र में जब से हेमंत की सरकार बनी है आकाल है। भाजपा गरीबों के लिए आवास, सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था करती है, जबकि हेमंत सोरेन की सरकार गरीबों से उगाही करने के लिए थाना और सीओ-बीडीओ का उपयोग करती है। आज लोग बाइक चलाने में भी डरते हैं जैसे ही बाइक से दवा लेने जा रहे हो पुलिस उन्हें पकड़ लेती है भारी जुर्माना उनसे वसूलती है। बालू के लिए लोग त्राहि त्राहि कर रहे हैं। बालू से पैसा उगाही करना सरकार की नियति है।

उन्होंने झामुम नेता अनंत प्रताप देव एवं ताहिर अंसारी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आजकल क्षेत्र में भाई जी एवं भाई जान की जोड़ी चल रही है। जिन्होंने इस क्षेत्र के लिए कभी कोई विकास नहीं किया। आज वह भानु प्रताप शाही को हराने का सपना देख रहे हैं। भानु प्रताप शाही ने कहा कि आज अलकर गांव में लगभग 10 करोड़ की लागत से बनने वाली योजनाओं का शिलान्यास कर मैं बहुत ही खुश हूं। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हमेशा से आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, गरीबों, किसानों, युवाओं और बेरोजगारों के लिए उपयोगी योजनाएं चलाती रही है। आज गांव-गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिया गया आवास बना हुआ है। शायद ही कोई घर अब बचा है, जहां आवास नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार किसानों के लिए कई योजनाएं लाई है। महिला आरक्षण बिल लाकर उन्होंने महिलाओं को एक बहुत बड़ी सौगात दी है। मौके पर मंडल अध्यक्ष ग्रामीण विकास पांडेय, लक्ष्मण राम लवली आनन्द, मुकेश चौबे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मृतक मुसहर परिवार के घर पहुंचे एसडीओ, रहन-सहन की स्थिति से हुए अवगत

**बीडीओ और मुखिया को प्रति सप्ताह मुसहर परिवार का हाल-चाल लेने तथा राशन, पेंशन दिलाते रहने का दिया निर्देश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** एसडीओ राज महेश्वरम ने शुक्रवार को बाना गांव के मुसहर परिवार की मृतक सुनरी के घर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अन्य मुसहर परिवारों से मिलकर उनकी पारिवारिक, आर्थिक तथा सामाजिक गतिविधि के बारे में जानकारी ली। बता दें कि विगत रविवार को बाना के मुसहर परिवार की सुनरी की मौत मेराल बस स्टैंड के पास हो गई थी। एसडीओ राज महेश्वरम ने स्व. सुनरी के पति मनोज मुसहर से उसकी मौत के कारण तथा छोटा बच्चा के बारे में पूछताछ की। उसके दो ढाई वर्षीय बच्चा को देखा गया तो वह काफी तेज बुखार की चपेट में था तथा उसकी स्थिति काफी खराब थी। एसडीओ के कहने पर मेराल चिकित्सा प्रभारी डॉ वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में चिकित्सा दल तुरंत बाना पहुंचा तथा बच्चे का इलाज किया गया। एसडीओ द्वारा मुसहर परिवार से उनकी समस्या के बारे में पूछताछ की गई। लोगों ने बताया कि उनकी जमीन को अगल-बगल के लोग जबरदस्ती कब्जा कर लिए हैं। शिकायत मिलने के बाद एसडीओ ने मौके पर उपस्थित सीओ यशवंत नायक को तुरंत कार्रवाई करने का आदेश देते हुए कहा कि जो लोग मुसहर परिवार की जमीन पर कब्जा किए हैं उन्हें तुरंत नोटिस देकर जमीन खाली कराएं। एसडीओ ने मौके पर उपस्थित बीडीओ प्रवेश कुमार साव तथा मुखिया गौरी देवी को निर्देश दिया कि हर सप्ताह वे मुसहर परिवार के घर जाएं तथा उनकी स्थिति से मुझे भी अवगत कराते रहें। इस अवसर पर पूर्व मुखिया विजय सिंह, सहायक गोदाम प्रबंधक सतीश कुमार सिंह सहित कई अन्य ग्रामीण थे।

## 5 अक्टूबर को बाबूलाल की संकल्प यात्रा को सफल बनाने का भाजपा नेताओं ने लिया निर्णय




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरकेबीएस कॉलेज सोनपुरवा गढ़वा में भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेताओं की बैठक जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी के नेतृत्व में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से गढ़वा विधानसभा में आयोजित आगामी 5 अक्टूबर को प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बाबूलाल की लोकप्रियता को देखते हुए 20000 कार्यकर्ताओं के आने की संभावना को देखते हुए सभा स्थल बड़े स्थान चेतना फुटबॉल मैदान में कराने का निर्णय लिया गया। चिरौंजिया में स्वागत के पश्चात मोटरसाइकिल जुलूस के साथ सभा स्थल तक लाया जाएगा। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि मरांडी जी का गढ़वा प्रवास सह पूरा कार्यक्रम पार्टी के निर्देशन में संपन्न होगा। सभी कार्यक्रम संगठन की ओर से बनायी गयी रूपरेखा के अनुसार संपन्न होगा। कार्यक्रम को भव्य व दिव्य बनाने का एवं सभी बूथ के कार्यकर्ताओं को लाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से जिला संगठन प्रभारी अमित कुमार सिंह, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, जवाहर पासवान, राजीव राज तिवारी, सूरज गुप्ता, प्रमोद चौबे, जिला महामंत्री संतोष दुबे उपस्थित थे।

### महिलाएं ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा सकती हैं : प्रमुख करुणा सोनी




**रमना (आजाद सिपाही)।** रमना प्रखंड मुख्यालय स्थित सिलीदाग स्कूल के मैदान में जेएसएलपीएस के द्वारा वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रमुख करुणा सोनी, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, बीपीएम गिरजेश शर्मा, मड़वानिया मुखिया स्वीटी वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की। प्रमुख करुणा सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि देश से भ्रष्टाचार पर महिलाएं ही अंकुश लगा सकती हैं। कहा कि मोदी सरकार ने 33 प्रतिशत आरक्षण देकर नारी शक्ति को सशक्त करने का कार्य किया है। कहा कि दीदी बाड़ी योजना के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं संचालित की जा रही है। कहा कि सबका साथ, सबका विकास के साथ महिलाएं रूढ़िवादी सोच से उपर उठकर देश के विकास में योगदान दे रही हैं। वहीं बीपीएम गिरजेश शर्मा ने कहा कि महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत व स्वावलंबी बन रही हैं। इस दौरान बेहतर कार्य करने वाली सखी बहनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन पूनम देवी व धनवाद ज्ञापन मीना देवी ने किया। मौके पर मड़वानिया मुखिया स्वीटी वर्मा, सीसी अनय कुमार, रोहित कुमार, श्यामलाल पासवान, समाज सेवी अर्जुन चौधरी, अमित प्रकाश, ब्रजेश कुमार, बैंक सखी बबिता देवी, जीआरपी जितेन्द्र कुमार सिंह, अंतुल तिवारी, सविता देवी, रौशन आरा, सुनीता देवी, सुमन देवी, माया कुमारी,अंजू देवी, किरण सिंह, संयुक्त देवी, प्रतिमा देवी, मीना देवी, प्रियंका देवी, देवांती देवी, फूलकुमारी देवी,कविता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सैकड़ों कार्डधारियों ने दो महीने का राशन नहीं देने की उपायुक्त से की शिकायत

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के दीपुवा मुहल्ला वार्ड 9 के सैकड़ों कार्डधारी सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल के साथ आज राशन डीलर दीप्ति हेलेन कुजूर के विरुद्ध पिछले दो महीने का राशन अंगुठा लगाने के बाद नहीं देने की शिकायत उपायुक्त को आवेदन देकर की। मुहल्लेवासियों में रामकुमार उपाध्याय, ललिता देवी, गीता देवी, राजकुमारी देवी, शीला देवी, कैलाश बैठा सहित दर्जनों कार्डधारी मौजूद थे।

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**आवश्यक सूचना**

02 अक्टुबर 2023 गाँधी जयन्ती के शुभ अवसर पर हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पशु वध एवं माँस–मछली की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी।

अतः आदेश दिया जाता है कि दिनांक 02.10.2023 को कोई भी व्यक्ति पशु वध एवं माँस–मछली की बिक्री नहीं करें, पकड़े जाने पर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग

PR 307999 Urban Development and Housing(23-24).D

**कार्यक्रम :** राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम 2023 का जिला स्तरीय कार्यक्रम सह समापन समारोह का आयोजन

# उपायुक्त ने 'सही पोषण-देश रोशन' को लेकर शपथ दिलायी

**कार्यक्रम में अन्नप्रासन एवं गोद भराई जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम 2023 का जिला स्तरीय कार्यक्रम -सह- समापन समारोह का आयोजन उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला परिषद के सभागार में सम्पन्न की गई। उक्त कार्यक्रम -सह- समापन समारोह में मुख्य रूप से जिला परिषद की अध्यक्ष शांति देवी, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, प्रदीप कुमार सिंह उपस्थित थे। विदित हो कि इसके तहत दिनांक 01 सितंबर 2023 से 30 सितंबर 2023 तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जाना था, जिसका थीम 'सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत' है। थीम के लक्ष्य प्राप्ति हेतु पोषण माह 2023 में विभिन्न स्तरों पर कार्य किया जाना था, यथा- 06 माह तक केवल स्तनपान एवं ऊपरी आहार, स्वस्थ बालक स्पर्धा, पोषण भी-पढ़ाई भी, मिशन लाइफ द्वारा पोषण में सुधार, लक्षित आदिवासी क्षेत्रों में पोषण पर उन्मुखीकरण एवं टेस्ट ट्रीट टॉक-एनीमिया सम्मिलित है। उपरोक्त गतिविधियों से संबंधित कैलेंडर के अनुसार गतिविधियों का आयोजन करने एवं संबंधित की प्रतिभागिता सुनिश्चित करने का कार्य किया गया। उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के समापन समारोह में पोषण माह के तहत संलग्न सभी पदाधिकारियों/कर्मियों के अच्छे कार्यों की सराहना की गई। कार्यक्रम के आयोजन से इसके तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा जनहित में बताये गए जरूरी बातों को आत्मसात करते हुए गर्भवती महिलाएं एवं धात्री माताएं एवं बच्चों के माता-पिता अपने एवं अपने शिशुओं के स्वास्थ्य का बेहतर ध्यान रख पाते हैं। सभी को उनके कार्यों को भली भांति पूर्ण करने को लेकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा उपस्थित सबों के बीच 'सही पोषण-देश रोशन' को लेकर शपथ ग्रहण भी कराया गया तथा इस पोषण अभियान को देशव्यापी जन आंदोलन बनाने की बात कही। जिला परिषद की अध्यक्ष शांति देवी एवं सिविल सर्जन डॉ० अवधेश सिंह ने भी राष्ट्रीय पोषण माह 2023 के तहत अपने-अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान अन्नप्रासन एवं गोद भराई जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, पीपीआईए राम कुमार, पिरामल फाउंडेशन के लोग, सभी महिला पर्यवेक्षिका, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी एवं आंगनबाड़ी सेविकाएं समेत अन्य लोग उपस्थित थीं।

**उपायुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) का कार्यालय, गिरिडीह (जिला ग्रामीण विकास अभिकरण)**

Phone No.- 06532-222572, Email ID- (drdagiridih@yahoo.co.in)

मनरेगा अन्तर्गत संविदा अधारित ग्राम रोजगार सेवक के पदों (**Backlog**) पर नियुक्ति हेतु

–:: आम सूचना ::–

विज्ञापन संख्या–01 / 2023–24

ग्रामीण विकास विभाग झारखण्ड, रॉंची के संकल्प संख्या–4729 दिनांक 04.06.2007 एवं नियुक्ति सेवा शर्त एवं कर्तव्य (संशोधन नियमावली 2012) के संकल्प संख्या–6440 दिनांक 17.07.2012 एवं संकल्प सं0–(N) 848 दिनांक 21.03.2017 के आलोक में सूचित किया जाता है कि जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गिरिडीह के अधीन महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु संविदा आधारित ग्राम रोजगार सेवक के पदों (**Backlog**) पर अस्थायी नियुक्ति हेतु आवश्यक योग्यता / अर्हता धारी इच्छुक आवेदकों से विहित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। वर्तमान में रिक्त पदों की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | मासिक परिलब्धि | कुल पद | अनारक्षित | अ0पि0 व0 | पि0व0 | अनु0 जा0 | अ0ज0 ज0 | आ0क0व 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ग्राम रोजगार सेवक | 11000 / – | 05 | 00 | 00 | 00 | 00 | 05 | 00 |

नोट :–
1. उपरोक्त मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 05.10.2023 से 25.10.2023 तक बेवसाईट (https://applyrdd.jharkhand.gov.in) पर केवल ऑनलाईन आवेदन स्वीकार किया जाएगा।
2. नियुक्ति हेतु शर्तें एवं शैक्षणिक योग्यता सहित अन्य विस्तृत जानकारी के लिए गिरिडीह जिला के वेबसाईट www.giridih.nic.in पर देखा जा सकता है।

प्रभारी पदाधिकारी, मनरेगा, डी0आर0डी0ए0, गिरिडीह।
निदेशक, डी0आर0डी0ए0, गिरिडीह।
उपायुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, गिरिडीह।

PR.NO.308005 Rural Development(23-24):D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 30 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## सोनाहातू में अवैध बालू खनन और भंडारण के खिलाफ मामला दर्ज



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** खनन विभाग के उड़न दस्ता टीम ने शुक्रवार को सोनाहातू प्रखंड के बालू घाट में छापामारी किये। खान विभाग के विशेष सचिव हरि कुमार केशरी, खान विभाग के उप निर्देशक शंकर सिन्हा, जिला माइनिंग संजीव कुमार, सहायक खनन पदाधिकारी राम नरेश सिंह माइनिंग इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह के साथ थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल की टीम ने सोनाहातू प्रखंड के बिरदीडीह घाट में छापामारी किये। छापामारी में 62900 सीएफटी बालू जब्त किया गया। बिरदीडीह घाट में अवैध बालू खनन ओर भंडारण करने के आरोप में माइनिंग एक्ट के तहत सुषेन लोहरा, साधु महतो, प्रकाश महतो, नेपाल मुंडा, शाहरूख खान सहित दो अन्य लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

### तोरपा में कांग्रेस का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

# आगामी चुनाव में कांग्रेस का परचम खूंटी में लहराना है : प्रदीप बलमुचू

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** किसी भी हाल में आगामी चुनाव में कांग्रेस का परचम खूंटी में लहराना है। इसके लिए कार्यकर्ता गांव-गांव का दौरा करें और लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए ठोस पहल करें। कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचे और उनकी समस्याएं आला अधिकारियों को मिले। ये बातें शुक्रवार को भारत माता कल्याण मंडप तोरपा में आयोजित कांग्रेस के एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व सांसद और आदिवासी मामले के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप बलमुचू ने कही।




बलमुचू ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में आदिवासी, मुसलमान, गरीब और दलितों पर अत्याचार बढ़ा है। केंद्र सरकार देश में जाति और धर्म के नाम पर विद्वेष फैला रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आदिवासी विरोधी है, उनकी गलत नीतियों के कारण आदिवासी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। बलमुचू ने कहा कि मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ घटी घटना ने पूरे देश को शर्मसार किया है। घटना के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी का चुप्पी साधना, उनकी विफलता को दिखाता है। इतनी बड़ी घटना के बावजूद एक बार मणिपुर क्यों नहीं गये कार्यक्रम की अध्यक्षता विनायक राय और संचालन दिलीप गुप्ता ने किया। मौके पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता शिवशंकर साहू, पूर्व प्रमुख सामडोम तोपनो, सुरेश तोपनो, आजाद खान, सरोज तोपनो, तुरतन तोपनो, मसीह भेंगरा, दुर्गा नायक, हेलेन, सरोज , जयपाल बोदरा, हाथीराम प्रधान, इलियास सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### खुलकर सामने आयी कांग्रेस की गुटबाजी

तोरपा में शुक्रवार को आयोजित एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस की गुटबाजी खुलकर सामने आ गयी। कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू के इस कार्यक्रम में खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी या प्रखंड समिति के किसी नेता ने भाग नहीं लिया। तोरपा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में न जिलाध्यक्ष नजर आये और न ही आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष और न ही कोई प्रखंड अध्यक्ष। भले ही कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने गुटबाजी की बात से इंकार किया और कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन की जानकारी न तो जिलाध्यक्ष को दी गयी और न ही आदिवासी सेल के जिलाध्यक्ष को। यही कारण है कि कांग्रेस का कोई पदाधिकारी कार्यक्रम में भाग नहीं ले सका।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### एसएसबी 26वीं वाहिनी के कमांडेंट एसडी शेरखाने ने किया मेगा फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, अनगडा द्वारा सी-समवाय बासुकोचा में शुक्रवार को सामाजिक चेतना अभियान अंतर्गत मेगा फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडी शेरखाने (कमांडेंट) ने दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद विभिन्न गांवों से आए प्रतिभागी टीमों के खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया गया। इस अवसर पर डॉ ब्रजेश कुमार, कमांडेंट (चिकित्सा), निरीक्षक (सा.) विकास कुमार, निरीक्षक (सा.) मृत्युंजय कुमार सहित वाहिनी के बलकर्मी, खिलाडी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। यह टूनार्मेंट 29 सितम्बर से 03 अक्टूबर तक खेला जायेगा। टूर्नामेंट में बासुकोचा के आसपास के गांव से 08 टीमों का चयन किया गया है। मौके पर मुख्य अथिति एसडी शेरखाने ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी खिलाड़ियों को खेल भावना का ध्यान रखने को कहा तथा सभी को शपथ ग्रहण कराया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने फुटबॉल को पासिंग कर मेगा फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरूआत की। अपने संबोधन में एसडी शेरखाने ने कहा की खेल हमारे जीवन में बहुत महत्व रखता है। उन्होंने सभी खिलाडियों को राज्यस्तरीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए प्रेरित किया।

### कर्रा में मनाया गया विश्व हृदय दिवस



**कर्रा (आजाद सिपाही)।** कर्रा सासुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को विश्व हृदय दिवस मनाया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। डॉ विजय ने कहा कि हृदय रोग के कई लक्षण है। विशेषकर सीना में दर्द हो, तो तत्काल नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच करायें और चिकित्सक की सलाह का पालन करें। उन्होंने कहा कि 30 वर्ष से ऊपर आयु के लोग अपना ब्लड प्रेशर की जांच नियमित रूप से सरकारी अस्पतालों में कराते रहें। कर्रा प्रखंड में यह सुविधा सीएचसी, पीएचसी और सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम, पौष्टिक आहार और समुचित आराम करना भी जरूरी है। वसायुक्त भोजन और जंक फुड, धूम्रपान, तंबाकू, गुटखा, शराब का सेवन न करें।

### कर्रा में लाठी-डंडे से पीटकर एक व्यक्ति की हत्या

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** कर्रा थाना क्षेत्र के घुनसुली गांव में गुरुवार की रात लगभग ग्यारह बजे बादो मुंडा नामक व्यक्ति की हत्या महज इसलिए कर दी गई कि वह शराब के नशे में गांव के ही एक व्यक्ति को गाली दे रहा था। गुरुवार की रात उसी गांव के बिरसा मुंडा ने लाठी डंडे से पीटकर बादो मुंडा की जान ले ली। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा कर्रा पुलिस को दी गई। कर्रा थान की पुलिस धटनास्थल पर पहुंच कर शव को थाना ले आई। शुक्रवार को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव को स्वजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने हत्या के आरोपित बिरसा मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। बिरसा मुंडा ने कहा कि बादो मुंडा शराब के नशे में आकर उसके घर के पास गाली-गलौज कर रहा था। मना करने पर भी गाली- गलौज करता रहा। आवेश में अकर उसने लाठी-डंडा से पिटाई कर दी। इससे वह जमीन पर गिर गया और उसकी वहीं मौत हो गयी।

### राशन वितरण में कोताही बर्दाश्त नहीं: उपायुक्त



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त लोकेश मिश्र ने शुक्रवार को आयोजित जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक में राशन कार्ड, निरीक्षण, खाद्यान्न आवंटन और वितरण, आधार सीडिंग, धान अधिप्राप्ति आदि की कार्य प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में जिले में 109664 एनएफएसए और 11672 जेएसएफएसएस राशन कार्डधारियों की संख्या है। राशन कार्ड के माध्यम से 481932 व्यक्ति लाभान्वित हो रहे हैं। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि लाभुकों को समयबद्ध तरीके से निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही और कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि विभागीय दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए कार्यो को ससमय पूरा करें। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि नए राशन कार्ड के लिए प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के आलोक में त्वरित गति से भौतिक सत्यापन सहित अन्य जांच करायें और पात्र लाभुकों को राशन कार्ड उपलब्ध करायें।

### खूंटी साप्ताहिक हाट में कानूनी जन जागरूकता कार्यक्रम



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झालसा, रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में सौ दिवसीय अभियान के तहत शुक्रवार को खूंटी साप्ताहिक हाट में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों की देखभाल और संरक्षण विधेयक 2015, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बच्चों की तस्करी सहित अन्य विषयों पर लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर डालसा के सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि लोगों विशेषकर दूर- दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान डालसा के एलएडीसी राजीव कमल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को जागरूक करते हुए आर्थिक तौर पर कमजोर परिवारों के बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, सुरक्षा एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। उन्होंने लोगों से स्वच्छता पखवाड़े के संदर्भ में चर्चा करते हुए लोगों से गांधी जयंती के अवसर पर एक घंटे का श्रमदान कर अपने आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई का अभियान चलाने की अपील की।

### ग्रामीणों ने डीलर पर लगाया राशन वितरण में अनियमितता बरतने का आरोप



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अड़की प्रखंड अंतर्गत कुजियांबा गांव के सैकड़ों ग्रामीण शुक्रवार को समाहरणालय पहुंचे और गांव में राशन दुकान का संचालन कर रहे गायत्री महिला समूह पर राशन वितरण में घोर अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए उपायुक्त लोकेश मिश्र सहित जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने उक्त राशन डीलर पर व्यापक मात्रा में अनाज की कटौती कर कार्ड धारी ग्रामीणों के बीच कम मात्रा में राशन का वितरण करने, अनेक कार्डधारियों को राशन नहीं देने, डीलर के इन मनमानियों का विरोध करने वाले लाभुक कार्डधारियों के साथ गाली-गलौज करने सहित अन्य कई गंभीर आरोप लगाते हुए राशन दुकान को हटाने और उसकी जगह में नये डीलर को नियुक्त करने की मांग की गयी है। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम ने बताया कि ग्रामीणों के इस आरोप को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने आरोपित राशन डीलर को शोकॉज जारी कर दिया है। वे स्वयं इस मामले की जांच करेंगे। जांच में ग्रामीणों की शिकायत सही पाए जाने पर आरोपित राशन डीलर के विरुद्ध समुचित कार्रवाई की जायेगी।

## बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** प्रखंड के बंता पंचायत सचिवालय में भारतीय जनता पार्टी पतराहातू मंडल स्तरीय बूथ सशक्तिकरण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर प्रजापति ने की। कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारी व शक्ति केंद्र संयोजक ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं प्रदेश द्वारा नियुक्त प्रवासी प्रभारी जैलेन्द्र कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज शामिल हुए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रदेश के निर्देश पर मंडल पदाधिकारी एवं शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों का सत्यापन कार्य चल रहा है। आज इसी के निमित्त मंडल पदाधिकारी एवं शक्ति केंद्र संयोजक का सत्यापन किया गया। पुनः 30 सितंबर को बूथ सशक्तिकरण को लेकर बैठक किया जाएगा। पूरे प्रदेश में बूथ विजय अभियान का कार्य चल रहा है। जिसको 30 सितंबर तक पूर्ण करना है। उन्होंने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए युवा और महिला लोगों को बूथ कमेटी में जोड़ेंने के लिए मंडल के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया। वहीं विनय महतो धीरज ने कहा कि हमारा लक्ष्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक अवगत कराना है ताकि आगामी चुनाव में अधिक से अधिक भाजपा के पक्ष में मतदान करें। यह तभी संभव होगा जब हमारा बूथ मजबूत होगा।

### बुंडू में हाथी का झुंड दिखायी देने से ग्रामीण परेशान

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** के रेलाडीह पंचायत के जंगलों में पिछले 10 दिनों से 50 हाथियों का झुंड जंगलों में डेरा डाले हुए हैं। शुक्रवार की शाम बुंडू-राहे सड़क के पोवादिरी टॉवर के पास हाथी का झुंड दिखाई देने से ग्रामीण डरे हुए हैं, ग्रामीणों ने वन विभाग सूचना देने के दौरान हाथी को भगाने के लिए हाथी भगाने वाला दल जंगलों से हाथियों के झुंड को खदेड़ा जा रहा है।

## जमीन विवाद में सात घायल, तीन रिम्स रेफर

**ग्रामीणों ने सभी घायलों को सोनाहातू सीएचसी पहुंचाया**



आजाद सिपाही सवांददाता

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के दानाडीह गांव में शुक्रवार को करीब दो बजे जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट में दो महिला समेत सात लोग घायल, तीन की हालत गंभीर है जो रिम्स रेफर किया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दानाडीह गांव में दो पक्ष के बीच कॉफी दिनों से उक्त गांव में एक जमीन विवाद चल रहा है। जो एक पक्ष महाबीर महतो अपने परिवार के साथ लगभग दस सहयोगियों को लेकर कंठेश्वर महतो के घर परांपरिक हथियार लेकर पहुंचे और गाली गलौज करते हुए कंठेश्वर महतो व उनके भाई जलेश्वर महतो, महेश्वर महतो को मारपीट करने लगा और दोनों पक्ष में मारपीट हो गया जिसमें बीचबचाव करने आई महिला जानकी देवी व मीनी देवी को भी पीटकर घायल कर दिया। तथा कंठेश्वर महतो उनके दोनों भाई को सर पर बार कर दिया। जिसमें जमीन में गिरते देखकर सभी लोग भाग गये। वहीं ग्रामीणों द्वारा सभी घायलों को सोनाहातू सीएचसी लाया गया। घायलों में एक पक्ष कंठेश्वर महतो, भाई जलेश्वर महतो, महेश्वर महतो व पत्नी जानकी देवी वहीं दूसरे पक्ष के महाबीर महतो, पत्नी मीनी देवी, व भेलवाटीकर-सताकी, राहे प्रखंड निवासी विकास महतो घायल है। जिसमें कंठेश्वर महतो, जलेश्वर महतो, महेश्वर महतो की सिर में गहरी चोट के कारण हालत गंभीर है। जहां रिम्स रेफर किया गया है। दोनों पक्ष में समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नही किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी सतीश बर्णवाल ने बताया कि दोनों पक्ष में मौखिक सूचना दिया गया था जो ईलाज के लिए भेजा गया है जो अभी तक किसी पक्ष ने लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। मामला दर्ज करने के आगे कार्रवाई किया जायेगा।

### राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला टीम रवाना

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग में 29 सितंबर से दो अक्टूबर तक आयोजित 15वीं झारखंड राज्य तीरंदाजी प्रतियोगिता 2023 में भाग लेने के लिए शुक्रवार को खूंटी जिला तीरंदाजी टीम हजारीबाग के लिए रवाना हुई। प्रतियोगिता के तहत अंडर 9, अंडर 14, अंडर 17 जूनियर और सीनियर वर्ग में इंडियन राउंड के बालक/ बालिका वर्ग में जिले के 36 खिलाड़ी भाग लेंगे। खूंटी से हजारीबाग के लिए बस में रवाना हुई जिला टीम के साथ जिला तीरंदाजी संघ के सचिव और एनआइएस क्वालिफाइड कोच बसंत और रोशन भी हजारीबाग गये हैं।

### कैसर खान को पद से हटाने का विरोध किया



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी द्वारा 27 सितंबर को खूंटी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष कैसर खान को पद से हटाने का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध किया है। इसको लेकर कांग्रेस के सभी विंग के कार्यकताओं ने तोरपा में बैठक कर प्रदेश कांग्रेस के प्रति रोष प्रकट किया। बैठक में कहा गया कि 2024 में लोकसभा का चुनाव होना है। ऐसे में एक जागरूक और पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता को पद से विमुक्त करने से पार्टी को बहुत बड़ी क्षति हो सकती है। उपस्थित कार्यकताओं ने पुनः पद पर बहाल करने को कहा। कार्यकर्ताओं ने कहा किअगर ऐसा नही होता है, तो सभी अल्पसंख्यक कार्यकर्ता सामूहिक रूप से इस्तीफा देंगे। बैठक में अध्यक्ष अजय, उपाध्यक्ष तैयब, पूर्व प्रमुख सामडोम टोपनो, संजय, जाहिद रैन, अख्तर अहमद, छत्रपाल, पपलू खान, अमृत तोपनो, इमरान खान आदि उपस्थित थे।

### ऑनलाइन व बंडा पर्चा खतियान में जाति स्वांसी अंकित कर दिये जाने से हजारों लोग परेशान

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड के कई पंचायत के सैकड़ों गांव के हजारों लोगों का ऑनलाइन व बंडा पर्चा खतियान में जाति स्वांसी अंकित कर दिए जाने से हजारों लोग परेशान हैं इसे सुधारने के लिए फरवरी माह में ही अंचल कार्यालय में तथा उपायुक्त रांची कार्यालय में आवेदन दिया गया था लेकिन अब तक खतियान में दर्ज स्वांसी को हटाने का कार्य नहीं किया गया है इससे परेशान होकर ग्रामीण जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल के नेतृत्व में शुक्रवार को बुंडू एसडीओ अजय साव से मुलाकात की और गलतियों को सुधारने का आग्रह किया अन्यथा ग्रामीण उग्र होकर आंदोलन की चेतावनी दी बुंडू एसडीओ ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर संबंधित पदाधिकारी से वार्ता की और कहा की जल्द ही समस्याओं का समाधान करने का आशवासन दिया।

### पेसा कानून में पंचायत सचिव के मनोनयन नियम को रद्द किया जाये: एलेस्टर बोदरा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कोयल कारो जनसंगठन कमेटी ने झारखंड सरकार( पंचायती राज विभाग) पर आदिवासियों के संवैधानिक प्रावधानों तथा भावना के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। तपकरा बलिदान स्थल के पास शुक्रवार को जनसंगठन के महासचिव विजय गुड़िया की अध्यक्षता में बैठक कर उक्त बातें कही गयी। इस दौरान झारखंड उलगुलान संघ के संयोजक एलेस्टर बोदरा ने कहा कि पेसा कानून के ढोस क्रियान्वयन के लिए सुसंगत नियमावली निर्माण के लिए मांगे गये मंतव्य, सुझाव और आपत्तियों को दरकिनार कर देने से पूरा आदिवासी समाज ठगा हुआ महसूस कर रहा है। पेसा कानून पारंपरिक ग्रामसभा के अधिकार युक्त स्वायत्तता की बात करती है, पर पंचायत सचिव को पारंपरिक ग्रामसभा का पदेन सचिव मनोनयन किया जाना, पारंपरिक ग्रामसभा की स्वायत्तता पर बहुत बड़ा कुठाराघात है। झारखंड सरकार से उलगुलान संघ मांग करती है कि यथाशीघ्र ग्राम-सभा के पदेन सचिव के रूप में पंचायत सचिव का मनोनयन के नियम को रद्द किया जाये। बैठक में मसीहदास गुड़िया, जोन जुरसन गुड़िया, मनसिद्ध गुड़िया, सहदेव बड़ाईक, जीवन गुड़िया, एरियल कंडुलना सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राहे में 22 दिव्यांगों को दी सहायता सामग्री

**राहे (आजाद सिपाही)।** समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत समावेशी शिक्षा के अंतर्गत 3 वर्ष से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों के लिए राहे बीआरसी कार्यालय में जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच के बाद 22 दिव्यांग बच्चों के बीच 26 उपकरण दिया गया। मौके पर बीपीओ प्रवीण कुमार,आर टी सतेंद्र महथा,सावित्री कुमारी, संतोष, राकेश, गौरी सहित अभिवावक मौजूद थे।

### राहे में बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा ने की बैठक

**राहे (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी राहे मंडल स्तरीय बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर बैठक मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक और बूथ अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राजन साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए राजन ने कहा कि प्रदेश के निर्देश पर मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों का पूरे प्रदेश में बूथ विजय अभियान के तहत सत्यापन कार्य चल रहा है। सभी कार्यकर्ताओं से संकल्प के साथ अपने अपने बूथों को मजबूत करने की अपील क। चुनाव में बूथ जीता मतलब चुनाव जीता। वहीं विनय महतो धीरज ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता ही हमारी ताकत है, हम बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के बल पर यहां तक पहुंचे हैं। हर कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी भूमिका होती है। हमारा लक्ष्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक अवगत कराना है।

## जोरशोर से चल रहा मां दुर्गा मंदिर का निर्माण कार्य

### मां दुर्गा की मूर्ति, मंदिर का गुंबद व फर्श में ग्रेनाइट का कार्य जारी, समिति ने सहयोग की अपील की

आजाद सिपाही सवांददाता

**बेड़ो।** महादानी मंदिर परिसर में मां दुर्गा के मंदिर का निर्माण कार्य जोरशोर से चल रहा है। मां दुर्गा के सफेद मकराना मूर्ति का निर्माण राजस्थान में हो रहा है मंदिर का गुम्बद व फर्श में ग्रेनाइट का कार्य जारी है समिति ने इन तीनों में सहयोग की अपील किया है। इसके निर्माण कार्य में सहयोग रहा तो बहुत जल्द श्रद्धालुओं को मंदिर का नया व भव्य रूप देखने को मिलेगा। जन सहयोग से लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से बन रहे मंदिर व गुंबद भव्य व आकर्षण का केंद्र होगा। उड़ीसा से आए गंगाधर मिस्त्री के नेतृत्व में एक दर्जन कारीगर



गुंबद को आकर्षक रूप देने में लगे हुए हैं। मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों की देखरेख में चल रहा है। उन्होंने बताया कि अभी गुंबद व फर्श में ग्रेनाइट काम चल रहा है। इसके बाद गर्भगृह में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। समिति ने मां के भक्तों से सहयोग की अपील की है। समिति ने मंदिर निर्माण में अभी तक सहयोग प्रदान करने वाले मां के भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही मां के भक्तो से अपील की है कि मंदिर के निर्माण में बढ़ चढ़ कर मंदिर निर्माण कार्य को पूरा कराने में अपना भरपूर सहयोग प्रदान करें। समिति के द्वारा लोगो को अधिकृत किया गया। जिनमें सौमित्र शर्मा, वाणी राय, मुकेश, साधन, परना व उमेश के पास अपना सहयोग राशि दान स्वरूप जमा कर सकते है। इसके अतिरिक्त यूको बैंक के एकाउंट नं 08030110072301में भी जमा कर सकते है। मंदिर निर्माण के लिए मंदिर निर्माण समिति ने प्रखंड व आस पास क्षेत्र के लोगों एवं श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की है।

## बूथ स्तरीय कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत हैं: कोचे मुंडा

आजाद सिपाही सवांददाता

**खूंटी।** बूथ स्तरीय कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत हैं। बूथ जितना मजबूत होगा, उतना ही भाजपा मजबूत होगी, लेकिन यह अफसोस की बात है कि ही एक ओर हम बूथ सशक्तीकरण अभियान चला रहे हैं, वहीं बूथ स्तरीय पदाधिकारियों को ही मालूम नहीं है कि कितने बूथ हैं। जब हमें मालूम हीं नहीं रहेगा कि हमारे कितने बच्चे हैं, तो हम परिवार कैसे चलायेंगे। ये बातें तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने कही। तोरपा के नगर भवन में शुक्रवार को आयोजित मंडल स्तरीय बूथ सशक्तीकरण शिविर को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाएं और केंद्र सरकार की उपलब्धिध्यों और राज्य की हेमंत सरकार की नाकामियों की जानकारी दें और उन्हें भाजपा संगठन से जोड़ें।

### समाज के हर व्यक्ति के सुख-दु:ख में शामिल हों: काशीनाथ महतो

**कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सामज के हर व्यक्ति के सुख-दु:ख में शामिल हों, भले ही वह दूसरे राजनीतिक दल काही क्यों न हों। उन्होंने कहा कि बूथ स्तरीय कार्यकर्ता ही पार्टी संगठन की रीढ़ और सच्चे कार्यकर्ता है। मौके पर मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी, महामंत्री विनोद धान आदि ने भी विचार व्यक्त किये।**

## सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता की पहल पर विद्यालय प्रबंधन ने दिया प्रमाण पत्र



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी प्रखंड के गांगुटोली ओरमांझी निवासी सागर मुंडा एवं खटंगा निवासी महेंद्र उरांव का चयन अग्निवीर के लिए होना है । जिसके लिए मैट्रिक का बोनाफाइड सर्टिफिकेट का माँग किया गया । इसे लेकर दोनों आदिवासी युवक एसएस हाई स्कूल ओरमांझी जहाँ से मैट्रिक का परीक्षा पास किया था , प्रमाण पत्र देने का अनुरोध किया। और कहा कि हम लोगों का चयन आर्मी अग्निवीर में हो गया है ।हम दोनों को 1 अक्टूबर तक प्रमाण पत्र जमा करना है। हमें बोनाफाइड प्रमाण पत्र दिया जाए। विद्यालय प्रबंधन द्वारा ऑडिट कार्य में व्यस्तता का बहाना बनाकर आना कानी किया जा रहा था । इसकी सूचना प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता को हुई । सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता ने त्वरित पहल करते हुए विद्यालय पहुंचकर विद्यालय प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाया। और दोनों आदिवासी युवक को प्रमाण पत्र दिलवाया । दोनों युवकों को परेशान करने के लिए विद्यालय प्रबंधन ने सांसद प्रतिनिधि से माफी मांगी ।सांसद प्रतिनिधि परेशान करने वाले शिक्षक के विरुद्ध कर रहे थे कारर्वाई की तैयारी ।

## चान्हो में स्वतंत्रता सेनानी स्व. देवदीप राम दुबे इनामी फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** आदिवासी सरना क्लब चलियो के तत्वावधान में शुक्रवार को दूसरी स्वतंत्रता सेनानी स्व. देवदीप राम दुबे (गुटुवा) इनामी फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत की गयी। उद्घाटन मैच खूंटी टोली और गम्हरिया के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में खूंटी टोली ने गम्हरिया को एक गोल से मात दिया। इससे पहले मुख्य अतिथि ट्राइबल ड्रीम्स के राष्ट्रीय संरक्षक करमा उरांव ने स्व. देवदीप राम दुबे के चित्र पर माल्यार्पण कर टूर्नामेंट की शुरुआत की। मौके पर मुखिया चंपा उरांव, बुधूवा टाना भगत, पंचू टाना भगत, दुखी उरांव, रामनंदन टाना भगत, अध्यक्ष रवि उरांव, सचिव प्रदीप भगत, कोषाध्यक्ष जितेंद्र उरांव समेत अन्य लोग शामिल थे।

## बेड़ो करांजी अंजुमन के पूर्व सचिव खलील अंसारी के निधन पर शोक व्यक्त



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बेड़ो प्रखंड के करांजी अंजुमन के पूर्व सचिव खलील अंसारी 55 वर्ष का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। खलील अंसारी की तबीयत मंगलवार को खराब होने पर स्वजनों ने उन्हें इलाज के लिए सेवा सदन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनके बिगड़ते स्वास्थ्य को देखते हुए चिकित्सकों ने बुधवार को मेदांता रेफर कर दिया। जहां लगभग 11 बजे दिन में उनका निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन की जानकारी मिलने पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। खलील क्षेत्र में लोगों के सुख-दुःख व सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते थे। मृतक अपने पीछे पत्नी मदीना खातुन व तीन पुत्र हसनैन अंसारी, जुलकर नैन अंसारी, रबुल अंसारी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इधर उपप्रमुख मोदसीर हक, हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, आफताब आलम, करमा उरांव, पूर्व पंसस अमीन अंसारी व अब्दुल अंसारी समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। वहीं इशा की नमाज के बाद उन्हें रात 8:00 बजे करांजी कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया।

## लापुंग में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** आज दिनांक 29/09/23 को लापुंग प्रखंड के हुलसू पंचायत में जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा विधिक जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बाल श्रम, बाल विवाह, दहेज प्रथा,डायन प्रथा, सड़क दुघर्टना से संबंधित कानूनों की जानकारी दिया गया तथा प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें मेडिएटर ममता श्रीवास्तव, पीएलभी भूप्रताप महतो, सतीश कुमार, उमेश कुमार, सधनी कुमारी, प्रतिमा कुमारी तथा ललिता देवी साथ मे दर्जनो महिला उपस्थित थे।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने 'मेरी माटी मेरा देश' अमृत महोत्सव पर प्रभात फेरी निकाली



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मेरी माटी मेरा देश आजादी अमृत महोत्सव पर गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय उच्च विद्यालय की बच्चियों ने वार्डेन हल्याणी हेम्ब्रम के नेतृत्व प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी स्कूल परिसर प्रारंभ हो कर प्रखंड कार्यालय, लोहरदगा रोड, महावीर चौक, बाजार टांड़ का परिभ्रमण कर पुनः स्कूल पहुंची। कार्यक्रम सफल बनाने में शिक्षक अनूप कुमार, राधा कुमारी, पुष्पा कुजूर, पूजा कुमारी, धानी टोप्पो, नाइट गार्ड सुका उरांव, सुरक्षा गार्ड जुली कुमारी ने सराहनीय योगदान दिया।

## चटकपुर नवासोसो में ज्वेलरी की छिनतई कर बाइक सवार दो अपराधी हुए फरार

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चटकपुर नवासोसो में अपराधियों ने एक स्वर्णकार से ज्वेलर्स की छिनतई कर फरार हो गये। घटना गुरुवार की रात साढ़े सात बजे की है। जानकारी के मुताबिक न्यू मधुकम रोड के रहने वाले धनंजय कुमार सोनी का चटकपुर विश्वकर्मा चौक स्थित सीमा अलंकार ज्वेलर्स की दुकान है। रोजाना की तरह धनंजय शाम 7 बजे दुकान बंद कर एक बैग में ज्वेलर्स को डाल कर बाइक से घर के लिये निकले थे। इसके कुछ देर बाद ही एजेंट चौक नवासोसो खटाल के पास एक बाइक में सवार दो अपराधियों ने पीछा कर धनंजय से बैग छिन कर चटकपुर की ओर फरार हो गये। छीना झपटी में धनंजय बाइक से नीचे गिर गया। वह उठ कर अपराधियों का पीछा भी किया परंतु अपराधी गोली मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये। बाइक से गिरने के कारण धनजंय के पैर व अन्य जगहों पर चोट आयी है। बैग में छह ग्राम की सोने की चेन, नाक का किल व चांदी का पायल था। मामले को लेकर भुक्तभोगी ने रातू थाने में अपराधियों के खिलाफ भादवि की धारा 356, 382 के तहत कांड संख्या 381 दर्ज कराया है। पुलिस अपराधियों का पता लगा रही है।

**कार्यक्रम :** कुरमी/कुड़मी करम मिलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# कुरमी समाज ने अतिथियों का कुड़माली का प्रतीक पीला गमछा ओढ़ाकर किया स्वागत

**सजनी म्युजिकल के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नागपुरिया गीत प्रस्तुत कर लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** कुरमी/कुड़मी समाज की ओर से शुक्रवार को गोंदलीपोखर चौक में कुरमी/कुड़मी करम मिलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग नागपूरिया गीत संगीत के साथ की गई। मौके पर कुरमी समाज द्वारा आगंतुक अतिथियों का स्वागत कुड़माली का प्रतीक पीला गमछा ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सजनी म्युजिकल ग्रुप के सरिता देवी, मजबुल महेशपुरी, अनिल मुण्डा, राजु कुमार आदि आदि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नागपुरिया गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम देर रात तक चला। अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष सुप्रेश महतो ने की तथा संचालन राजेश महतो ने किया।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता सह जेटीयू के कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी, कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार, शिक्षाविद डॉ रिझु नायक, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, सुषमा देवी, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, रणधीर चौधरी, मनोज वाजपेयी, देवब्रत चौधरी, कारीनाथ महतो, नीलकंठ चौधरी, रामनाथ महतो, नरेश साहू, रामसाय मुण्डा, जगेश्वर महतो, राजेन्द्र मुण्डा, अजय तिर्की, साकीर अंसारी, छोटेलाल महतो, कृष्णा महतो, कैलाश महतो आदि मौजूद थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष सुप्रेश महतो, सचिव सोनालाल महतो, कोषाध्यक्ष दीपक चौधरी, राजेश महतो, शिवलाल महतो, सोनू महतो, अजीत महतो, पंकज महतो, राकेश महतो, महेन्द्र महतो, दीपक महतो, अनिल, कमलेश चौधरी, शशिभूषण, संजय, बेनीलाल महतो, राजकिशोर महतो, दिनेश महतो, हरिदास महतो, झब्बुलाल महतो, बाबूराम महतो, लब्बुलाल, चंदन, रंजन, भानू, शंकर, महाबीर, फलिन्द्र महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# अंतरराष्ट्रीय सुरक्षित गर्भ समापन दिवस पर कार्यशाला आयोजित

**महिलाओं और किशोरियों को सुरक्षित गर्भपात और इसके विभिन्न कानूनी प्रभावों से किया गया अवगत**




आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** सीआरइए के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षित गर्भ समापन दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बरवादाग पंचायत के मुसंगू आंगनबाड़ी केन्द्र में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें युवा महिलाओं, किशोरियों, आगंनबाड़ी कर्मियों सहित अन्य महिलाओं को गर्भधारण करने, शिशु के पालन पोषण आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यशाला में प्रशिक्षक नाश्मी जमाल ने सत्र में प्रजनन अधिकारों में गर्भ निरोधन और यौन स्वास्थ्य के बारे में शिक्षा और जानकारी प्राप्त करने का हक, यौन निर्णय करने का हक कि कौन से प्रकार के गर्भनिरोधक प्रयोग करने हैं, बच्चे कब और कितने पैदा करने हैं, सुरक्षित और कानूनी गर्भ समापन का हक आदि के बारे में बताया।

नाश्मी जमाल ने यह भी बताया कि गर्भ समापन को लेकर समाज में तमाम तरह की मिथ्या है। किसी विवाहित महिला को गर्भ समापन के लिए अपने पति या गार्जियन की सहमति लेना आवश्यक है। कार्यशाला सत्र में बताया गया कि विशेष श्रेणी की महिलाओं के गर्भ समापन की अवधि 20 से 24 सप्ताह तक बढ़ाई गई है। 1971 में एमटीपी एक्ट बना इसके बाद सुरक्षित गर्भ समापन की प्रक्रिया शुरू हुई। 1971 के प्रावधानों के अनुसार गर्भ समापन कई शर्तों के साथ वैध माना गया और एमटीपी एक्ट में 2021 में संशोधन किया गया।

कार्यशाला को सफल बनाने में सामुदायिक कार्यकर्ता रिझूवा मुण्डा, अमित कुमार, आरती कुमारी आदि का योगदान रहा।

# समिति के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं स्वावलंबी हो रही हैं : प्रमुख

**पिठोरिया आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिकी स्वावलंबी सहकारी समिति की आमसभा आयोजित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार, राज्य में कई कार्यक्रम चला रही है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी के सहयोग से प्रखंड स्तर पर भी ग्रामीण महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पिठोरिया आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिकी स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की शुक्रवार को वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के साल भर के आय-व्यय प्रस्तुत किये गए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल कांके प्रखंड के प्रखंड उप प्रमुख अंजय बैठा ने समिति के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समिति बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। समिति के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं स्वावलंबी हो रही हैं। वह अपना खुद का रोजगार खोल, घर चला रही हैं। साथ है सरकार द्वारा जो भी योजनाएं महिलाओं के विकास के लिए चलाए जा रही हैं, उसका भी लाभ महिलाओं को समिति के माध्यम से मिल रहा है। वहीं मौके पर मौजूद कांग्रेसी नेता जमील अख्तर ने कहा कि समिति महिलाओं को रोजगार देने के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता भी कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर नशा, जुआ, बाल विवाह, कानून, शिक्षा, स्वास्थ्य से संबंधित लोगों में जागरूकता नहीं है। लेकिन महिलाएं समिति में रह कर इन सभी चीजों से भी जागरूक हो रही है।

वहीं मौके पर मौजूद बीपीओ अल्मा कुल्लू ने जानकारी देते हुए बताया कि पिठोरिया क्लस्टर में कुल सात पंचायत हैं और 24 राजस्व ग्राम शामिल हैं। समिति के खास उद्देश्य है कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाया जाए, इसके लिए समिति की ओर से ऋण की व्यवस्था, निशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था व रोजगार मुहैया कराने में मदद करती है। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जैसे कि 'फूलो झानो योजना' के तहत भी महिलाओं को लाभ पहुंचाने में समिति मदद करती है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांके प्रखंड उपप्रमुख अंजय बैठा, कांग्रेसी नेता जमील अख्तर, पिठोरिया पंचायत की मुखिया मुन्नी देवी, सरपंच श्रवण गोप, जेएसएलपीएस कांके के प्रबंध बीपीएम अभिषेक कुमार, बीपीओ जोहार अल्मा कुल्लू, पिठोरिया समिति के अध्यक्ष आशा देवी, सचिव सुनीता देवी, कोषाध्यक्ष गुड़िया देवी सहित सैंकड़ों सदस्य मौजूद थीं।

**बैठक :** हुलसू पंचायत सचिवालय में जविप्र दुकानदारों के विरुद्ध बैठक में लाभुकों ने जताया आक्रोश

# जांच कर दोषी दुकानदारों के खिलाफ की जायेगी कार्रवाई : बीडीओ

**3 से 14 अक्टूबर तक सभी जनवितरण दुकानों की जांच लाभुकों के समक्ष की जाएगी : प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी**





आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** हुलसु पंचायत सचिवालय भवन प्रांगण में ग्राम प्रधान प्रभुदान होरो की अध्यक्षता में जनवितरण प्रणाली दुकानदारों की विरुद्ध बैठक की गयी। इस बैठक में सितंबर महीना का राशन वितरण में अंगूठा लगवाकर कम अनाज दिए जाने के विरुद्ध में लोगों ने आक्रोश जताया। बैठक में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी एमानुएल जयवीरस लकड़ा ने कहा कि कम अनाज देना अपराध है। इसकी जांचकर दोषी दुकानदार के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की बात कही। 2021-22 वर्ष का अधूरा प्रधानमंत्री आवास को अक्टूबर माह के पहले पखवाड़ा तक यथाशीघ्र पूरा करने की बात कही। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विनोद नारायण झा ने कहा कि हुलसु पंचायत के सात दुकानदार हैं उनके विरुद्ध 3 से 14 अक्टूबर तक सभी जनवितरण दुकान की जांच लाभुकों की समक्ष की जाएगी। दोषी पाए जाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के समक्ष दर्जनों लाभुकों ने दुकानदार के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज करायी व लाल कार्ड में प्रति व्यक्ति 05 किलो और पीला कार्ड में 35 किलो राशन लेने के नारे लगाए।

मौके पर मुखिया मनोज होरो, पंचायत समिति सदस्य सुनीता होरो, उप मुखिया अरविंद होरो, धनेश्वर नाग, दिनेश्वर साहू बीरेंदर साहू के अलावे सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष लाभुक भाग लिए।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## सीआइटी में इंटर्नल एसआइएच 2023 को लेकर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रॉब्लम स्टेटमेंट पर आधारित आइडियाज को दर्शाया



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** एआईसीटीई द्वारा विद्यार्थियों के इनोवेटिव आइडियाज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित किये जाने वाले स्मार्ट इंडिया हॉकथन का आगाज हो चुका है। एसआईएच 2023 का ग्रैंड फिनाले आगामी 3 से 7 नवंबर को आयोजित होगा। इसी क्रम में चरणबद्ध तरीके से एसआईएच 2023 में शामिल होने को लेकर शुक्रवार को सीआईटी में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रॉब्लम स्टेटमेंट पर आधारित आईडियाज एवं प्रोटोटाइप को दर्शाया गया। संस्थान के इंस्टिट्यूशन इनोवेशन कॉउन्सिल के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम को इंटरनल स्मार्ट इंडिया हॉकथान 2023 नाम दिया दिया गया। कॉउन्सिल के अध्यक्ष डॉ केपी दत्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने को लेकर कुल 12 टीमों ने इस ईन्टर्नल ईभेंट में अपने नाम पंजीकृत किये। इस इंटरनल हॉकथान में चुने आइडियाज को एसआईएच 2023 के लिये नॉमिनेट किया जायेगा। इस दौरान विभिन्न चरणों की प्रतियोगिता में शामिल होने के बाद ग्रैंड फिनाले में शामिल किये जाने का मार्ग प्रशस्त होगा। मालूम हो कि स्मार्ट इंडिया हॉकथान 2018 एवं 2019 में संस्थान के विद्यार्थियों ने अपने बेहतरीन आइडियाज को शामिल कर परचम लहराया था। मौके पर इनोवेशन अम्बेसडर अंकित कुमार, डॉ नैयर मुमताज, प्रो कुमार दयानन्द, कौशिक चटर्जी सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## सामुदायिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने सुधा डेयरी प्लांट धुर्वा का किया भ्रमण




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन विश्वविद्यालय के माँ कलावती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, अस्पताल एवं सुधा डेयरी रांची के सहयोग से सामुदायिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन सुधा डेयरी प्लांट सभागार में हुआ। कार्यक्रम के आयोजन में मां कलावती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के डॉ अजीत प्रसाद महतो, डॉ साजिद अंसारी, एचओडी कम्युनिटी मेडिसिन, डॉ अंशु कुमारी, डॉ चिन्नयी देवी, डॉ.माधुरी कुमारी एवं मो. मजीदुद्दीन सीईओ सुधा डेयरी रांची का अहम योगदान रहा। इस सामुदायिक भ्रमण कार्यक्रम में बीएचएमएस अंतिम वर्ष के 52 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने सामुदायिक भ्रमण कार्यक्रम तहत सुधा डेयरी प्लांट धुर्वा का भ्रमण भी किया। आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न होने पर मां कलावती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रिंसिपल डॉ. अजीत प्रसाद महतो ने वाईबीएन विश्वविद्यालय के प्रशासन समिति एवं वाईबीएन विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी को बधाई एवं शुभकामना दी।

## जामुन टोली में पंचायत स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत हहाप पंचायत के जामुन टोली में शुक्रवार को पंचायत स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, उपमुखिया, पंसस, सभी मौजा के प्रधान एवं वार्ड सदस्यों ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच बेड़ाडीह बनाम चरनाबेड़ा टीम के बीच खेला गया। जिसमें चरनाबेड़ा ने बेड़ाडीह की टीम को 1 गोल से हराते हुए उद्घाटन मैच अपने कब्जे में कर लिया। मौके पर हहाप मुखिया ने कहा कि पंचायत स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट के माध्यम से पंचायत के उभरते खिलाड़ियों की प्रतिभा देखने को मिलेगी। इस मौके पर मुख्य रूप से वार्ड सदस्य मादी टोप्पो, प्रधान आचु मुंडा, पंसस सरिता देवी, विनोद लकड़ा के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

## कुच्चू गांव में जंगली हाथी ने मचाया उत्पात



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** कुच्चू पंचायत अंतर्गत कुच्चू गांव में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती गुरुवार की रात एक जंगली हाथी ने कुच्चू गांव में जमकर उत्पात मचाया। जंगली हाथी ने गौर सिंह मुंडा के खेत में लगे धान और मकई का फसल को खाकर और पैरों से रौंद कर बर्बाद कर दिया। सूचना पाकर कुच्चू पंचायत के मुखिया सहदेव बेदिया, ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया, ग्राम प्रधान जयशंकर मुंडा आदि ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर जंगली हाथियों से हुए धान एवं मकई फसल का नुकसान का जायजा लिया और वन विभाग से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की। जंगली हाथियों से फसल नुकसान की जानकारी वनरक्षी कृष्ण कुमार महतो को दी गयी। कृष्ण कुमार महतो ने कुच्चू गांव आकर ग्रामीणों के बीच पटाखा, मशाल बनाने हेतु मोबिल, बोरा, छड़ आदि का वितरण किया। मौके पर प्रदीप मुंडा, भक्तु बेदिया, सुखलाल बेदिया, पशु नायक, गौर सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

## डाटा सर्विस सेंटर नवागढ़ में पूर्व छात्रा फगुनी हस्सा को किया गया सम्मानित



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ मुख्यमंत्री सारथी योजना द्वारा संचालित एक्सल डाटा सर्विस सेन्टर (डीडीयूकेके) नवागढ़ में सम्मान समारोह आयोजित कर पूर्व छात्रा रही फुगनी हस्सा को केन्द्र प्रबंधक अजमल सिद्दिकी के हाथों सम्मानित किया गया। विदित हो कि फुगनी हस्सा खूंटी जिला के एक निर्धन परिवार से आती है। उन्होंने इस एक्सल डाटा सर्विस सेन्टर से जेनरल ड्यूटी असिस्टेंट (जीडीए) में छह माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना कर्य प्रारंभ किया था। फुगनी हस्सा कहती है कि मैं प्रशिक्षण पूर्ण कर 2050 हेल्थ केयर में कार्य प्रारंभ किया। तब हमें उमीद नहीं थी कि हमें ऐसे प्रतिष्ठान में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। लेकिन मैं अपनी लगन के साथ इमानदारी पूर्वक कार्य करती गयी। आज हमें रिम्स रांची के आईसीयू में कार्य करने का अवसर मिला है। मैं काफी खुश हूं। साथ ही केन्द्र के शिक्षार्थियों से अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि आप सभी मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करें। इस एक्सल डाटा सर्विस सेन्टर के माध्यम से सभी को अपना भविष्य संवारने का सौभाग्य प्राप्त होगा। मैं केन्द्र के संचालक का आभार प्रकट करती हूं जो हमें इस मुकाम तक पहुंचाये। मौके पर शालिनी, शोभा, ऋषि हजाम, उपासना, अलिसा, राहुल आदि शामिल थे।

## हरिहरगंज से एक बार फिर बाइक की चोरी



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज शहर के एनएच 98 पुरानी बस स्टैंड स्थित मछली मार्किट पर लगी पैशन प्रो बाइक चोरी कर चोरों ने चोरी की घटनाओं को कायम रखा है। वहीं क्षेत्र में बाइक की लगातार चोरी की घटना से बाइक चालकों का परेशानी बढ़ती जा रही है।इस दौरान शुक्रवार को नगर क्षेत्र के खाप कटैया निवासी त्रिपुरारी राम का पैशन प्रो बीआर 26जी9735 की बाइक मछली मार्केट से चोरी कर ली गयी। इस संबंध पीड़ित त्रिपुरारी राम ने बताया कि मछली मार्केट के बाहर बाइक कड़ी कर मछली खरीदने के दौरान अज्ञात चोरों ने बाइक चोरी की है।**

# बाल बाल बचे मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कार्यक्रम के दौरान टूटा मंच

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी(पलामू)।** राज्य के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता पांकी में श्रम नियोजन और कौशल विभाग झारखंड सरकार तथा झारखंड कौशल विकाश मिशन सोसाइटी के तत्वाधान में लाभुकों से संवाद किया। इसके बाद पांकी प्रखंड के सगालिम पहुचे मंत्री ने यहां मुख्यमंत्री सारथी योजना कौशल उत्सव समारोह का दीपप्रज्जलित कर व फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान मंच पर ज्यादा भींड़ जमा हो जाने पर मंच गिर गया। लेकिन किसी को कोई नुकसान नहीं पंहुची। घटना के बाद मंत्री सत्यानंद भोक्ता दर्शक दीघा में पंहुचे, वंहा से संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड में इस तरह का केन्द्र बहुत ही सुखद है इसमें हजारो महिला का प्रशिक्षण के साथ साथ रोजगार भी मिलेगा। महिलाओं को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। बाहर जाने पर महिलाएं मानव तस्कर के शिकार हो जाती थी उसे निजात मिलेगी।



हमारी सरकार हरेक क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। युवाओं एवं युवतियों को हुनरमंद बनाकर रोजगार उपलब्ध करा रही है। मंच गिरने के सवाल पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि मंच पर अधिक भींड़ हो जाने के कारण मंच गिर गया किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।

# 4 अक्टूबर को ऐतिहासिक होगी बाबूलाल मरांडी की जनसभा : सांसद वीडी राम

**उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा के दौरान कार्यकर्ता पुर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी का जगह जगह पर भव्य स्वागत करेंगे।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** आगामी 4 अक्टूबर 2023 को हुसैनाबाद के अनुमंडल मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के होने वाले संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होगी। उक्त बातें पलामू सांसद बीडी राम ने शहर के ऋद्धि-सिद्धि होटल में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हुसैनाबाद विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्षों के साथ विचार विमर्श कर कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर है। साथ ही पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को लेकर अलग-अलग दायित्व सौंपे गये हैं। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा के दौरान कार्यकर्ता पुर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी का जगह जगह पर भव्य स्वागत करेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, प्रफुल्ल सिंह, अजय गुप्ता, अखिलेश्वर मेहता, रंजीत पासवान, श्रवण अग्रवाल, छोटू सिंह सहित कई भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# डिज्नीलैंड मेला देखकर लौट रहे दो युवक की सड़क दुर्घटना में मौत, दो गंभीर, रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद क्षेत्र के अलीनगर-कररबार मुख्य सड़क के सामूडीह गांव के वीर कुंवर मंदिर के समीप एक खडे वाहन को बाइक सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, इस घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप घायल हो गए। घटना गुरूवार की रात साढ़े सात बजे की बतायी जाती है, ग्रामीणों ने उक्त सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, चिकित्सकों ने सभी घायलों को देखते हुए झरगड़ा गांव निवासी 26 वर्षीय दिलीप कुमार रजक और पतरा कला गांव निवासी 18 वर्षीय शशि पासवान को मृत घोषित कर दिया, वहीं गंभीर रूप घायल अक्षय कुमार व सचिन कुमार सिंह की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया, बताया जाता है कि सभी युवक एक ही बाइक से जपला से डिज्नीलैंड मेला देखकर घर लौट रहे थे इसी क्रम में बाइक सवार दुर्घटना ग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौप दिया। उधर घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, भाजपा के वरीय नेता बिनोद कुमार सिंह, बिससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह समेत कई स्थानीय प्रतिनिधि व राजनीतिक दल के नेता अस्पताल पहुँचकर परिजनों को ढाढ़स बंधाया।



अस्पताल में मृतक के परिजनों से मिलते पूर्व विधायक

## शौर्य जागरण रथ यात्रा का आगमन आज: पंकज

**विश्रामपुर पलामू (आजद सिपाही)। विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित पंचमुखी मंदिर परिसर में 30 सितंबर को शौर्य जागरण रथ यात्रा का आगमन होगा। जिसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। उक्त बातें विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल ने विश्रामपुर वैदिक मंच पर प्रेसवार्ता कर पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि अयोध्या राम मंदिर में राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में 30 सितंबर दिन शनिवार को सुबह 8:30 बजे शौर्य जागरण रथ यात्रा का आगमन होगा। श्री लाल ने बताया इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधयक रामचंद्र चंद्रवंशी, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी सहित कई बड़े-बड़े संत व धर्मप्रेमी मौजूद रहेंगे। उन्होंने क्षेत्र के तमाम लोगो से भी ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया है।**

# आयुक्त ने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण, प्राचार्य की अनुपस्थिति पर जतायी नाराजगी

**कॉलेज भवन तक की जर्जर सड़क को दुरुस्त कराने और सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक इंतजाम कराने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एमएमसीएच का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आयुक्त ने कॉलेज में शैक्षणिक व्यवस्थाओं, नामांकित विद्यार्थियों, प्राध्यापकों की नियुक्ति और मेडिकल विद्यार्थियों मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं को जाना। आयुक्त ने प्राचार्य की अनुपस्थिति पर नाराजगी जतायी। उन्होंने प्रभारी प्राचार्य-सह-फिजियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अतुल प्रकाश, प्राध्यापकों और कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से कॉलेज में शैक्षणिक व्यवस्थाओं, प्रैक्टिकल, छात्र-छात्राओं को रहने के लिए हॉस्टल, कैंटिन, अन्य आवश्यक उपकरण और आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल निर्माण कार्य में गति लाकर काम पूर्ण करने का निदेश दिया। मेडिकल कॉलेज से अस्पताल की दूरी को देखते हुए छात्र-छात्राओं को अस्पताल आने-जाने हेतु एक बस की सुविधा को बढ़ाते हुए तत्काल कम-से-कम एक और बस की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। आयुक्त ने कहा कि मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज राज्य के बड़े अस्पतालों के अनुरूप है। पलामू में मेडिकल कॉलेज होना गर्व की बात है। यहां चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध होने से पलामू प्रमंडल के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को भी लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों ने आयुक्त को अवगत कराया कि उन्हें प्रैक्टिकल के लिए कैडेवर (मृत शरीर) उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे उन्हें प्रैक्टिकल करने में असुविधा होती है। प्राध्यापकों ने आयुक्त को बताया कि लावारिस मृत शरीर, जिसे प्रशासन द्वारा संस्कार कर दिया जाता हो, वैसे शरीर मेडिकल कॉलेज को उपलब्ध करा दिया जाए, तो उसे यहां सुरक्षित रखते हुए विघार्थियों को प्रैक्टिकल कराने में भी सहुलियत होगी। आयुक्त ने मेडिकल कॉलेज के परिसर को स्वच्छ बनाएं रखने के लिए नगर निगम प्रशासक को डस्टबिन उपलब्ध कराने और स्वच्छता वाहन भेजकर कॉलेज और छात्रावास परिसर से प्रतिदिन कचरे का उठाव सुनिश्चित कराने और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बलों की तनाती और पेट्रोलिंग बढ़ाने का निदेश दिया।



## प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प सभा में गांव-गांव से आयेंगे हजारों लोग : अमित



**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)। भाजपा की शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय बैठक भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई में हुई। बैठक में मंडल अध्यक्ष श्री तिवारी ने बताया कि आगामी तीन अक्टूबर को संकल्प सभा यात्रा के दौरान नीलांबर पितांबरपुर में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर संकल्प सभा की तैयारी को लेकर बैठक किया गया है।संकल्प सभा में प्रत्येक गांव से अधिक से अधिक लोग सभा में पहुंचे व प्रचार प्रसार कर संकल्प सभा को सफल बनाने हेतु निर्णय लिया गया। बैठक में बुथ स्तरीय गठित समिति की सूची का सत्यापन करने के समय में नाम,पता व मोबाइल नंबर में सुधार करने संबंधी जानकारी दी। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी अमित तिवारी ने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए बूथ को और अधिक सशक्त करने के लिए कार्यकताओं को सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते हैं उन्हीं के दम पर पार्टी की पहचान राज्य से लेकर केंद्र स्तर तक होता है। आज पार्टी कार्यकताओं के दम पर ही भाजपा आज पूरे विश्व में सबसे बड़ी पार्टी है। साथ ही कार्यकर्ताओं को बताया कि केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाएं सही तरीके से आम लोगों पहुंचे तथा इसका प्रचार प्रसार निश्चित रूप से हो ताकि केंद्र सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं आम लोगों तक पहुंच सके। बैठक मुख्य रूप उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, कमलेश पांडे, मिथिलेश शर्मा, पंचायत प्रभारी काशीनाथ विश्वकर्मा, संजय तिवारी, सुनील तिवारी, संतोष सिंह, अरुण सिंह, आनंद पासवान, विनोद उपाध्याय, सर्वेश्वर सिंह, मनोहर मेहता, संयोजक विजय साहू आदि उपस्थित थे। धनबाद ज्ञापन विजय शाह ने किया।**

# उत्तरी कोयल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की चतुर्थ वार्षिक आम सभा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के न्यू टाउन हॉल में शुक्रवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस)अंतर्गत उत्तरी कोयल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की चतुर्थ वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, सहायक समाहर्ता रवि कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की।इस अवसर पर सांसद श्री राम ने कहा कि उत्तरी कोयल कंपनी द्वारा विगत 4 वर्षों में 5 करोड़ का आय-व्यय किया गया है जो सराहनीय है। उन्होंने अपने सुझाव में बकरी पालन को बढ़ाने पर बोल दिया। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से लोगों को कम लागत पर उनके घर में ही रोजगार आसानी से मुहैया कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से लगातार एफपीओ बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।यह कंपनी ग्रामीण महिलाओं द्वारा संचालित है जो सुखद अहसास कराता है। उन्होंने पारंपरिक एवं गैर पारंपरिक तरीके से हॉर्टिकल्चर, रेशम खेती पर भी विशेष ध्यान देने पर बल दिया।





सहायक समाहर्ता रवि कुमार ने कहा कि इस समूह में 13000 महिलाएं शामिल है। उत्तरी कोयल फार्मर कंपनी की स्थापना वर्ष 2019 में हुआ था तब से कम्पनी मुर्गी, चूजा, खस्सी, लाह, उपकरण, पशुधन की दवा,लेमन ग्रास व्यापार का काम कर रही है। इस उत्पादक कंपनी में कुल 9823 शेयर धारक जुड़े हैं। फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी बनाने का सरकार का उद्देश्य लोगों की सामूहिक जिम्मेदारी और आर्थिक सशक्तिकरण है तथा हमलोग बहुत जल्द ही दस हजार एफपीओ के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। उन्होंने जोहार से जुड़ी योजनाएं, आउटपुट इनपुट के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड बैंक संगोष्ठीत जोहर परियोजना का क्रियान्वयन पलामू जिले के तीन प्रखंडो और लातेहार के चार प्रखंडो से कुल उत्पादक समूह 301 है जिसमे 9823 सदस्य है। कार्यक्रम के दौरान एफपीसी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से आय व्यय, ऑडिट रिपोर्ट,आने वाले समय में कंपनी में किये जाने वाले कार्यो को विस्तार से बताया गया। वार्षिक आमसभा में कंपनी द्वारा आपसी समझौते से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद में बीडीसी की बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों को लेकर रही गहमागहमी



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने किया। बैठक के दौरान प्रखंड प्रमुख व उपस्थित सदस्यों ने बैठक में अनुपस्थित कर्मियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त की और अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगने का प्रस्ताव पारित किया। डंडिला पंचायत में दो राशन डीलर के द्वारा कम राशन देने जाने की शिकायत संबंधित पंचायत के पंचायत समिति के द्वारा की गयी, जिस पर प्रखंड प्रमुख के द्वारा जांच के निर्देश दिये गये। देवरी खुर्द के पंसस अजीत सिंह के द्वारा लगातार कई बैठकों से बैंक से संबंधित कर्मी या पदाधिकारी का बैठक में भाग नहीं लेने का मामला उठाया जिस पर सभी सदस्यों के द्वारा इस पर सहमति जतायी गयी और अनुपस्थिति बैंक कर्मी के ऊपर उचित कार्रवाई हेतु विभाग को निर्देशित पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। साथ ही कई अन्य विभागों की समीक्षा की गयी और आवश्यक निर्देश दिये गये। मौके पर बीडीओ रतन कुमार, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, श्रवण अग्रवाल, रंजीत पासवान, उप प्रमुख इंदु देवी, चिकित्सा प्रभारी डॉ दीपक कुमार, दंगवार मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, महुदंड मुखिया मिना देवी, मनरेगा बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा, प्रखंड कॉर्डिनेटर राजू रंजन, ददिबल प्रसाद समेत कई पंसस व कई





# एशियाड के छठे दिन शूटर्स ने दिलाये दो गोल्ड

**भारत को मिले 8 मेडल, बॉक्सिंग में निखत ने ओलिंपिक कोटा भी लिया**

**पलक ने 10 मीटर एयर पिस्टल इंडीविजुअल इवेंट में 242.1 स्कोर कर गोल्ड मेडल जीता।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हांगझोउ।** 19वें एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों ने शुक्रवार को दमदार प्रदर्शन किया। चीन के हांगझोउ में चल रहे गेम्स के छठे दिन इंडियन प्लेयर्स ने 2 गोल्ड, 4 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज सहित कुल 8 मेडल जीते है। इन मेडल के सहारे ओवरऑल मेडल टैली में भारत के मेडल की संख्या 33 हो गई है। इनमें इनमें 8 गोल्ड, 12 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारत टैली में चौथे पायदान पर है। शुक्रवार को भारतीय शूटर्स ने दो गोल्ड और 3 सिल्वर के साथ दिन की शानदार शुरूआत की। इसके बाद टेनिस में रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी की जोड़ी ने सिल्वर हासिल किया। फिर स्क्वॉश में भारतीय मेंस टीम ने ब्रॉन्ज दिलाया। दिन का आखिरी मेडल शॉटपुट में आया। विमेंस शॉटपुट इवेंट में किरण बालियान ने 17.36 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे नंबर पर रह कर ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसके साथ ही भारतीय मेंस बैडमिंटन टीम ने नेपाल को 3-0 से हराते हुए 37 साल बाद एशियाड का मेडल पक्का किया। शाम को बॉक्सर निखत जरीन ने 50 वेट कैटेगरी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर एक मेडल तय कर लिया। इतना ही नहीं, निखत ने पेरिस ओलिंपिक-2024 का कोटा भी हासिल भी किया।



# ढांचाबार में असामाजिक तत्वों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को पहुंचायी आंशिक क्षति

आजाद सिपाही संवाददाता

**उंटारी रोड़ (पलामू)।** पांडू थाना अंतर्गत डालाकला पंचायत के ढांचाबार ग्राम में इसी वर्ष 20 अप्रैल को पूर्व सांसद कामेश्वर बैठक के नेतृत्व में स्थापित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा को गुरुवार की रात्रि में किसी वक्त रात के अंधेरे में शरारती तत्व के द्वारा आंशिक क्षतिग्रस्त कर दिया गया।इसकी खबर शुक्रवार सुबह मिलने के तुरंत बाद पूर्व सांसद अपने विश्रामपुर स्थित आवास से मौके पर पहुंचने के बाद इस घटना की सूचना पांडू थाना के अलावा बगल के सीमावर्ती थाना उटारी रोड को दी गयी। तनाववपूर्ण स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, इंस्पेक्टर तथा दोनों थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को स्थानीय लोगों की मदद से शांत कराया।साथ ही जल्द इस घटना में संलिप्त असामजिक तत्वों को जेल के अंदर भेजने का सार्वजनिक रूप से दलित समाज सहित अन्य स्थानीय निवासियों को ठोस आश्वासन दिया। वहीं ढांचाबार के मूल निवासी पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने दुःख जताया कि संविधान निमार्ता बाबा साहब की प्रतिमा का छेड़छाड़कर आपसी सौहार्द बिगाड़ना की साजिश की गयी है।



# अवैध नर्सिंग होम और क्लिनिक पर होगी कार्रवाई, आयुक्त ने सिविल सर्जन को दिया निर्देश

**विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में बच्ची की मौत मामले पर आयुक्त गंभीर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने अवैध नर्सिंग होम एवं क्लिनिक के संचालन पर रोक लगाते हुए संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निदेश दिया है। उन्होंने विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के एक नर्सिंग होम में इंजेक्शन देने के बाद बच्ची की मौत के मामले को गंभीरता से लिया है। इस संदर्भ में उन्होंने पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह को तत्काल इस मामले की गहन जांच कर संचालक के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई का निदेश दिया है। उन्होंने अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम और क्लिनिकों को चिन्हित कर कार्रवाई करते हुए 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निदेश दिया है। साथ ही पंजीकृत नर्सिंग होम और क्लिनिकों में तैनात चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों की शैक्षणिक स्तर एवं अनुभव की भी जांच सुनिश्चित करने, भ्रूण की लिंग जांच पर रोक लगाने का सख्त निदेश दिया। वहीं भ्रूण की लिंग जांच में संलिप्त अल्ट्रासाउंड संचालकों और संबंधित चिकित्सकों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने बिना लाइसेंस दवा दुकानों के संचालन एवं एक फॉर्मासिस्ट की डिग्री व प्रमाण पत्र पर दो या दो से अधिक दवा दुकानों के संचालन को अवैध घोषित करते हुए कानूनी कार्रवाई करने का निदेश दिया। आयुक्त ने पलामू सिविल सर्जन को निदेशित किया कि वे जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों के साथ शीघ्र बैठक कर उनसे इस बात का प्रमाण पत्र लेना सुनिश्चित करें, कि उनके क्षेत्र में एक भी अवैध नर्सिंग होम या क्लीनिक का संचालन नहीं होता है। अवैध रूप से नर्सिंग होम एवं क्लीनिक के संचालन को लेकर स्वयं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जिम्मेवार होंगे और उनके खिलाफ कार्रवाई हेतु कठोर कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के माध्यम से झोलाछाप डॉक्टरों का पता लगाने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निदेश दिया है।

# धनबाद को प्रदूषण मुक्त बनाने को लेकर ग्रामीण एकता मंच की दो दिवसीय पदयात्रा शुरू

## पहले दिन पुटकी से यात्रा पहुंची रणधीर वर्मा चौक, यात्रा में दो दर्जन से अधिक लोग हैं शामिल

**लगभग 12 किलोमीटर तक पैदल चलकर दो दर्जन से अधिक लोग जिला मुख्यालय रणधीर वर्मा चौक पहुंचे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** पुटकी के रणजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण एकता मंच के बैनर तले धनबाद को प्रदूषण मुक्त और अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने को जागरूकता को लेकर दो दिवसीय पदयात्रा की शुरूआत शुक्रवार को पुटकी गोपालीचक दो न. से हुई। लगभग 12 किलोमीटर तक पैदल चलकर दो दर्जन से अधिक लोग जिला मुख्यालय रणधीर वर्मा चौक पहुंचे। यहां सभी ने शहीद रणधीर वर्मा की की समाधि पर पुष्प अर्पित किया और फिर धरने पर बैठ गए। यहां रात गुजारने के बाद शनिवार की सुबह यात्रा का फिर से प्रारंभ होगा और यह यात्रा बैंक मोड़, धनसार, झरिया होते हुए जोड़ापोखर स्थित शहीद शशिकांत पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाप्त होगी। ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह ने बताया की बीसीसीएल क्षेत्र में आउटसोर्सिंग कंपनियों के द्वारा मनमाने ढंग से किये जा रहे उत्खनन कार्य एवं अवैध रूप से वृहद पैमाने पर वृक्षों की कटाई करने का कारण उत्पन्न भयानक प्रदूषण को रोकने की मांग और इस गंभीर समस्या पर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंच द्वारा यह पदयात्रा शुरू की गई है। पदयात्रा कार्यक्रम में हर वर्ग समाज के लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। पदयात्रा में शामिल अन्य लोगों ने बताया कि बीसीसीएल, टाटा, आईआईटी आईएसएम के धनबाद में रहते स्वच्छता के दृष्टिकोण से बहुत ही पिछड़ा हुआ है। पर्यावरण संरक्षण के लिए इस अभियान में सभी को साथ देने का संकल्प लेने की जरूरत है। और सभी धनबादवासियों को पर्यावरण के संतुलन के लिए यह लड़ाई लड़ना है। पदयात्रा में अजय पासवान, सुभाष पासवान, क्रांति मिश्रा, रंजन सिंह, दिलीप सिंह, उत्कल झा, अवध झा, अनिल शर्मा, राजेश भारती समेत अनेक छात्र-छात्राएं एवं क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमी मौजूद हैं।

## तेतुलमारी में नये थाना प्रभारी का स्वागत



**कतरास।** तेतुलमारी नागरिक समिति के संरक्षक मृत्युंजय सिंह के नेतृत्व में स्थानीय लोगो ने शुक्रवार को तेतुलमारी के नए थाना प्रभारी रौशन कुमार की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मौके पर मृत्युंजय सिंह ने कहा कि हम सब स्थानीय निवासी आशा करते है कि नए थाना प्रभारी क्षेत्र को अपराध मुक्त करेंगे। तेतुलमारी की जनता रामराज स्थापित करने के लिए उनका पूरा सहयोग करेगी। वही थाना प्रभारी ने भी कहा कि स्थानीय लोगो की आशा पर हम खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे और क्षेत्र को भयमुक्त बना कर रखेंगे।मौके पर हेमंत सिंह, इमरान खान, धनंजय सिंह, बिट्टू कुमार, सहदेव महथा, रवि मिश्र, संतोष प्रजापति, पिंटू शर्मा, मनोज प्रधान, दीपक चौहान, अजय पांडेय, विजय पांडेय, भोला सिंह, कामता चौहान आदि मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका ने की बैठक



**कतरास।** मानदेय में केंद्रांश की बढ़ोतरी और समय पर भुगतान की मांग को लेकर आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका चार अक्तूबर को दिल्ली में महाधरना देगी। इसको लेकर आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के मुख्य संरक्षक अशोक सिंह नयन ने बताया कि सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 65 वर्ष करने, ग्रेच्युटी की स्वीकृति, सेवानिवृत्ति के बाद पूर्ण पेंशन, सेविका-सहायिका को मानदेय के स्थान पर वेतनमान की स्वीकृति देने की मांग को लेकर यह महाधरना दिया जायेगा। उन्होंने ने बताया कि अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के आह्वान पर पूरे देश से सेविका-सहायिका उक्त तिथि को दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहुंच धरना को सफल करेंगी और केंद्र सरकार की कर्मचारी विरोधी नीति के विरोध में अपना आक्रोश जतायेंगी। महाधरना में ज्यादा से ज्यादा संघ के सदस्यों की उपस्तिथि हो इस लिए बैठक कर रहे हैं। मौके पर पार्वती देवी, बॉबी देवी, मीरा देवी, रुक्मणि देवी, लक्ष्मी देवी, सुमन देवी, सुभद्रा देवी, बिना देवी, सारथी देवी, रेणु देवी, मोनिका देवी, लोली देवी बिदया देवी, कोशमी देवी, संजू देवी आदि मौजूद थे।

## ऑटो को मारी टक्कर, तीन घायल

**धनसार।** झरिया धनबाद मुख्य मार्ग पर माइंस रेस्क्यू स्टेशन के समीप शुक्रवार को धनबाद से झरिया जा रही सवारी टेंपो को एक अज्ञात 407 वाहन ने धक्का मार दिया। सवारी टेंपो संख्या जेएच 10बीजे/7870 पर सवार तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना में टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में सभी घायल को धनबाद स्थित निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। स्थानीय लोगों का कहना था कि सवारी टेंपो की पीछे से तेज रफ्तार 407 वाहन टेंपो को ओवरटेक करने के दौरान धक्का मार दिया। सवारी टेंपो को धक्का मारने के बाद उक्त 407 वाहन कुछ दुर जाकर बस्ताकोला पेट्रोल पंप के समीप से वापस धनबाद के दिशा की ओर निकल गया। वहीं घटना मे सड़क के किनारे घर वापस आ रहे हैं शिक्षक अविनाश कुमार भी धक्का लगने के बाद अनियंत्रित टेंपो के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची झरिया थाना पुलिस ने सवारी टेंपो को जब्त लिया है। धक्का मार कर फरार हुए 407 वाहन के तलाश में जुटी गयी है।

## हाथी ने कई किसानों की फसलों को किया नष्ट



**चतरोचट्टी।** गोमिया प्रखंड के अंतर्गत चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के हुरलुंग पंचायत के जरीया में देर रात तक कई किसानों की फसलों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। वहीं ग्रामीण नुनु महतो ने बताया कि हम सभी खाना खाकर सो गए थे जिसमें सात बजे रात को मेरे बारी में लगे हुए तार से घेरा हुवा चहारदिवारी और मकई का फसल को पूरी तरह से चौपट कर दिया और भोला महतो के बारी में मक्के का फसल को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया और अन्य किसान की धान फसल को भी खा गया है फसल क्षतिग्रस्त होने की वजह से ग्रामीण किसान वन विभाग से मुआवजे की मांग की गुहार लगा रही है । वहीं वन विभाग के वनरक्षी विकास कुमार ने बताया कि क्षतिग्रस्त किसानों की फसलों को जायजा ले लिया गया जिसमें से उचित मुआवजा के लिए अविलंब आगे तक कार्रवाई करते हुये जल्द ही मुआवजा दिया जायेगा।

## झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने की बैठक

**धनबाद।** शुक्रवार को झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का एक बैठक लुबी सर्कुलर रोड हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कल्याण भट्टाचार्य ने किया एवं संचालन राणा चट्टराज ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि धनबाद के पूर्व सांसद स्वर्गीय ए के राय का प्रतिमा धनबाद जिला प्रशासन की ओर से अभी तक नहीं लगाया गया यह धनबाद के लिए दुर्भाग्य है, जिस व्यक्ति ने हमेशा निस्वार्थ सिद्धांत वादी राजनीति किया है। मजदूर किसान का भलाई के लिए अपना ऐश ओ आराम की जिंदगी छोड़कर हमेशा मजदूर किसान का हक और अधिकार के लिए संघर्ष करते रहे। राय दा सिंदरी फर्टिलाइजर कंपनी में फर्स्ट क्लास अधिकारी के तौर पर कार्यरत थे पर मजदूर और किसानों के ऊपर हो रहे शोषण एवं अत्याचार देख उन्होंने नौकरी छोड़ दी और आंदोलन में कूद पड़े। जिंदगी भर वे खपड़ैल मकान में रहे, जमीन में चटाई बिछा कर सोते थे, सुख सुविधा से कोसों दूर रहें, सिंदरी विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक और धनबाद लोकसभा क्षेत्र से तीन बार सांसद बने, अपना पेंशन तक राष्ट्रपति कोष में दे दिया, बावजूद अभी तक उन्हें झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन की ओर से कोई सम्मान नहीं मिला,समिति की ओर से वर्तमान झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन से यह मांग की गई कि अविलंब धनबाद के किसी चौक पर स्व ए के राय का प्रतिमा स्थापित किया जाए। बैठक में मुख्य रूप से बेंगू ठाकुर, सम्राट चौधरी, सुशोवन चक्रवर्ती, सुरजीत चंद्रा, रणा गांगुली, बिस्वदीप चक्रवर्ती, सुधांशु नायक, परिमल पाल आदि लोग शामिल थे।

## बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी पर लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गिरा

**फुसरो(बेरमो)।** बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गिर गया है। बेरमो अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट में अविश्वास प्रस्ताव के वार्ता को लेकर हुई बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में कोई भी पंचायत समिति सदस्य नहीं पहुंचे। इस पर एसडीएम शैलेश कुमार ने अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त कर दिया। कहा कि बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी के विरुद्ध जिन पंचायत समिति सदस्यों ने विश्वास प्रस्ताव लाया उनके सहित अन्य पंचायत के सदस्य बैठक में नहीं पहुंचे। इसलिए अविश्वास प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया। इसलिए पूर्व की तरह ही प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी अपने पद पर आसीन रहेगी। विदित हो कि 16 सितंबर को गिरिजा देवी के विरुद्ध बेरमो दक्षिणी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रूमा देवी के नेतृत्व में पांच पंचायत समिति सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी को दिया था। आधार लगाया था कि प्रखंड कार्यालय में ससमय मासिक बैठक नहीं किया जाता है। मासिक बैठक में समस्याओं का समाधान न करना तथा प्रमुख द्वारा मनमानी करने की बात कही थी। इस पर प्रमुख गिरिजा देवी ने कही थी कि अविश्वास प्रस्ताव में जो भी आधार दिए गए हैं।

## एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों का चयन एसजीएफआइ राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** एसजीएफआई राजकीय खुली चयन प्रतियोगिता जो खेलो झारखंड के अंतर्गत खेल गांव रांची में 26 से लेकर 28 सितंबर तक एसजीएफआई और झारखंड सरकार द्वारा आयोजित की गयी। जिसमें एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल बोकारो से जूडो और बास्केटबॉल में बच्चों ने हिस्सा लिया इस एसजीएफआई खुली चयन प्रतियोगिता में जूडो से 17 और बास्केटबॉल से दो बच्चों का सिलेक्शन झारखंड एसजीएफआई द्वारा किया गया यह बच्चे एसजीएफआई के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड से प्रतिनिधित्व करेंगे जिनके नाम है। जूडो के अंडर 14 बालिका वर्ग प्रियदर्शनी सिंह 43 केजी, स्पर्श राज 55 केजी, अनन्या कुमारी 59 केजी, **बालक वर्ग में :** सत्यम केसरी 30 केजी, सहवाज 45 केजी, सिद्धार्थ सिंह 50केजी, अर्पित टोप्पो 60 केजी, रित्विक वर्मा 73 केजी। **अंडर 17 बालक वर्ग में :** अर्जन खान 45केजी, शशांक शौर्य 50 केजी, राजवीर सिंह 55केजी, जयंत कुमार 60केजी, ऋषिकांत कुमार 73 केजी, **बालिका वर्ग में :** आयुषी सिंह 44केजी, **अंडर 19 बालिका वर्ग में :** अदिति सिंह 52केजी, साक्षी श्रीवास्तव 56केजी, **बालक वर्ग में :** आयुष राज पाठक 60 केजी, **बास्केटबॉल अंडर 17 बालक वर्ग में :** निखिल राज **अंडर-19 वर्ग में :** आकाश कुमार सिंह, बच्चों के इस स्वर्णिम सफलता में स्कूल के प्राचार्य श्री रेजी सी वर्गिस ने बच्चों और उनके प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चे जितना मेहनत करेंगे उतना उनका परिणाम निकलकर सामने आएगा वही स्कूल के उप प्राचार्य राखी बनर्जी ने बच्चों को अपनी शुभकामनाएं भेंट की वही स्कूल के वरिष्ठ खेल शिक्षकों में ओमप्रकाश तिवारी, राजेश्वर सिंह, मीनाक्षी कुमारी तथा अन्य खेल प्रशिक्षकों में वंदना कुमारी, राजीव कुमार सिंह, सौरभ कुमार ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सेंट मैथ्यू स्कूल में विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुआटांड़।** राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ललपानिया के सेंट मैथ्यू स्कूल में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए कहा कि स्वच्छता मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। एक ओर स्वच्छता हमें स्वस्थ रखने में मदद करता है तो वही यह हमारे समाज के लिए आकर्षण का केंद्र भी होता है। प्रत्येक वर्ष विश्व स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ गांव पुरस्कार एवं स्वस्थ शहर का चुनाव स्वच्छता विभाग द्वारा किया जाता है। जबकि इस वर्ष 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कचरा मुक्त भारत कार्यक्रम भारत सरकार एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से चलाया जा रहा है। अगर भारत का प्रत्येक नागरिक स्वच्छता के महत्व को समझ ले तो जल्द से जल्द हमारा देश स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकता है। इतिहास में विभिन्न महापुरुषों ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला है और नागरिकों से अपने आप पास के इलाके को स्वच्छ रखने का आवाहन भी किया था।आज का आधुनिक समय में अनेक प्रकार की बीमारियां फैल रही है अभी तत्काल में ही देखा जा सकता है कि झारखंड डेंगू एवं मलेरिया की चपेट में आ चुका है। यहां प्रत्येक दिन डेंगू मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है अगर हमअपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे तो हम सभी इन बीमारियों से बच सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित सैकड़ो विद्यार्थी मौजूद रहे।

## नि:शुल्क मेडिकल जांच कैंप लगा

**करगली(बेरमो)।** सीसीएल सीएसआर के मद से केंद्रीय अस्पताल ढोरी के द्वारा फुसरो नगर परिषद के अमलो बस्ती में मेडिकल कैंप लगाया गया। यहां पर डॉक्टर रोहित शर्मा ने लगभग 84 मरीजों का इलाज किया एवं नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सह विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर ने बताया कि गांवों में स्वास्थ्य को लेकर लोग गंभीर तो रहतें हैं लेकिन बीपी शुगर का रुटीन जाँच बहुत कम करा पाते है। ऐसे में सीसीएल ढोरी के केंद्रीय अस्पताल के द्वारा गाँवों में मेडिकल कैम्प लगाने से बहुत लोगों को फायदा हुआ है। इससे समय पर इलाज भी हो जायेगा। वर्तमान में सभी बिमारियों का इलाज संभव है। इसकारण हमे जागरूक होकर परस्पर जाँच करवाना चाहिए। मौके पर फर्मासिस्ट चंद्रकांत, मीना देवी, दीपक कुमार, कौशल सिंह, अशोक पांडेय, गीता देवी, राजिना खातुन इत्यादि उपस्थित थें।



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग

सर्वसाधारण के लिये सूचना ।



गिददी थाना दैनिकी प्रविष्टी सं0–09/2023, दि0–16.03.2023 के आलोक में गुमशुदा महिला–सविता देवी एवं साथ में पाँच वर्ष का बच्चा (जीवन कुमार) पति–श्रीराम गंझू, सा0–कुर्रा, पोस्ट–चैनपुर, थाना–गिददी, जिला– हजारीबाग दिनांक–02.03.2023 को समय करीब 02:30 बजे से लापता हो गयी है काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। हुलिया:–उम्र–करीब 26 वर्ष, लम्बाई–05'02", रंग–सावंला, पतली–दुबली, पहनावा–साडी पहनी हुई है।

इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी गिददी/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नाकिंत फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

**सम्पर्क सूत्र:–**

अनु0पु0पदा0 बड़कागांव, हजारीबाग :– 9430113311

थाना प्रभारी गिददी, हजारीबाग :– 7004355083

पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग।

PR.NO.308008 Police(23-24):D





**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI**
NirupanBhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi-834002

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**
Letter of Invitation (LOI) No.-40/2023-24
2nd Call

e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/40/2023-24 Date:-27.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **Name Of Work** | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Construction of (A) Tutki on Silli Tikar Road (MDR-25) to Harihar Mela upto Swarnrekha River via Koncho Road (Tentative Length- 4.5 Km) (B)Muri to Delbera Mandir Road (Tentative Length-2.5 Km) (C) Barenda on Silli Tikar Road (MDR-25) to Satighat Mela upto Swarnrekha River Road (Tentative Length-2.5 Km) (D) Adaramhatu to Banku Road (Tentative Length-7.5 Km) including replacement/construction of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under District Ranchi in the State of Jharkhand. ***Only Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to bid.** |
| 2 | **Period of Completion of Work** | 60 Days |
| 3 | **Tentative Length** | 17 Km |
| 4 | **Cost of Tender documents** | Demand Draft/Banker Cheque of any Scheduled Bank (non-refundable fee) of Rs 5,000/- (Five Thousand) only. EMD:- 2 % of the quoted amount (Net of GST) in the form of current issue of NSC, Fixed Deposits of a Scheduled Bank (all the above mentioned form of Security deposits money issued within the State of Jharkhand) and Bank Guarantee issued by any Scheduled bank anywhere in India duly pledge in favour of Executive Engineer, Planning& Investigation Division, Road Construction Department, Ranchi for a period of 45 days beyond the validity of Bid. |
| 5 | **Mode of Bid Submission** | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | **Date/Time of Publication of Tender on Website** | 03.10.2023,10:30 AM |
| 7 | **Online Last Date/Time of Bid Submission** | 10.10.2023 12:00 Noon |
| 8 | **Last Date/Time of Submission of Hard Copy of Tender Fee & EMD** | 11.10.2023 12:00 Noon |
| 9 | **Date and Time of Bid opening** | 11.10.2023 12:30 PM |
| 10 | **Bid validity** | 120 days |
| 11 | **Bid Submission Address** | Chief Engineer(Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | **Designation and Contact no. of Tender inviting Officer** | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi, Mob No.-8083039058 |
| 13 | **Previous PR No. :-** | 306433 Road (23-24)_D |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

PR 307976 Road(23-24)D



# विश्व हृदय रोग दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर- 6 में विश्व हृदय रोग दिवस पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में बोकारो जेनरल अस्पताल के पूर्व हृदय रोग विशेषज्ञ सह वेलमार्क हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर सतीश कुमार, आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार सिंह, पूर्व सचिव हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर निरंजन कुमार व विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विश्व हृदय दिवस पर डॉ सतीश कुमार ने स्वस्थ रहने के उपाय बताएं। उन्होंने कहा कि सतर्कता आवश्यक है। धूम्रपान का सेवन, नशापान, खान-पान पर विशेष ध्यान रखना होगा। अपने निश्चित समय से प्रतिदिन आसन योगा व मेडिटेशन आदि के माध्यम से मन को स्वस्थ रखना पड़ेगा। डॉक्टर निरंजन कुमार ने कहा स्वस्थ रहने के बाद ही मनुष्य अपनी कार्य शैली में दक्षता प्राप्त कर सकता है। डॉ रणधीर कुमार ने कहा अपने जीवन शैली व दिनचर्या में बदलाव लावे खानपान पर विशेष ध्यान रखें। विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं पूर्ण स्वस्थ रहें। जिससे छात्रों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। खान-पान पर विशेष ध्यान रखें अपनी अनुशासन के साथ जीवन शैली में बदलाव लावे। विभिन्न नशीली वस्तुओं के परहेज से दूर रहे तभी पूर्णतः स्वस्थ रह सकते हैं। कहा गया है शरीर मादयम खलु धर्म साधनम। हम सभी लोगों को जागरुक होकर अपने स्वास्थ्य की रक्षा करना परमावश्यक है। इस हृदय रोग दिवस के अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को सतर्कता व सजगता रहने की सलाह दी गई है। शिक्षक तनाव में न रहे सदैव अपनी जिंदगी को आनंद से जिए। इस कार्यक्रम में विद्यालय के नागेंद्र प्रसाद, प्रशांत कुमार, कुमार समरेश, अखिलेश कुमार, सुनीता कुमारी, किरण सिंह, आभा कुमारी, रूबी यादव, सरोज कुमारी, भावना घाले, आराधना, रूपा, नीलम झा, बाल शेखर झा, सोनिया, पुतुल मंडल व श्याम भूषण श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन नेहा कुमारी ने किया।



## कार्यालय गुमला नगर परिषद, गुमला

आवश्यक–सूचना

एतद द्वारा सभी को निम्न के संबंध में सूचित किया जाता है कि :–

1. नगर परिषद, गुमला क्षेत्रान्तर्गत व्यवसायिक कार्य हेतु अधिष्ठापित होर्डिंग्स के मालिक जिन्होंने अबतक नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत निर्धारित शुल्क का भुगतान नहीं किया है एवं होर्डिंग्स लगाने की स्वीकृति प्राप्त नहीं की है। वे अपने शुल्क का भुगतान ससमय नगर परिषद, कार्यालय में करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा जाँच के क्रम में पकड़े जाने पर नगरपालिका अधिनियम 2011 के सुसंगत धारा के तहत कार्रवाई की जायेगी।
2. नगर परिषद, गुमला क्षेत्रान्तर्गत डीप बोरिंग कराना पूरी तरह से बैन है। डीप बोरिंग करते या कराते हुए पकड़े जाने पर वाहन मालिक एवं बोरिंग कराने वाले व्यक्ति दोनों के विरूद्ध नगरपालिका अधिनियम 2011 के सुसंगत धाराओं के तहत दण्ड वसूलते हुए आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। साथ ही वैसे लोग जो छोटा बोरिंग कराना चाहते है वे निर्धारित शुल्क नगर परिषद कार्यालय में आकर जमा करने के पश्चात् ही बोरिंग का कार्य करायेंगे। साथ ही संबंधित बोरिंग के मालिक जिन्होंने अपने वाहन का निबंधन नगर परिषद कार्यालय में नहीं कराया है। वे अपने वाहन का निबंधन निर्धारित शुल्क जमा करते हुए करा लें। अन्यथा पकड़े जाने पर वाहन जब्त करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

प्रशासक,
गुमला नगर परिषद, गुमला।

PR 308019 District(23-24)D

## राजभाषा पखवाड़ा समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

# देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी हिंदी के प्रति रुझान बढ़ा है : केशव

**आजाद सिपाही संवाददाता**


**भूवनेश्वर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय संबलपुर में केशव राव, निदेशक (कार्मिक) की अध्यक्षता में आयोजित राजभाषा पखवाड़ा-2023 का समापन और पुरस्कार वितरण







समारोह संपन्न हुआ। इस समारोह में पी के पटेल, मुख्य सतर्कता अधिकारी, जुगल कुमार बोरा, निदेशक (तकनीकी/संचालन) तथा अजीत कुमार बेहुरा, निदेशक (वित्त) एमसीएल, जागृति महिला मण्डल की उपाध्यक्षाएं सरिता पटेल और रश्मि बेहुरा सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मंगलदीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अध्यक्षीय संबोधन में राव ने कहा कि राजभाषा पखवाड़ा मनाने का मुख्य उद्देश्य, कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाना है। इसी संदर्भ में कंपनी में विगत दो-तीन वर्षों और खासकर पिछले वर्ष से कार्मिकों द्वारा राजभाषा के प्रयोग में वृद्धि हुई है, जो पखवाड़े के दौरान आयोजित कई प्रतियोगिताओं में साफ झलकता है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि विश्व मंच में हिन्दी के साथ अन्य भारतीय भाषाएं विशेषतः पंजाबी का वर्चस्व भी बढ़ रहा है। देश को मूलतः तीन स्तर पर एकसूत्र में बांधा जा सकता है, भावनात्मक स्तर पर, खान-पान के स्तर पर तथा भाषायी स्तर पर। इसमें भाषा के स्तर पर बांधने में राजभाषा हिन्दी का योगदान उल्लेखनीय है। कृष्ण मुरारी प्रसाद, महाप्रबंधक (राजभाषा) ने वहां उपस्थित अतिथियों/प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि राजभाषा पखवाड़ा के दौरान कई प्रतियोगिताओं में बहुसंख्यक अधिकारी/कर्मचारीगण शामिल हुए हैं इससे साबित होता है कि लोगों में हिंदी के प्रति लगाव बढ़ा है। कार्यक्रम में राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित कई प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों, स्कूली बच्चों और गृहिणियों को प्रमाण-पत्र, एमसीएल राजभाषा कार्यान्वयन पुरस्कार, 2022-23 के लिए चयनित क्षेत्रीय कार्यालयों और मुख्यालय के विभागों को अध्यक्ष महोदय तथा निदेशकगण द्वारा स्मृतिचिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इसी दौरान वर्ष भर में मूल रूप से हिन्दी में पत्राचार में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और योगदान के लिए कार्मिकों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिनेश कुमार माली, महाप्रबंधक (खनन) कनिहा क्षेत्र, एमसीएल द्वारा पद्मश्री हलधर नाग की संबलपुरी कोशली में कृष्ण चरित्र पर आधारित महाकाव्य की हिन्दी भाषा में अनुवादित पुस्तक प्रेम पहचान का विमोचन निदेशक मंडल और जागृति महिला मंडल की उपाध्यक्षगण द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अखिल भारतीय कवि सम्मेलन रहा, जिसमें सुविख्यात कविगण कर्नल वी पी सिंह(पुणे), गौरव शर्मा(मुंबई) तथा नयी दिल्ली से पधारे डॉ॰ सरिता शर्मा, सुदीप भोला और उपेंद्र पाण्डेय ने अपनी लाजवाब प्रस्तुति दी, जिसकी श्रोताओं ने भूरी भूरी सराहना की और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हॉल गूंज उठा। उक्त कार्यक्रम का संचालन राजभाषा विभाग द्वारा किया गया। कई विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी और कर्मचारीगण बहुसंख्या में उपस्थित रहे।
















## रत्न भंडार की सुरक्षा से संबंधित मामलों पर हाइकोर्ट ने सरकार को हाइ पावर कमेटी बनाने का निर्देश दिया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भूवनेश्वर कटक।** रत्न भंडार की सुरक्षा से संबंधित मामला। इस मामले में हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है। हालांकि, हाई कोर्ट ने इसके लिए हाई पावर कमेटी बनाने को कहा है। इस कमेटी का गठन 2 माह के अंदर करने के निर्देश जारी किये गये हैं। हाई पावर कमेटी अंतिम निर्णय लेगी। यह कमेटी रत्न भंडार खोलने पर निर्णय लेगी। भाजपा नेता समीर महांति ने रत्न भंडार खोलने के लिए मामला दर्ज कराया था। हालांकि, पिछली 26 तारीख को सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला संरक्षित रखे थे। हाईकोर्ट में लंबित बहुचर्चित और बहुप्रतीक्षित श्रीमंदिर रत्न भंडार मामले का फैसला शुक्रवार को सुनाया जायेगा। हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शुभाशीश तालपत्र और न्यायमूर्ति सावित्री रथ की उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने पहले का फैसला संरक्षित रख लिया था। इसलिए, रत्न भंडार को खोलना है या नहीं, इसकी मरम्मत करनी है या नहीं और रत्नों की गिनती करना है या नहीं, इसके बारे में लंबे समय से चली आ रही बहस और जवाबी आरोप हल होने की उम्मीद है। पिछले 26वें दिन हाईकोर्ट में विभिन्न पक्षों की ओर से इस बात को लेकर मजबूत दलीलें पेश की गयी कि रत्न भंडार की मरम्मत कराई जाए या नहीं और उसमें मौजूद आभूषणों की गिनती की जाए या नहीं उनके संबंध में उच्च न्यायालय में कई पक्षों द्वारा दृढ़ युक्ति उपस्थापना दी गयी।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-खुली निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **ई-निविदा संख्या : Gem/2023/B/4014099, dated : 26.09.2023, क्र.सं. 1 कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि :** धनबाद मंडल के चोपन, शक्तिनगर, सिंगरौली और रेनुकूट, बरवाडीह रनिंग रूमों की विभिन्न गतिविधियों (जिसमें हाउसकीपिंग, मेसिंग, कपड़ा धुलाई, बागवानी एवं रहने वाले इच्छुक क्रू को सब्सिडाईज्ड भोजन उपलब्ध कराना शामिल हैं) की 03 वर्ष (1095 दिन) के लिए आउटसोर्सिंग। कार्य समापन की अवधि– 03 वर्ष (1095 दिन)।, **क्र.सं. 2 कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रु. 6,57,24,139/–, **क्र.सं. 3 अग्रधन राशि :** रु. 4,78,700/–, **क्र.सं. 4 ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा का बंद होना : 17.10.2023 को 19:00 बजे।, ई–निविदा का खुलना : 17.10.2023 को 19:30 बजे। **क्र.सं. 5 वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट : **https://gem.gov.in** **विशेष :** ई–निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएँगें।

**मं.रे.प्र. (वि./परि.), पू.म.रेल, धनबाद**

पीआर/01272/डीएचएन/ईओपीएन/टी/23-24/32



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है **(1) ई–निविदा सं०:** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन– 38–23–24– दो पैकेट सिस्टम, **कार्य का नाम:** उप मुख्य अभियन्ता (नि.)/पूमरे/बरकाकाना के अधिकार क्षेत्र में धनबाद डिवीजन के पतरातू–टोकीसुद स्टेशन के बीच रेल ओवर रेल (आरओआर) परियोजना के निर्माण के लिए रेलवे के विनिर्देशों और मानकों के अनुसार समग्र कार्य (सिविल और इलेक्ट्रिकल) जिसमें मिट्टी का काम कटिंग, फिलिंग, ब्लेकेटिंग, टर्फिंग, (1x76.2 मीटर ओडब्ल्यूजी) के प्रमुख पुल (आरओआर) आरसीसी और पीएससी छोटे पुलों का निर्माण, सीमित ऊंचाई वाले सब–वे, ऊंचाई गेज, रिटेनिंग दीवार, नाली, एस एंड टी भवन, जल आपूर्ति व्यवस्था, पहुंच मार्ग, विभिन्न बोर्ड, भूमि सीमा स्तंभों, पुल निरीक्षण कदमों की आपूर्ति और फिक्सिग और सिविल इंजीनियरिंग कार्य के लिए अन्य संबंधित कार्य और विद्युतीकरण के संबंध में 2x25 केवी ओएचई प्रणाली में आपूर्ति स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग और विद्युत सामान्य कार्य और इन दोनों स्टेशनों के प्रस्तावित संरेखण और किसी अन्य स्थान पर आने वाली विभिन्न ओवरहेड साइनें बेबी 33 केवी एच.टी. एवं 11 एल टी विधुत उल्लंघनों को हटाने/संशोधन के साथ का काम **अंकलित मूल्य (रू):** 86,19,66,082.98, **बोली प्रतिभूति (रू):** 44,59, 800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 18 महीने। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय 17.10.2023, 15:30 बजे। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नही किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्दिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण**
**पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना।**

पीआर/01290/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/23–24/56





## राष्ट्रीय स्तर पर छठे और ओड़िशा में नंबर एक स्थान पर है कीट

**आजाद सिपाही सवांददाता**

**भुवनेश्वर।** टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में कीट विश्वविद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर छठे स्थान पर है। हर साल की तरह इस साल भी टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग प्रकाशित हुई है। हर साल की तरह इस साल भी कीट विश्वविद्यालय इस रैंक में विश्व और वैश्विक स्तर पर अपना स्थान बनाए हुए है। गुरुवार को प्रकाशित हुआ टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग - 2024 मैं, कीट ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले साल की तुलना में इस साल कीट विश्वविद्यालय के स्कोर में काफी सुधार देखा गया है और स्कोर में बढ़ोतरी भी हुई है। इस वर्ष कीट विश्वविद्यालय 601 रैंको के साथ राष्ट्रीय स्तर पर 91 संस्थानों में 6वें स्थान पर है और ओड़िशा में प्रथम




होने का सम्मान अर्जित किया है। इस रैंक को टाइम्स हायर एजुकेशन ने दुनिया के कई विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक माहौल, अनुसंधान, नवाचार, अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण और उद्योग आय के आधार पर तैयार किया है। टाइम्स हायर एजुकेशन इस रैंक को दुनिया के सभी विश्वविद्यालयों के लिए तैयार करता है। पिछले साल से बेहतर प्रदर्शन कर कीट को इस साल देश के पूर्वी और ओडिशा विश्वविद्यालयों में पहला स्थान मिला है। जबकि कीट एक अपेक्षाकृत युवा विश्वविद्यालय है। कई शिक्षाविदों ने दुनिया के सबसे स्थापित और पुराने विश्वविद्यालयों के बराबर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कीट और कीस के संस्थापक अच्युत सामंत जी की प्रशंसा की है। सामंत की दूरदर्शिता के कारण, यह ओड़िशा विश्वविद्यालय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों के बराबर बन गया है और स्थापित और पुराने विश्वविद्यालयों से आगे निकल गया है। इस अवसर पर श्री सामंत जी ने कहा कि, यह कीट विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों के संयुक्त प्रयासों से संभव हुआ है।




| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !







## राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन



**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल में राजभाषा पखवाड़ा–2023 मनाया। राजभाषा पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों के बीच हिंदी भाषा और हिंदी भाषा के व्यापक उपयोग के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इस अवसर पर रेलवे कर्मचारियों के बीच निबंध लेखन, टिप्पण और प्रारूप लेखन, वाक–भाषण, अनुवाद आदि कई प्रतियोगिताओं का आयोजन।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**